सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 5:13
अधिकतम तापमान : 26.4
न्यूनतम : 10.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-164 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 04 दिसम्बर 2025
12 जमादीउस्सानी 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# पीएम ने सांसदों को दिया मोदी मंत्र

■ ममता सरकार को काउंटर करें, पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीतना है



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों को साफ संदेश देते हुए कहा है कि वे तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ लड़ाई जारी रखें और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री ने सांसदों को राज्य की स्थिति पर आक्रामक रुख अपनाने और लोकतंत्र को बचाने के नाम पर जनता के बीच और मजबूती से उतरने को कहा।

नई दिल्ली में बुधवार को पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसदों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। बैठक में मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगन मुर्मू भी मौजूद रहे, जिन पर अक्टूबर में भीड़ ने हमला किया था। प्रधानमंत्री ने उनकी कुशलक्षेम पूछी और बाकी सांसदों से कहा कि उन्हें राज्य की तृणमूल सरकार का मजबूती से मुकाबला करना होगा ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाया जा सके। भाजपा नेताओं के अनुसार, मोदी ने साफ कहा कि चुनाव जीतना है और जीतेंगे।

बैठक के बाद पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पार्टी नेताओं को कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर किया जाए और जनता के बीच लगातार पहुंच बनाकर रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पार्टी को पूरी ताकत झोंकने के निर्देश दिए हैं ताकि अगले साल टीएमसी सरकार को सत्ता से बाहर किया जा सके। मजूमदार ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र बचाने की इस लड़ाई को और तेज करेगी।

**काम और समर्पण की सराहना :** दार्जिलिंग से भाजपा सांसद राजू बिस्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनता के बीच उनकी सक्रियता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मोदी ने कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा के साथ जनसंपर्क अभियान चलाने और प्रत्येक नागरिक तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया है। बिस्ता के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़े रहे हैं और यह उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

भाजपा पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में अभी से पूरी तरह जुट चुकी है। बिहार में भाजपा-जदयू गठबंधन की बड़ी जीत के बाद पार्टी का उत्साह बढ़ा है और केंद्र नेतृत्व चाहता है कि उसका असर बंगाल में भी दिखे। बैठक को इसी रणनीतिक तैयारी का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें सांसदों को चुनावी माहौल और टीएमसी सरकार के खिलाफ मजबूत अभियान चलाने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।

### एसआईआर के विरोध में हैं सीएम ममता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की पार्टी त्रिणमूल कांग्रेस एसआईआर की विरोधी रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री की बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि राज्य में अगले विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। इस बीच, संसद में पश्चिम बंगाल को लेकर चर्चा हुई कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना व एनीमल हसबैंड्री डेवलपमेंट फंड के तहत राज्य को कितनी राशि मिली।

# मानव जीवन के कल्याण का धर्म है सनातन : सीएम

■ मदरिया सिद्धपीठ के दिवंगत महंत रामदास को योगी ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि
■ सनातन परंपरा में महंत रामदास के योगदान को याद किया
■ उरूवा क्षेत्र स्थित चचाईराम मठ भी गए सीएम, महंत पंचानन पुरी को दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोला तहसील क्षेत्र के मदरिया सिद्धपीठ में दिवंगत महंत रामदास को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महंत रामदास को नमन करते हुए कहा कि सनातन धर्म मानव जीवन के कल्याण और उद्धार का धर्म है। महंत रामदास आजीवन सनातन व वैदिक परंपरा के लिए समर्पित रहे।

मदरिया सिद्धपीठ के महंत रहे रामदास का विगत दिनों निधन हो गया था। बुधवार को गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिद्धपीठ पहुंचकर उनके चित्र पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महंत रामदास ने अपना पूरा जीवन सनातन परंपरा की सेवा को समर्पित कर दिया। उनका गोरक्षपीठ से पांच दशकों से गहरा जुड़ाव रहा। सीएम योगी ने कहा कि कुछ वर्षों पूर्व मदरिया सिद्धपीठ आगमन पर उन्हें महंत रामदास का भौतिक सानिध्य प्राप्त हुआ था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिक परंपरा को आगे बढ़ाने में महंत जी का योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने सदैव लोगों को सनातन मूल्यों और भारत के प्रति आस्थावान बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने उम्मीद व्यक्त की कि मदरिया सिद्धपीठ के वर्तमान महंत श्रीशदास अपने पूज्य गुरुदेव के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके मूल्यों व आदर्शों के अनुरूप सनातन की सेवा करते रहेंगे। महंत रामदास को श्रद्धांजलि देने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मदरिया सिद्धपीठ में विधि विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी, भाजपा नेता हरिकेश राम त्रिपाठी, अमरदीप त्रिपाठी, मनीष सहित बड़ी संख्या में मदरिया सिद्धपीठ से जुड़े श्रद्धालु उपस्थित रहे। (संबंधित खबर पेज 3)

### पंचानन पुरी को श्रद्धांजलि देकर नए महंत को स्नेहाशीष दिया

मदरिया से पहले गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उरूवा क्षेत्र के चचाईराम मठ जाकर यहां के स्मृतिशेष महंत पंचानन पुरी को श्रद्धांजलि दी। पंचानन पुरी का विगत 16 नवंबर को निधन हो गया था। उनका गोरक्षपीठ से गहरा लगाव था। चचाईराम मठ में योगी ने दिवंगत महंत पंचानन पुरी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। गोरक्षपीठाधीश्वर ने चचाईराम मठ के नवनियुक्त महंत प्रणव पुरी को स्नेहाशीष देते हुए अंगवस्त्र ओढ़ाया और आत्मीय संवाद कर मठ संचालन व्यवस्था में उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मठ से जुड़े श्रद्धालुओं और क्षेत्रीय जनता से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। यहां चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी, खजनी के विधायक श्रीराम चौहान, भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

# बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर मुठभेड़, सात माओवादी ढेर, दो जवान शहीद, एक घायल

■ मौके से एसएलआर और अन्य हथियार-गोला-बारूद भी जब्त



**बीजापुर।** छत्तीसगढ में बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा के पश्चिम बस्तर संभाग इलाके में बुधवार सुबह से सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है और मुठभेड़ में सात नक्सली मारे गए और दो जवान शहीद हो गए तथा एक घायल हो गया।

पुलिस अधीक्षक बीजापुर, डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि पूर्वाह्न नौ बजे से डीआरजी दंतेवाड़ा-बीजापुर, एसटीएफ कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों द्वारा व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने अपने बचाव के लिए जवाबी कार्रवाई और मुठभेड़ शुरू हो गयी। क्षेत्र में रुक-रुककर लगातार गोलाबारी जारी है। अभी तक सात नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। मौके से एसएलआर राइफलें, .303 राइफलें और अन्य हथियार-गोलाबारूद भी जब्त किया गया है। क्षेत्र में सुरक्षा बलों का निर्णायक नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है। पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से सात माओवादी कैडरों के शव बरामद हुए हैं, जिनकी पहचान की प्रक्रिया जारी है। मौके से गोला-बारूद की बड़ी मात्रा भी बरामद की गई है। इस मुठभेड़ में डीआरजी बीजापुर के दो जवान प्रधान आरक्षक मोनू वडाड़ी और आरक्षक दुकारू गोंडे शहीद हो गये हैं और एक अन्य जवान सोमदेव यादव घायल हुआ है।

# दो दिनों के गतिरोध के बाद तीसरे दिन बिना हंगामे के चली संसद

शीतकालीन सत्र

■ सर्वदलीय बैठक का दिखा असर

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों का भारी हंगामा तीसरे दिन आते-आते ठहर गया। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) पर विपक्ष के जोरदार विरोध और लगातार बाधित कार्यवाही के बाद बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा ने ऐसी तस्वीर पेश की, जिसकी उम्मीद थी।

वंदे मातरम् और चुनाव सुधारों पर अगले सप्ताह व्यापक चर्चा कराने पर सहमति बनने से विपक्ष तेवर नरम पड़ा और सदन पटरी पर आ गया। प्रश्नकाल बिना व्यवधान पूरा हुआ और दिनभर की गतिविधियों ने स्पष्ट संकेत दिया कि राजनीतिक विवादों के बीच भी कार्यवाही को सुचारु रखना संभव है बशर्ते पक्ष और विपक्ष दोनों इसकी जरूरत समझें।

### औरंगाबाद के सांसद को स्पीकर ने फटकार लगाई

लोकसभा की शुरुआत स्वर्गीय सदस्यों के प्रति श्रद्धांजलि से हुई और उसके बाद सीधे प्रश्नकाल आया। यह वह क्षण था जिसने स्पष्ट कर दिया कि मंगलवार स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक का असर दिखाई दे रहा है। यहां तक कि सदन के भीतर नियमों की अनदेखी कर तस्वीरें खींचने पर औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार को स्पीकर ने तत्काल फटकार लगाई और कहा कि आज तो फोटो खींच लिया है, आइंदा ऐसा हुआ तो कार्रवाई करेंगे।

# एसआईआर के जरिये भाजपा छीनना चाहती है वोट का अधिकार : अखिलेश

■ सपा अध्यक्ष ने कहा- खत्म हो जाएगा आरक्षण



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर भाजपा सरकार अपनी विफलता छुपाने के लिए करा रही है। हमारी अपील है कि सब अपना वोट बनवाएं, कटने से बचाएं, वरना भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान के अधिकार को छीनने की तैयारी में है। वोट का अधिकार छिना तो आरक्षण भी खत्म होगा। जनता के तमाम दूसरे अधिकार जो संविधान से मिल रहे हैं, वे भी छिन जाएंगे।

अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि चुनाव आयोग का काम है कि सभी मतदाताओं का मतदान का अधिकार बना रहे और किसी का वोट कटे नहीं। लेकिन यहां तो उल्टा हो रहा है। भाजपा सरकार के दबाव में चुनाव आयोग वोट काटने का काम ज्यादा कर रहा है। बिहार में एसआईआर में लाखों लोग मतदान से वंचित हो गए। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में चुनाव इस वर्ष होने नहीं जा रहे हैं, फिर इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का काम जनता को रोटी-रोजगार देना नहीं, लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर परेशान करना है। कई लोगों को वर्षों से न्याय नहीं मिल रहा है। मो.आजम खां, गायत्री प्रजापति और रमाकांत यादव जेल में हैं। ऐसे बहुत सारे समाजवादी व पीडीए परिवार के लोग है, जिनके ऊपर अन्याय हो रहा है।

# ट्रेलर ने पांच वाहनों में मारी टक्कर, तीन की मौत

■ राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर पकवाइनार चौराहे पर हादसा



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के पकवाइनार चौराहा स्थित फोरलेन पर अनियंत्रित ट्रेलर ट्रक ने तीन लोगों की जान ले ली, तो आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में ट्रेलर सहित पांच वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। आनन-फानन में सभी घायलों को सीएचसी कसया लाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन की मौके पर ही मृत्यु घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस वाहनों को हटवाकर फोरलेन पर आवागमन बहाल कराने में जुट गई।

बुधवार को खाली ट्रेलर कसया से गोरखपुर की तरफ जा रहा था। पकवाइनार चौराहे पर आगे चल रहे एक बुजुर्ग साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर दूसरे लेन पर चला गया, सामने से आ रहे डंफर, ई-रिक्शा, एक बाइक, एवं ट्रैक्टर ट्राली में भिड़ंत हो गई। ई-रिक्शा पर सवार कसया के शिवकुमारी देवी, लक्ष्मी पटेल, काजल, बाईक सवार महुआडीह के सहोदर पट्टी निवासी चंदन राजभर, केशव एवं कसया के ट्रैक्टर चालक अजय सिंह सहित कुल आठ लोग घायल हुए है। घायलों में तीन का नाम व पता ज्ञात नहीं हो सका है। दुर्घटना में देवरिया के केशव, कुशीनगर के रामविलास समेत तीन की मौत हो गई। तीसरे की पुष्टि की जा रही थी। (संबंधित खबर पेज 13)

### छह दिसंबर को नोएडा में होने वाली मायावती की जनसभा रद्द

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती आगामी 6 दिसंबर को संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर नोएडा में प्रस्तावित रैली को संबोधित नहीं करेंगी। वह अपने आवास पर ही डॉ. आंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगी।

सपा सुप्रीमो का कहना है कि ऐसे आयोजनों में उनकी सुरक्षा व्यवस्था की वजह से कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को होने वाली असुविधा की वजह से यह फैसला लिया है। बसपा सुप्रीमो ने जारी अपने बयान में कहा कि महापुरुषों की जयंती व पुण्यतिथि के मौकों पर बहुजन समाज के संतों, गुरुओं व महापुरुषों स्मारक स्थलों पर भीड़ उमड़ती है।

# इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्द होने पर डीजीसीए सख्त

■ एयरलाइन को बतानी होगी रद्दीकरण की वजह और आगे की योजना



**नई दिल्ली।** देश की विमानन नियामक संस्था नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में लगातार हो रही देरी और रद्दीकरण को लेकर जांच शुरू कर दी है। डीजीसीए ने कहा है कि वह स्थिति की बारीकी से समीक्षा कर रही है और ऐसे कदमों पर विचार कर रही है, जिनसे यात्रियों को हो रही असुविधा कम हो सके।

डीजीसीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि इंडिगो को निर्देश दिया गया है कि वह मौजूदा व्यवधानों की वजहों का पूरा विवरण पेश करे। इसके साथ ही एयरलाइन से यह भी पूछा गया है कि वह स्थिति में सुधार के लिए क्या कदम उठा रही है।

नियामक ने साफ किया कि एयरलाइन को न केवल कारण बताने होंगे, बल्कि यह भी बताना होगा कि आगे ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए उसकी योजना क्या है। हवाई यात्रियों की बढ़ती शिकायतों और सोशल मीडिया पर सामने आ रहे वीडियो तथा प्रतिक्रिया को देखते हुए डीजीसीए इस मामले को गंभीरता से ले रही है।

**जरूरत पड़ने पर कड़े कदम उठाए जाएंगे :** एविएशन सेक्टर में इंडिगो भारत की प्रमुख एयरलाइन मानी जाती है। ऐसे में उसकी उड़ानों में बार-बार हो रही गड़बड़ी से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है- कई यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ उड़ानें अचानक रद्द भी हुई। डीजीसीए ने कहा कि वह स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और जरूरत पड़ने पर कड़े कदम उठाए जाएंगे ताकि समय पर उड़ान संचालन सुनिश्चित हो सके और यात्रियों का भरोसा बना रहे।

### इंडिगो की कुल 1232 उड़ानें रद्द

इंडिगो ने हाल के परिचालन का सारांश प्रस्तुत किया - इस अवधि के दौरान कुल 1232 उड़ानें रद्द की गईं। इन रद्दीकरणों का एक बड़ा हिस्सा चालक दल/एफडीटीएल अनुपालन और हवाई अड्डे/हवाई क्षेत्र/एटीसी से संबंधित कारकों के कारण हुआ, जिनमें से कई ऑपरेटर के प्रत्यक्ष नियंत्रण से परे हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि नवंबर में कुल ओटीपी 67.70 प्रतिशत रहा, जबकि अक्टूबर में यह 84.1 प्रतिशत था।

फैसला

## उपभोक्ता मामलों के विभाग ने नियमों में संशोधन किया

# पान मसाला के हर पैक पर अब खुदरा मूल्य छापना अनिवार्य



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के विभाग ने पान मसाला के सभी पैक पर खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) लिखना अनिवार्य कर दिया है। उन्हें विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 के अंतर्गत अन्य अनिवार्य घोषणाएं प्रदर्शित करना भी अनिवार्य होगा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने इसके लिए नियमों में संशोधन किया है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सामान्य वैधानिक नियम (जीएसआर) 881(ई) के माध्यम से अधिसूचित यह संशोधन 1 फरवरी, 2026 से लागू होगा। नियम लागू होने की तारीख से, पान मसाला के सभी उत्पादकों, पैकर और आयातकों को इसका पूरा अनुपालन करना होगा। इस संशोधन से वह पूर्व छूट समाप्त हो गई है जिसके तहत 10 ग्राम या उससे कम के छोटे पैक को कुछ घोषणाओं से बचने की अनुमति थी। अब, इन छोटे पैक्स पर भी खुदरा बिक्री मूल्य अंकित होना चाहिए और 2011 के नियमों के तहत आवश्यक सभी घोषणाएं प्रदर्शित करनी होंगी। नियम के तहत पिछली शर्त को वापस ले लिया गया है और उसकी जगह पान मसाला के लिए नई शर्त रखी गई है।

विभाग ने कहा कि यह कदम सभी पैक आकार में पारदर्शी कीमत की जानकारी पक्का करके उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करता है। उम्मीद है कि इससे छोटे पैक पर गुमराह करने वाला या धोखा देने वाला मूल्य निर्धारण रुकेगा और उपभोक्ता बेहतर जानकारी के साथ खरीद पर फैसले ले पाएंगे। सभी पैक पर खुदरा बिक्री मूल्य को ज़रूरी बनाकर, यह बदलाव पान मसाला पर खुदरा बिक्री मूल्य-आधारित जीएसटी लेवी को लागू करने में भी मदद करता है। इससे जीएसटी परिषद के फैसलों को आसानी से लागू करने और सबसे छोटी यूनिट सहित सभी पैक आकार पर सही कर आकलन और राजस्व संग्रह पक्का करने की उम्मीद है।

## उत्पाद शुल्क संशोधन विधेयक लोकसभा में पारित

■ उत्पादों पर 40 प्रतिशत जीएसटी व उत्पाद शुल्क लागू

**नई दिल्ली।** विधेयक केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन), 2025 वर्तमान में लागू जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस की जगह लेगा। अभी यह सेस सिगरेट, चबाने वाले तंबाकू, सिगार, हुक्का, जर्दा और सुगंधित तंबाकू सहित सभी तंबाकू उत्पादों पर लगाया जाता है। इस विधेयक का उद्देश्य जीएसटी क्षतिपूर्ति सेस खत्म होने के बाद भी इन उत्पादों पर कर बोझ को सुरक्षित रखना है। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में स्पष्ट कहा गया है कि यह सरकार को तंबाकू और उसके उत्पादों पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क बढ़ाने की वित्तीय गुंजाइश देगा।

इस नए ढांचे के तहत सिगरेट, सिगार और चिरूट पर 5,000 से 11,000 प्रति 1,000 स्टिक की दर से उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। वहीं, बिना प्रसंस्कृत तंबाकू पर 60 से 70 प्रतिशत और निकोटिन व इनहेलेशन आधारित उत्पादों पर 100 प्रतिशत उत्पाद शुल्क का प्रावधान किया गया है। अभी सिगरेट पर 5 प्रतिशत मूल्यानुसार क्षतिपूर्ति के अलावा लंबाई के आधार पर 2,076 से 3,668 प्रति 1,000 स्टिक तक का क्षतिपूर्ति सेस लगाया जाता है। क्षतिपूर्ति उपकर समाप्त होने के बाद, तंबाकू और संबंधित उत्पादों की बिक्री पर 40 प्रतिशत जीएसटी और उत्पाद शुल्क लगेगा, जबकि पान मसाला पर 40 प्रतिशत जीएसटी और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर लगेगा।

# सरकार ने स्मार्टफोन पर ‘संचार साथी’ ऐप प्री-इंस्टॉल करने की अनिवार्यता हटाई

■ दूरसंचार मंत्रालय के आदेश का विपक्ष ने किया था विरोध




**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में बनने वाले या आयात होने वाले हर स्मार्टफोन पर ‘संचार साथी’ ऐप इंस्टॉल होने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है। संचार मंत्रालय ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस ऐप को लोग खुद ही बड़ी संख्या में डाउनलोड कर रहे हैं। ऐसे में इसकी स्वीकार्यता को देखते हुए मोबाइल विनिर्माताओं के लिए इसे पहले से इंस्टॉल करना अनिवार्य न करने का फैसला लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि ‘संचार साथी’ ऐप को अनिवार्य करने के दूरसंचार मंत्रालय के आदेश के बाद विपक्ष ने मुखर होकर संसद के अंदर और बाहर इसका विरोध शुरू कर दिया था। उसका आरोप था कि इस ऐप का दुरुपयोग सरकार अपने विरोधियों और विपक्ष के नेताओं की जासूसी के लिए कर सकती है। दूरसंचार विभाग का यह ऐप मोबाइल पर वित्तीय धोखाधड़ी रोकने के उद्देश्य से बनाया गया है, हालांकि इसके लिए ऐप यूजर के फोन पर एसएमएस, कॉल, संपर्क और ट्रांजेक्शन तक पहुंच रखता है।

मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अब तक एक करोड़ 40 लाख लोगों ने इस ऐप को डाउनलोड किया है जो रोजाना 2,000 से अधिक धोखाधड़ी रोकने में मददगार हो रहा है। ऐप के यूजरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। गत एक दिन में छह लाख से अधिक लोगों ने इसे डाउनलोड किया है जो 10 गुना की वृद्धि दिखाता है। इसमें कहा गया है कि ‘संचार साथी’ ऐप सुरक्षित है इसका उद्देश्य लागों को धोखाधड़ी से बचाना है। स्मार्टफोन पर ऐप पहले से इंस्टॉल करना इसलिए अनिवार्य किया गया था कि लोग इस ऐप को तेजी से अपना सकें।

# आदर्श मूकबधिर विद्यालय पहुंची डीएम दिव्यांग बच्चों से की मुलाकात



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आदर्श मूक-बधिर विद्यालय में बुधवार का दिन भावनाओं, संवेदनाओं और खुशियों का अनोखा संगम बन गया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल जब बच्चों के बीच पहुँचीं तो संवाद शब्दों से कम और भावों से अधिक हुआ। संकेतों के जरिये बच्चों से संवाद करते हुए डीएम भी भावुक हो उठीं। बच्चों ने हाथ हिलाकर और मुस्कुराकर डीएम का स्वागत किया, तो डीएम ने भी उसी गर्मजोशी से उनकी भावनाओं का प्रत्युत्तर दिया कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तोलानी, प्रधानाचार्य रामदुलारे वर्मा के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डीएम ने विद्यालय को 10 स्कूली बेंच सेट भेंट किए।साथ ही छात्रों को थर्मस, कलर कॉम्बो पैक, चॉकलेट और अन्य अध्ययन सामग्री प्रदान की। उपहार पाते ही बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ने पूरे वातावरण को खुशियों से भर दिया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारी प्रेरणा ही नहीं, बल्कि अदम्य साहस की जीवंत मिसाल हैं। इनमें किसी तरह की कमी नहीं, बल्कि असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और हिम्मत की चमक है। बच्चों की प्रस्तुतियों और पेंटिंग्स की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इनकी मुस्कान, इनके रंग और इनका आत्मविश्वास यही संदेश देते हैं कि जब अवसर और मंच सही हों, तो कोई भी दिव्यांगता इनके कदमों की रफ्तार को रोक नहीं सकता विद्यालय में आयोजित पेंटिंग प्रदर्शनी में मूक-बधिर बच्चों ने रंगों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं और संवेदनाओं को अद्भुत रूप दिया। डीएम ने एक-एक पेंटिंग का अवलोकन कर बच्चों की भरपूर सराहना की। कहा कि जिनके हौसले बुलंद हों, उनके सपनों के आगे दिव्यांगता भी छोटी पड़ जाती है। बच्चों की पेंटिंग्स ने उनकी रचनात्मकता और दृष्टि की शक्ति को साफ प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी आरेंद्र पाल सिंह ने किया।अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आदर्श मूक-बधिर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नन्हे दिव्यांग बच्चों ने सरस्वती वंदना, सुबह सवेरे, स्वागत गीत, गणेश वंदना सहित ए-वतन, जलवा-जलवा, आई लव माई इंडिया, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, चक धूम-धूम, इंडिया वाले जैसे गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिव्यांग बच्चों की लय, ताल और अभिव्यक्ति इतनी प्रभावशाली रही कि पूरा सभागार भावनाओं और उत्साह से भर उठा।

कार्यक्रम ने साबित किया कि सही अवसर और मंच मिले तो दिव्यांग बच्चे भी अपनी प्रतिभा से किसी से कम नहीं है कार्यक्रम के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ 12 दिव्यांग बच्चों को कान की मशीन और 2 बच्चों को व्हीलचेयर प्रदान की। डीएम के निर्देश पर मौके पर ही मशीनों के उपयोग की ट्रेनिंग देकर बच्चों और अभिभावकों को आवश्यक जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।

## तीन माह पहले जमानत पर जेल से छूटे सुहेल खान का मिला अधजला शव

**लखीमपुर खीरी।** तीन माह पहले जमानत पर जेल से छूटे ग्राम सरकारगढ़ निवासी सुहेल खान (23) का अधजला शव मंगलवार को हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छितौनिया से कुछ दूरी पर मिला। शव बोरे में बंद था। उसके गले को किसी धारदार हथियार से रेता गया था। इसके बाद शव को जलाने का प्रयास किया गया पुलिस जांच कर रही है सुहेल के पिता फारुख खान की कुछ वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी, तभी से वह अपने भाई शोएब खान के साथ गोला की वीरेंद्र नगर कॉलोनी में मकान बनाकर रहता था। वह अविवाहित था। परिजनों के मुताबिक, सोमवार रात कुछ युवक सुहेल को घर से बुला ले गए थे। उन्होंने रात में ही रंजिशन उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और उसका शव बोरे में भरकर हैदराबाद थाना क्षेत्र में ग्राम कैथोला से छतौनिया जाने वाले मार्ग पर खंदक में फेंककर जला दिया मौके पर पहुंची पुलिस पहले तो शव की पहचान कराने में लगी रही। बाद में मृतक के भाई शोएब ने उसकी पहचान सुहेल खान के रूप में की, तब पुलिस ने शव सील कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। 14 दिसंबर, 2024 को क्षेत्र के गांव नगला सलेमपुर निवासी उमेश वर्मा की हत्या की घटना में सुहेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। हत्या में शामिल होने की वजह से पुलिस ने सुहेल को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। इसके बाद वह जमानत पर बाहर आया था उसका अधजला शव मिला।

## 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना नीमगांव पुलिस द्वारा, 02 नफर अभियुक्तों 1. नितिन वर्मा पुत्र सतीश कुमार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी इब्राहिमपुर थाना नीमगाँव जनपद खीरी 2.सौरभ वर्मा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम मड़ेरा थाना-नीमगांव जनपद खीरी को सम्बन्धित मु0अ0सं0 497/2025 धारा 303(2),317(2) BNS में गिरफ्तार कर किया गया एवं विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया ।

## पत्नी के एसआईआर फ़ॉर्म के संबंध में, पति जानकारी लेने पहुंचा पालिका



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** पत्नी का एसआईआर फार्म घर ना पहुंचने पर बेचारा पति,इस बाबत जानकारी लेने पालिका कार्यालय पहुंचा,जहां उसे एसआईआर कार्य में लगे कर्मचारियों से पूछताछ करना महंगा पड़ गया।पीड़ित पति द्वारा कर्मियों पर धक्के देने एवं दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया है। बुधवार को उझानी नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला भर्रा टोला निवासी रामौतार पुत्र सतपाल अपनी पत्नी उषा के एस आई आर फॉर्म की जानकारी लेने नगर पालिका उझानी कार्यालय गए थे। रामौतार ने बताया कि उनकी पत्नी उषा का एसआईआर फॉर्म उनके घर नहीं पहुंचा,बाकी घर के सभी सदस्यों के फॉर्म घर पर पहुंच गए थे।उसने बताया कि वह पत्नी का फॉर्म ढूंढने के लिए पिछले कई दिन से उझानी नगर पालिका के चक्कर लगा रहा है, लेकिन अभी तक उसकी पत्नी का फॉर्म कहां है,इस बाबत उसे यहां एसआईआर का काम देख रहे कर्मियों द्वारा कोई भी जानकारी नहीं दी गई है।रामौतार का आरोप है कि वह अपनी पत्नी के फॉर्म के संबंध में जानकारी लेने के लिए बुधवार को जब उझानी पालिका कार्यालय पहुंचा और कर्मियों से इस संबंध में जानकारी चाही,तब यहां एसआईआर का कार्य कर रहे कर्मियों द्वारा उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए उसको वहां से धक्के देकर भगा दिया गया।राम अवतार का आरोप है कि कर्मियों द्वारा उससे कहा गया कि तुम्हारी पत्नी का पहचान पत्र नक़ली हैं,और तुम शराब के नशे में यहां आ गए हो।रामौतार का कहना है कि वह इस संबंध में शिकायत करेगा।

## एसएसपी ने फीता काटकर किया पुलिस चौकी का उद्घाटन



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र की पुलिस चौकी आसफपुर पर एक उद्घाटन समारोह का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी श्री सिंह द्वारा चौकी आसफपुर का फीता काटकर उद्घाटन कर दिया गया।उद्घाटन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ0 हृदेश कठेरिया,क्षेत्राधिकारी बिसौली सुनील कुमार सिंह,प्रभारी निरीक्षक थाना फैजगंज बेहटा राजकुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# दिव्यांगजन को बड़ी सौगातः आज 23 लाख के उपकरण, जिले में 85 लाख का वितरण अभियान



**लखीमपुर खीरी।** विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला प्रशासन की ओर से राजकीय आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित उपकरण वितरण समारोह मंगलवार को संवेदनाओं और उत्साह का संगम बन गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक योगेश वर्मा, विधायक मंजू त्यागी और सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने किया समारोह का सबसे भावुक क्षण तब आया जब डीएम और दोनों विधायकों ने राजकीय दृष्टिबाधित आवासीय बालिका इंटर कॉलेज जगसड़ की 19 बालिकाओं को जैकेट, स्कूल बैग, पानी का थर्मस और ऊनी कैंप वितरित किए। बच्चियों के चेहरों की चमक ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया इसके बाद विकास खंड लखीमपुर, नकहा, फूलबेहड़, बेहजम और मितौली के चिन्हित दिव्यांगजन को 188 सहायक उपकरण सौंपे गए, जिनमें 142 ट्राईसाइकिल, 12 जोड़ी बैसाखियाँ, 13 व्हीलचेयर, 17 स्मार्ट केन, 04 श्रवणयंत्र शामिल रहे। इन उपकरणों को पाकर लाभार्थियों के चेहरे पर आत्मनिर्भरता की नई उम्मीद साफ झलक रही थी। बताते चलें कि आज के कार्यक्रम में 23 लाख धनराशि के सहायक उपकरण वितरित किए गए, जबकि पूरे जनपद में कुल 85 लाख रुपये के उपकरणों का वितरण किया जा रहा है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा है दिव्यांगता किसी व्यक्ति की क्षमता को नहीं रोक सकती।रुकावटें सिर्फ रास्तों में होती हैं, हौसलों में नहीं। आज यहां बैठे हर दिव्यांग भाई-बहन हमारे लिए प्रेरणा हैं। आपकी मुस्कान हमारी जिम्मेदारी है, और आपका भविष्य हमारा संकल्प। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन का लक्ष्य केवल उपकरण देना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और मुख्यधारा से पूर्ण रूप से जोड़ना है।विधायक सदर योगेश वर्मा ने जगसड़ दृष्टिबाधित बालिका इंटर कॉलेज को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क निर्माण की घोषणा कर बड़ी राहत दी। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी। विधायक मंजू त्यागी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने दिव्यांगजन की हर छोटी-बड़ी जरूरत हमारी प्राथमिकता है। उपकरण वितरण सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि उनके जीवन की सुविधाओं को बढ़ाने का सतत प्रयास है।

बालिकाओं की स्वरधारा ने समारोह में भावनाओं का रंग घोल दिया। कक्षा 8 की छात्राएँ जीतू, रिंकी, शिवानी और सिफा ने मंगलम स्वागत गीत से वातावरण गुंजायमान किया।

कक्षा 7 की निशा बानो ने तेरी मिट्टी में मिल जावांज जैसे देशभक्ति गीत से सबका मन मोह लिया। कक्षा 8 की प्रिया और शिवानी ने बड़ा नीक लागे अपना देशवा की माटी गीत पर शानदार प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं।

## सांसद इमरान ने लोकसभा में उठाया टीईटी अनिवार्यता का मुद्दा

**सहारनपुर।** सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने शून्य काल में केन्द्र सरकार द्वारा टीईटी अनिवार्य किए जाने के संबंध मे केन्द्र सरकार से इस पर पुर्नविचार करने की मांग की। गौरतलब है कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से जुड़े शिक्षकों ने प्रदेश सयुंक्त मंत्री व जिला अध्यक्ष चौधरी रविन्द्र पंवार के नेतृत्व में विगत् 30 नवम्बर को सांसद इमरान मसूद को ज्ञापन सौंपकर आगामी संसद के शीतकालीन सत्र में इस मामले को प्रमुखता से उठाने की मांग की थी। जिसके चलते सांसद इमरान मसूद ने आज संसद के शून्य काल में टीईटी को अनिवार्य किए जाने संबंधी आदेश का मुद्दा उठाया तथा केन्द्र सरकार से शिक्षकों के हित में इसका न्यायोचित हल निकालने की मांग की।

## ओवर ब्रिज से टकराया अनियंत्रित डम्पर, चालक की मौत, परिचालक घायल



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे पर स्थित गांव सोना सैयद माजरा के अंडरपास के निकट सर्विस रोड पर खनन से भरा एक डंपर अनियंत्रित होकर ओवर ब्रिज से टकरा गया। जिसके चलते चालक की मौत हो गयी, जबकि परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना फ्तेहपुर क्षेत्रान्तर्गत गांव मुजाहिदपुर निवासी चालक मोहसिन पुत्र शकील अपने परिचालक साजिद पुत्र मतलूब के साथ अपने डंपर में बजरी भरकर नेशनल हाईवे होते हुए गागलहेड़ी की ओर आ रहा था। बताया जाता है कि सुबह करीब पांच बजे जैसे ही वह नेशनल हाईवे की सर्विस रोड से होते हुए गांव सैयद माजरा अंडरपास के निकट पहुंचा, तो तभी डंपर अनियंत्रित होकर ओवर ब्रिज की दीवार से टकरा गया। घटना में चालक मोहसिन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक साजिद भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। गौरतलब है कि करीब 6 दिन पहले भी इसी जगह एक कार के ऊपर खनन से भरा डंपर पलटने से कार सवार सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने बताया कि थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत हरौड़ा के पास हाइवे पर एक डम्पर के पिलर से टकराने के कारण ड्राइवर की मौके पर मौत हो जाने तथा परिचालक के गम्भीर घायल हो जाने की सूचना पर पुलिस द्वारा मौक पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है तथा घायल को इलाज हेतु अस्पताल भिजवा दिया गया है।

## न्यायालय ने नौ अभियुक्तों को सुनायी कारावास व अर्थदंड की सजा

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 ने 09 अभियुक्तों को आरोप सिद्ध होने पर 03 वर्ष के कारावास व 63 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता अमित त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 27 जून 2013 को वादी/उपनिरीक्षक चरण सिंह थाना तीतरों की तहरीर पर अभियुक्तों प्रदीप पुत्र ऋषिपाल, नीटू पुत्र मांगेराम (मृतक) यशपाल पुत्र सुल्तान सुनील शर्मा पुत्र शादीराम, विशाल पुत्र पीताम्बर, विकास पुत्र पीतम सिंह, बिट्टू पुत्र जगपाल, बोबी उर्फ ब्रजपाल पुत्र जगपाल, विरेन्द्र पुत्र प्रीतम व अमित पुत्र सेठपाल समस्त निवासीगण ग्राम डूभर किशनपुर थाना तीतरो द्वारा एक राय होकर लाठी-डन्डो एवं तमंचो से लैस होकर व घर मे घुसकर तोड़फोड़, लूटपाट व आगजनी, पत्थर बाजी व गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से फायर करने व जान से मारने की धमकी देने की सूचना पर थाना तीतरो में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसका वाद न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 में विचाराधीन रहा।

पुलिस विभाग की मॉनिटरिंग सेल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं पत्रावली पर आये साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-11 द्वारा आज अभियुक्त प्रदीप पुत्र ऋषिपाल, यशपाल पुत्र सुल्तान, सुनील शर्मा पुत्र शादीराम, विशाल पुत्र पीताम्बर, विकास पुत्र पीतम सिंह, बिट्टू पुत्र जगपाल, बोबी उर्फ ब्रजपाल पुत्र जगपाल, विरेन्द्र पुत्र प्रीतम व अमित पुत्र सेठपाल समस्त निवासीगण को धारा 147, 148, 149, 452, 436, 427, 506, 504 भादवि में दोषी पाते हुए 03 वर्ष का कारावास व 63 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जबकि अभियुक्तगण को धारा 307, 394, 336 भादवि मे दोषमुक्त किया गया है।

# संचार ऐप केंद्र सरकार का जासूसी ऐपः हरीश रावत

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** केंद्र सरकार संचार ऐप को जासूसी के लिये लाँच कर रही है। इससे सावधान रहने की ज़रूरत है हम इसका संसद से सड़क पर विरोध करेंगे। संचार ऐप आम आदमी की स्वतंत्रता पर पहरा है। देश के हर नागरिक को अधिकार है कि वह बिना सरकार की अनुमति के अपने परिवार रिश्तेदार दोस्त को मैसेज कर सकती है लेकिन केंद्र सरकार आम आदमी की स्वतंत्रता पर पहरा लगा रही है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आरोप लगाया कि भाजपा देश को हिंदू मुस्लिम और वर्गों में बाँटकर देश की किसानी और जवानी को उद्योगपतियों के हवाले कर देना चाहती है। हमारी जमीनों को हमारी धरोहर को समाप्त करने में जुटी हुई है, जब से देश में भाजपा आयी है। तब से वह देश की जनता को लगातार उलझाने में लगी हुई है। अपने आप को उलझाने से बचाने के लिये देश में भाजपा एसआईआर लायी है। आज रुपये की मार्केट वेल्यू सब से निचले पायदान पर पहुँच गई है। ये ही भाजपा का विकास है। रुपया डॉलर के मुकाबले गिर कर 90.14 के निम्नतम स्कोर पर पहुँच गया है।

उत्तराखण्ड सरकार के पास आम आदमी के विकास के लिये नौ साल में बताने के लिये कोई उपलब्धि नहीं है। केवल भ्रष्टाचार, अवैध खनन, पेपर लीक ये उत्तराखण्ड भाजपा की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि ना ही कोई मेडिकल कॉलेज बना, ना ही कोई नई उद्योग नीति आयी। कांग्रेस के समय में लगाई गई फ़ैक्ट्री बंद हो रही है। उत्तराखण्ड में सविंदा कर्मचारी, आशा और अन्य कर्मचारी लगातार लंबे समय से हड़ताल पर है।

कांग्रेस में गुटबाजी को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट है। अबकी बार कांग्रेस पचास से अधिक सीटे लेकर एक मजबूत सरकार बनायेगी, जो किसान, मजदूर युवा और कर्मचारियों के हित में काम करेगी और दस साल में उत्तराखंड को जितना पीछे भाजपा ले गई है। कांग्रेस सरकार आते ही सड़क पुल बनाने के साथ ही फ़सलों का सही मूल्य देगी। इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फ़रमान मलिक, नासिर सेफी, कारी आबिद, अरशद मलिक, नासिर प्रधान, राव यूसुफ़ राव आरिफ़ अज़ीम मलिक, फैसल मिर्जा, आजम मलिक, महबूब तल्हेड़ी, परवेज सलीम, इस्लाम आदि मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था दिल्ली पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव स्पर्धा में विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दस व बारह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

दिल्ली रोड स्थित डीपीएस में आयोजित वार्षिकोत्सव स्पर्धा का शुभारंभ डीआईजी अभिषेक सिंह, मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह, नगर विधायक राजीव गुम्बर, वाइस प्रेजिडेंट एलन कूपर, रंजीत मिश्रा, प्रोग्रेसिव स्कुल्स सोसायटी के संयोजक सुरेद्र चौहान व विद्यालय के निदेशक युसुफ अमीन व प्रधानाचार्या आदेश सिसोदिया ने अंतरिक्ष में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। डीआईजी अभिषेक सिंह ने छात्रों की परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। इसके पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा खेल भावना की शपथ ग्रहण की गई तथा मुख्य अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्जवलित कर खिलाड़ियों को सौंपी गयी। वार्षिकोत्सव में बच्चों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य के साथ-साथ भारत के शास्त्रीय नृत्य, दक्षिण भारतीय नृत्य ने सभी का मनमोह लिया। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर सीबीएसई परीक्षा 2024-25 में कक्षा 10 व 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा साथ ही पिछले तीन वर्षो से लगातार कक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी बलू ब्लेजर देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा कक्षा 12 में कला, वाणिज्य तथा विज्ञान तीनों संकायों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई।

मुख्य अतिथि डीआईजी अभिषेक सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व मेडल प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हर प्रकार का खेल शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है।

## धूमधाम के साथ नेत्रहीन बच्चों ने मनाया विश्व विकलांग दिवस



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नेत्रहीन एवं विकलांग कल्याण शिक्षण संस्थान में विश्व विकलांग दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

गंगोह रोड चंद्र विहार कॉलोनी स्थित नेत्रहीन एवं विकलांग कल्याण शिक्षण संस्थान मे आयोजित कार्यक्रम में नेत्रहीन बालकों पवन, किट्टू, शिवम, अतुल, मनीष, निरल, शौर्य, अनुज व आशीष आदि ने विभिन्न प्रकार के गीत, संगीत, कंप्यूटर, ब्रेल लिपि, शतरंज, चेस आदि का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ड्रीम ग्रुप यमुनानगर से आयी ईशा शर्मा, मंजू सिंघल, आरती, शिवानी, अनुराधा, सुषमा शर्मा, मोहिनी, कमल श्रीवास्तव का बच्चों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है हर नेत्रहीन को शिक्षित व स्वाबलंबी बनाना है, ताकि वह देश के समग्र विकास में अपना योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि आम जनमानस तक विकलांगों और नेत्रहीनों के प्रति अपने दायित्व का एहसास करना है, क्योंकि दृष्टि न होने पर भी इनकी मेहनत लग्नशीलता जीवन में लोगों को यह अहसास कराती है कि ये सामान्य जन से किसी भी प्रकार से कम नहीं है।

# व्यापारी व विभाग के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है अधिवक्ताः दीपक जैन

## टैक्स एडवोकेट्स ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अधिवक्ता दिवस

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** टैक्स एड्वोकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्थानीय कोर्ट रोड स्थित आयकर भवन के सभागार में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संरक्षक राकेश जैन एवं ज्ञानपाल गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ता व्यापारी एवं विभाग के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी है, जो व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए राजस्व में योगदान करने में सहायक है। अध्यक्ष एच अरोरा एवं महासचिव प्रियांक भारद्वाज ने कहा कि देश के विकास में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान है। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद के जन्मदिन को अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी दीपक जैन ने कहा कि देश को आजाद कराने से लेकर स्वतंत्र भारत के प्रत्येक नागरिक को न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज की महत्वपूर्ण कड़ी है। चंद्रमोहन शर्मा एवं अनिल गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ता समाज का महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग है जो अपनी सेवाएं देकर अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करते हैं। संगोष्ठी में अशोक वर्मा, पीयूष अग्रवाल, संजय धीमान, अनिल गुप्ता, आरएस माथुर, विष्णु अग्रवाल, सुरेश कुमार, हरीश भटेजा, अंकित गर्ग, मनोज जैन, जितेंद्र, आशीष गुप्ता, रामकुमार वर्मा, प्रवीण सूरी, जावेद रशीद, रवि प्रकाश, अनिल कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दलित मृतक के परिवार को सीएम योगी ने दिया आर्थिक संबल, भावविह्वल हुए परिजन

- अनुसूचित जाति के राम नेवास के परिवार को आर्थिक सहायता की पहली किश्त के रूप में 412500 रुपये का चेक सौंपा सीएम ने
- मृतक की पत्नी को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, निराश्रित महिला पेंशन, बिटिया को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का मिलेगा लाभ
- परिवार को जमीन का पट्टा, पीएम आवास योजना, शौचालय, अंत्योदय राशन कार्ड और आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने के लिए भी सीएम ने अफसरों को दिए निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** हर पीड़ित के साथ आत्मिक संवेदना और भरपूर सहायता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली की विशिष्ट पहचान है। इसकी एक बानगी बुधवार को उनके गोरखपुर दक्षिणांचल के दौरे में भी देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने हेलिपैड पर उतरते ही आर्थिक रूप से कमजोर एक दलित मृतक के परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ आत्मीयता से यह आश्वस्ति भी दी कि सरकार उनकी हर तरह से सहायता करने को तत्पर है। मुख्यमंत्री के स्नेहिल आशीष और मदद से सहायता पाने वाले परिजन भावविह्वल हो गए। मृतक की पत्नी देवी ने करबद्ध होकर कहा, महाराज जी परिवार को आपका ही आसरा था।

गोला तहसील क्षेत्र के मदरिया निवासी अनुसूचित जाति के राम नेवास की बीते दिनों मौत हो गई थी। राम नेवास के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। वह परिवार के इकलौते आय अर्जक थे। उनकी मृत्यु के बाद परिवार के सामने जीवनयापन का संकट था। बुधवार को मदरिया सिद्धपीठ के महंत रहे रामदास को श्रद्धांजलि देने पहुंचे मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर जाने से पूर्व हेलिपैड पर राम नेवास के परिजनों से मुलाकात की। स्नेह देकर उनका दुख बांटा। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही राम नेवास की पत्नी देवी को अनुसूचित जाति जनजाति अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुल स्वीकृत 8 लाख 25 हजार रुपये की सहायता राशि की पहली किश्त के रूप में 4 लाख 12 हजार 500 रुपये का चेक सौंपा। इसके साथ ही उन्हें राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत एकमुश्त 30 हजार रुपये बैंक खाते में दिए जाएंगे और निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह एक हजार रुपये पेंशन प्राप्त होगी।

सीएम योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्वर्गीय राम नेवास की सबसे छोटी पुत्री निक्की को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया। आश्रित परिवार भूमिहीन है इसलिए परिवार को जमीन का पट्टा और प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ दिलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने परिवार के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनवाने, अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने और आयुष्मान योजना के तहत आच्छादित करने के भी निर्देश दिए।

## डीएम की अध्यक्षता में सुपरवाइजर एवं बीएलओ की बैठक संपन्न हुई

**अवधनामा संवाददाता, फर्रूखाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विशेष प्रगाण पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत विधानसभा फर्रूखाबाद व कायमगंज के सुपरवाइजर व बी0एल0ओ0 की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिलारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सुपरवाइजर बी0एल0ओ0 से फॉर्म फीड करना सुनिश्चित करे, जो बी0एल0ओ0 फीडिंग नही कर पाते है उनके फॉर्म ब्लॉक व तहसील में फीड कराये, डिजिटिलाइजेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिलारी वित्त एवं राजस्व, उपजिलाधिकारी अमृतपुर, उपजिलाधिकारी न्यायिक कायमगंज, जिला विकास अधिकारी, व संवंधित मौजूद रहे।

# एसआईआर एक से अधिक प्रपत्र भरे तो जुर्माना के साथ होगी जेल की सजा

- कार्मिकों के पास 2003 की मतदाता सूची अवश्य उपलब्ध होनी चाहिए

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्रों की फीडिंग और मैपिंग के कार्यों का बुधवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा कटिंग मेमोरियल इंटरमीडिएट कॉलेज तथा कम्पोजिट विद्यालय,कबीरचौरा का औचक निरीक्षण किया। इस दरमियान फीडिंग और मैपिंग की अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई।

उन्होंने बूथवार ड्यूटी पर लगे कार्मिकों की उपस्थिति को चेक किया। उन्होंने कार्मिकों से कहा कि मैपिंग और फीडिंग के कार्यो में अधिक गैप न होने पाए। कहा कि मैपिंग के कार्यो में नियुक्त सभी कार्मिकों के पास 2003 की मतदाता सूची अवश्य उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि शीघ्रता से सत्यापन की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जाए।इस दौरान संबंधित बूथ के ईआरओ, ए ईआरओ, सुपरवाइजर व बीएलओ मौजूद रहे।

इसके अलावा उन्होंने निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इंटर कालेज, महमूरगंज का भी निरीक्षण विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यो के प्रगति का निरीक्षण किया। इसी क्रम में जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जिले में चल रहे निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) के सम्बन्ध लोगो से अपील करते हुए कहा है कि यदि किसी व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर मतदाता सूची में है, तो उसे कई स्थानों पर इन्यूमेरेशन फॉर्म (गणना प्रपत्र) प्राप्त हो सकता है, लेकिन उसे केवल एक ही गणना प्रपत्र पर भरने होंगे। एक व्यक्ति द्वारा कई गणना प्रपत्र भरने पर जुर्माने के साथ एक वर्ष तक की जेल की सजा भी हो सकती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता अपना गणना प्रपत्र अविलंब भरकर बीएलओ के पास जमा कर दें।

# बाबा लाटभैरव ओवरब्रिज में जल्द ही फर्राटा भरेंगी गाड़ियां, बड़ा इलाका होगा जाम मुक्त

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** जाम मुक्त करने की कवायत में वाराणसी को मिल रहा है एक और फ्लाईओवर जिसका नाम बाबा लाट भैरव फ्लावर रखा गया है।शासन के निर्देश अनुसार इसी दिसंबर में काम पूर्ण होकर पॉल को सुचारू रूप से जनता जनार्दन के लिए शुरू कर दिया जाएगा।

आपको बता दे की कज्जाकपुरा फ्लाईओवर को अब बाबा लाट भैरव फ्लाईओवर के नाम से जाना जाएगा और इसे यातायात के लिए दिसंबर माह यानी इसीमा लगभग एक हपते बाद आवागमन के लिए चालू कर दिया जाएगा। इस फ्लाईओवर की लगभग (1.356झ) किलोमीटर लंबा है। इसके चालू होने से कज्जाकपुरा रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से लोगों को स्थायी राहत मिलेगी। बता दे की कज्जाकपुरा क्षेत्र में दो रेलवे क्रॉसिंग होने के कारण लोगों को लंबे जाम का सामना करना पड़ता है। आरओबी के शुरू होने से लोगों को घंटों जाम में फंसना नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही आस-पास के क्षेत्रों में भी ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

इसके खुलने से वाराणसी,गाजीपुर, मऊ,बलिया,चंदौली, सारनाथ और आशापुर जैसे क्षेत्रों के बीच आवागमन आसान होगा। बता दे की साल 2014 में नरेंद्र मोदी के वाराणसी से सांसद बनने के बाद से लागतार विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। सड़कों का चौड़ीकरण हो या फिर पर्यटन संबंधित विकास कार्य। इन्हीं परियोजनाओं में एक कार्य है कज्जाकपुरा आरओबी का. इसका इंतजार वाराणसी के लोग कई सालों से कर रहे थे।

## अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती

**अवधनामा संवाददाता, बांसी सिद्धार्थनगर।** बार भवन मे बुधवार को भारत के प्रथम राष्टपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ए डी जे सत्य प्रकाश आर्य और पूर्व सांसद डा चंद्र शेखर त्रिपाठी ने डा राजेंद्र प्रसाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो को अपनाने की अपील किया।

कार्यक्रम को अधिवक्ता अशोक पाण्डेय,शेष दत्त पांडेय ,संध्या रानी श्रीवास्तव , आदित्य प्रकाश त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया। इस दौरान कवि डा ज्ञानेंद्र द्विवेदी दीपक और डा सुशील सागर ने काव्य पाठ कर लोगो की खूब वाहवाही लूटा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वकील रमेश चंद्र उपाध्याय और संचालन विनोद सिंह ने किया।

# बीएचयू में सुरक्षाकर्मियों से भिड़े छात्र, 100 से अधिक घायल

- तीन थाने, 10 चौकी और चार ट्रक पीएसी पहुंची परिसर में
- कुलपति आवास के बाहर जमा हो धरना देने लगे छात्र

**अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** बीएचयू में मंगलवार को आधी रात जमकर बवाल हुआ। पत्थरबाजी में बीएचयू के सुरक्षाकर्मियों व पुलिस समेत 100 लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद स्थिति को काबू करने के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस व पीएसी पहुंची।बताया गया कि,बीएचयू परिसर में राजाराम हॉस्टल के पास हुए एक मामूली विवाद ने कुछ ही देर में बड़ा रूप ले लिया,जिसके बाद छात्र और सुरक्षाकर्मी आमने-सामने आ गए। करीब तीन घंटे तक कैंपस में अफरातफरी, पत्थरबाजी, लाठीचार्ज और तोड़फोड़ की स्थिति बनी रही। घटना में 100 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें लगभग 50 छात्र, 40 सुरक्षाकर्मी और 10 से अधिक पुलिसकर्मी शामिल हैं। कई गंभीर घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनावपूर्ण बनी हुई है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और पीएसी को तैनात किया गया है।

बवाल के दौरान एलडी गेस्ट हाउस चौराहे के आसपास सबसे ज्यादा हिंसा हुई, जहां छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच तीखी भिड़ंत दर्ज की गई। मौके से 10 से अधिक सजावटी गमले टूटे मिले, वहीं कई वाहनों, कुर्सियों और अन्य सामग्री को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। तमिल संगमम कार्यक्रम से जुड़े ÷वणक्कम काशी÷ के दो बड़े पोस्टर भी फाड़ दिए गए। घटनास्थल के लगभग आधा किलोमीटर क्षेत्र में ईंट और पत्थरों का ढेर फैला मिला, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, विवाद तब शुरू हुआ जब एक छात्रा को कथित रूप से वाहन से टक्कर लग गई। इस पर छात्र शिकायत लेकर मौके पर पहुंचे,जहां सुरक्षाकर्मियों से कहासुनी बढ़ गई और मामला हिंसक रूप ले बैठा। दूसरी ओर, विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि घटना से पहले कुछ मुंह ढके छात्रों ने एक छात्र पर हमला किया था। सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद तनाव और बढ़ गया।

स्थिति बिगड़ने पर बड़ी संख्या में छात्र कुलपति आवास के बाहर जमा होकर धरना देने लगे। इसी दौरान अचानक पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिसके बाद पुलिस को छात्रों को हॉस्टल की ओर खदेड़ना पड़ा। हालात काबू में करने के लिए तीन थानों की पुलिस, 10 चौकियों का बल और चार ट्रक पीएसी को तैनात किया गया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. शिव प्रकाश सिंह ने बताया कि अभी तक किसी पक्ष से औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। हालांकि, प्रशासन सीसीटीवी फुटेज सहित सभी साक्ष्य जुटा रहा है। फिलहाल कैंपस में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन तनाव बना हुआ है।

# वाराणसी को तीन राज्य स्तरीय पुरस्कार मिले



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर अमरावती पुरुषोत्तम राजकीय बहुउद्देशीय दिव्यांग संस्थान एवं बचपन डे केयर सेन्टर,खुशीपुर, वाराणसी के प्रांगण में बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैट विधायक सौरव श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के दिव्यांगजनों को कुल 299 सहायक उपकरण का वितरण किया गया। जिसमें 24 कान की मशीन,80 ट्राई साइकिल,70 बैसाखी, 57 आई.डी. किट,32 ब्रेल किट,29 स्मार्ट केन,04 व्हील चेयर,03 मोटराईज्ड ट्राई साइकिल इत्यादि वितरण किया गया। अपने उद्बोधन में विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं का लाभ आप सबको मिलेगा और निरंतर मिलता रहेगा। उन्होंने इस संबंध में विस्तार से चर्चा किया।

# छेड़खानी का विरोध किए जाने पर मनचलों ने मां-बेटी पर लाठी-डंडों से किया हमला, दोनों घायल

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती, एक आरोपी को लिया हिरासत में

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** छेड़खानी का विरोध किए जाने पर मनचलों ने मां बेटी की मारपीट कर दी, जिससे मां को गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि बेटी को भी चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और जांच शुरू करने के बाद एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। यह घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के नयापुरा नैकाना में घटित हुई।

बताया कि उसकी बेटी अपनी सहेलियों के साथ कोचिंग से लौट रही थी, तभी इलाके के युवक आकाश अपने साथियों पंकज, अनी, हिमांशु और बल्लू के साथ पहुंचे और बेटी का रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने लगे। आरोप है कि युवकों ने अश्लील टिप्पणियां की और मोबाइल से उनकी तस्वीरें भी खींचीं। इस घटना से नाराज छात्राओं ने उसी रात कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पीडिता महिला ने बताया कि शादी से लौटने पर जबघटना की जानकारी मिली, तो वह बेटी को साथ लेकर आरोपी पंकज के घर पहुंचीं और युवक के परिजनों को घटना के बारे में बताया, जिससे युवक बौखला गया और लाठी डंडे लेकर महिला पर हमला कर दिया।

मां की मारपीट देख बेटी बचाने पहुंची तो उसे भी डंडो से मारपीट कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गई साथ ही छात्रा भी चुटहित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलते ही भवानी सेना की कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। भवानी सेना की नीतू ने आरोप लगाया कि इलाके में अक्सर छात्राओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं होती रहती हैं।

## एएमयू में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 13 एवं 14 दिसम्बर को

**अवधनामा संवाददाता, अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में 13 और 14 दिसम्बर को गुलिस्तान-ए-सैयद में वार्षिक गुलदाउदी (क्राइजैंथेमम), कोलियस और रोज शो 2025 आयोजित किया जाएगा, जिसमें मौसमी फूलों और सजावटी पौधों की रंग बिरंगी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

कुलपति प्रोफेसर नइमा खातून 13 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे पुष्प् प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी। यह प्रदर्शनी 13 दिसम्बर को 11.30 बजे से 5 बजे तक और 14 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी। 14 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे पुरस्कार वितरण समारोह होगा जिसकी अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज करेंगे। मेम्बर इनचार्ज, लैंड ऐंड गार्डन्स विभाग प्रोफेसर अनवर शहजाद ने बताया कि प्रदर्शनी में भागीदारी के लिए स्थानीय संस्थानों, स्कूलों, कॉलेजों, क्लबों, सोसाइटियों और एकल व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं।

## हिमांशु नागपाल को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार



**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी /लखनऊ।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ के ज्युपिटर हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा जनपद वाराणसी को 03 राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये गये। पहला हिमांशु नागपाल (तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी वर्तमान नगर आयुक्त, वाराणसी) को दिव्यांगजनों के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, दूसरा-केशव जालान को सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट एजेन्सी हेतु, तथा तीसरा-किन्नी विरल देसाई(ब्लाइंड पीपुल्स एसोसिएशन इण्डिया) को दिव्यांगजनों हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता हेतु पुरस्कार प्रदान किया गया।

## खाली पड़े घर को चोरों ने खंगाला, गहने चोरी केस दर्ज

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बुदहट में सोमवार को शाम 3.30 बजे के करीब चोरों ने खाली पड़े मकान में घुसकर आलमारी का लॉकर तोड़ कर उसमें रखा गहने चुरा ले गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के बुदहट निवासी करिश्मा पुत्र संचितानंद जो सोमवार को अपराह्न 3.30 बजे मकान को बंद कर परिवार सहित छप्पर के मकान पर गई थी। शाम 5.30 बजे जब वह घर वापस लौटी तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। अंदर देखा आलमारी का लॉकर भी टूटा था। उसमें रखा पावजेब,बिछिया,अंगूठी, नथिया, चैन, चोर चुरा ले गए थे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## एएमयू अब्दुल्ला स्कूल में खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित

**अवधनामा संवाददाता, अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अब्दुल्ला स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिनमें बच्चों ने उत्साह, प्रतिभा और खेलभावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल अधिक्षिका उमरा जहीर ने किया। उन्होंने कहा कि बढ़ती तकनीकी दुनिया में बच्चों में शारीरिक फिटनेस और संतुलित जीवनशैली के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। दिन भर कई रोचक प्रतियोगिताएँ आयोजित हुई। कक्षा 5 और कक्षा 4 के छात्रों के बीच क्रिकेट मैच में कक्षा 5 विजयी रही। बैडमिंटन में भी कक्षा 5 की छात्राओं ने कक्षा 4 की छात्राओं को हराकर जीत दर्ज की। जूनियर वर्ग के बच्चों ने रस्साकशी, बुक बैलेंसिंग रेस और सिंपल रेस में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षकों अजीम हामिद और जावेद अली ने किया, जबकि संचालन मेराजुद्दीन ने की।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रामनगरिया मेल की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई



**अवधनामा संवाददाता, फर्रूखाबाद।** जिलाधिलारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में 03 जनवरी से 03 फरवरी तक चलने बाले मेला श्री रामनगरिया में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिलारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पंडाल के मंच पर होने बाले कार्यक्रमों की तैयारियों को समय से पूरा कर ले, पारंपरिक रूप से होने बाले कार्यक्रमों का विशेष ख्याल रखा जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिलारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एसआईआर फार्म भरवाने के कार्य में लगे एक शिक्षामित्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत





- कुए में मिला शव, मृतक के परिजनों ने एसआईआर कार्य के बोझ के कारण आत्महत्या की जताई आशंका

**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) फार्म भरवाने में जुटे एक शिक्षामित्र की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। शिक्षामित्र का शव एक कुए में पाया गया। मृतक के परिजनों ने एसआईआर कार्य के बोझ के कारण आत्महत्या की आशंका जताई है। हालांकि प्रशासन ने इससे इंकार करते हुए बताया कि शिक्षामित्र सिर्फ बीएलओ के सहयोग के लिए लगाए गए थे और उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था, बल्कि बूथ संख्या 31 पूर्व माध्यमिक विद्यालय पवा की टीम का बेहतर कार्य चल रहा है, 73 फीसदी से ज्यादा वहां का कार्य हो चुका है।

डीएम ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की महत्वता और समय से कार्य पूर्ण करने के उद्देश्य से बूथ संख्या 31 पूर्व माध्यमिक विद्यालय पवा में बीएलओ के अलावा अन्य फील्ड स्टाफ रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, सचिव आंगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा बहन, शिक्षमित्र, कोटेदार और लेखपालों को सहयोग के लिए निर्देशित किया गया था। शंकरलाल पवा के विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत् थे जो विशेष गहन पुनरीक्षण में प्रत्यक्ष रुप से कोई कार्य नहीं कर रहे थे, उन्हें सिर्फ सहयोग के लिए लगाया गया था। वहां पर बीएलओ ब्रजेंद्र सिंह थे और शंकरलाल राजपूत फील्ड टीम का हिस्सा थे।

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने बताया कि बीएलओ ब्रजेंद्र सिंह ने 1344 मतदाताओं के सापेक्ष 909 फार्मो का डिजीटाइजेशन और 75 मतदाताओं को अनकलेक्टेबल डिजीटाइजेशन किया, इस तरह 984 मतदाताओं का डिजीटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पवा के प्राथमिक विद्यालय में शंकरलाल शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे, जिन्हें बीएलओ के सहयोग के लिए लगाया गया था, इसलिए शिक्षामित्र पर कोई दबाव नहीं था, क्योंकि वह प्रत्यक्ष रुप से बीएलओ का कार्य नहीं कर रहे थे। उन्हें लोगों को कैसे फार्म भरना है, इसके लिए लगाया गया था। पवा गांव में किसी पर भी कोई कार्रवाई की सूचना भी नहीं मिली है, जिससे कि पता चले वहां की बीएलओ टीम दबाव में काम कर रही थी। डीएम ने बताया कि शिक्षामित्र का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति और स्पष्ट हो जाएगी।

# एसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



**अवधनामा संवाददाता**

- एसपी ने फरियादियों को दिया निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही का आश्वासन

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में बुधवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनपदवासियों की समस्याओं को सुनने एवं उनके त्वरित समाधान के लिए आयोजित इस जनसुनवाई में फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं।

पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए फरियादियों को निष्पक्ष, पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए, ताकि आमजन का पुलिस पर भरोसा और अधिक सुदृढ़ हो।

जनसुनवाई के दौरान उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद करते हुए पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत उन्हें सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से अवगत कराया तथा निर्भीक होकर अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# विसुही नदी पुल के पास मिला अधेड़ का शव



अवधनामा संवाददाता

**हैदरगंज-अयोध्या।** बुधवार की सुबह न्यूना पूरब गांव के पास विसुही नदी पुल के समीप एक अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव दिखने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और घटना की सूचना तेजी से फैल गई।सूचना पर हैदरगंज थाना पुलिस, तारुन थाना, तथा बीकापुर कोतवाली पुलिस भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। इसके कुछ ही देर बाद फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक सैंपल एकत्र किए। मऊ गांव की कुछ महिलाएँ सुबह की दिनचर्या के दौरान पश्चिम दिशा में गईं तो उन्होंने नदी किनारे झाड़ियों के पास एक अधेड़ का शव देखा। महिलाओं ने तुरंत ग्रामीणों और ग्राम प्रधान परशुराम निषाद को इसकी सूचना दी। ग्राम प्रधान की जानकारी पर कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। शुरुआती जांच के दौरान शव की पहचान नहीं हो सकी और फॉरेंसिक टीम की जाँच पूरी होने के बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। इस बीच पुलिस ने सोशल मीडिया और सर्विलांस की मदद से पहचान कराने का प्रयास जारी रखा।पुलिस सड़क मार्ग पर पड़े खून के धब्बों का पीछा करते हुए रप्टा पुल से करीब 7 किलोमीटर दूर पलटूवीर पुल तक पहुंची, जिससे आशंका गहरी हो गई कि घटना किसी दूसरी जगह हुई हो और शव यहां लाकर फेंका गया हो ।दोपहर में बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सहावा गांव के ग्राम प्रधान सतनारायण, तथा ग्रामीण अनिल कुमार और सुनील कुमार ने सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरों से शव की पहचान अपने पिता यदुनाथ के रूप में की और हैदरगंज पुलिस से संपर्क किया।

परिजनों ने बताया कि यदुनाथ मंगलवार शाम करीब 6 बजे गांव के ही एक व्यक्ति के यहां मजदूरी कर ?400 लेकर निकले थे, लेकिन वह घर नहीं पहुंचे। मृतक के दो पुत्र और दो पुत्रियाँ हैं, जिनमें से एक पुत्र और एक पुत्री की शादी हो चुकी है।

मौके पर पहुंचे सीओ मिल्कीपुर अजय कुमार और एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने परिजनों से जानकारी ली और पुलिस टीम को आगे की कार्रवाई के निर्देश दिए। एसपी ग्रामीण ने घटनास्थल का भी गहन निरीक्षण किया।थानाध्यक्ष हैदरगंज विवेक कुमार राय ने बताया कि शव की पहचान कर ली गई है और परिजन तहरीर दे रहे हैं। पुलिस विभिन्न कोणों से घटना की जांच में लगी हुई है और हत्या की आशंका से इंकार नहीं किया जा रहा है।

# आज से शुरू होगा सूफी संत मखदूम साहब का उर्स



अवधनामा संवाददाता

**रूदौली अयोध्या।** 609 वें उर्स ए शेख उल आलम की शुरुआत सज्जादा नशीन मुतवल्ली शाह अम्मार अहमद अहमदी नय्यर मियां की कयादत में कल 4 दिसम्बर बाद नमाज़ फज्र सुबह छह बजे मस्जिद दरगाह शरीफ़ में कुरान ख्वानी जलसे ईद मिलादुन्नबी के साथ शुरू हो जाएगा। हिंदू मुस्लिम एकता की प्रतीक दरगाह विश्व विख्यात सूफ़ी संत शेख अहमद अब्दुल हक़ मखदूम साहब का उर्स विधिवत रूप से शुरू हो जाएगा कल 4 दिसम्बर की रात में दरगाह शरीफ में महफिल ए समा (कव्वाली) होगी जिसमें देश भर से कव्वाल आकर हाजरी लगाएंगे और सूफ़ी कलाम के साथ अपनी श्रद्धा का इजहार करेंगे। उर्स में काफी बड़ी संख्या में जायरीन के आने की संभावना है जिसको देखते हुए सज्जादा नशीन नय्यर मियां द्वारा उनके रहने खाने की व्यवस्था हमेशा की तरह इस बार भी की गई है। उर्स का समापन 7 दिसंबर को मखदूम साहब के झुब्बा शरीफ पवित्र वस्त्र की जियारत के साथ होगा।

# बार बेंच मे बना रहे सामंजस्य : संतोष कुमार

## अधिवक्ता दिवस पर तीन वरिष्ठ अधिवक्ता हुए सम्मानित





अवधनामा संवाददाता

**रुदौली अयोध्या।** पूर्व राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस के अवसर पर रुदौली तहसील मे स्थिति अधिवक्ता सभागार मे अधिवक्ता दिवस का आयोजन हुआ । कार्यक्रम मे बोलते हुये कार्यक्रम के मुख्यअतिथि उपजिलाधिकारी रुदौली संतोष कुमार ने कहा की बार बेंच का सामजस्य बना रहे इसका पूरा प्रयास रहेगा अधिवक्ता गण का कोई कार्य रुकने नही दूंगा । बार द्वारा किए गए सम्मान की सराहना की । विशिष्ट अतिथि तहसीलदार रुदौली विजय कुमार गुप्ता व नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला ने अधिवक्ता दिवस पर सम्मानित अधिवक्ताओ को शुभकामनाये देते हुये कहा कि यह एक अच्छी परंपरा है जिसमे वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जाता है । तहसील मे बार बेंच में तालमेल से ही सब सम्भव है । बार अध्यक्ष चौधरी अजीमुद्दीन ने कहा कि डा राजेंद्र प्रसाद जब राष्ट्रपति थे तब उनके जन्मदिन बनाने बात हुई तो उन्होंने कहा मैं अधिवक्ता समाज से आया हूँ इस लिए मेरा जन्मदिन अधिवक्ता दिवस के रूप मे मनाया तब से पूरे भारत मे आज के दिन को अधिवक्ता दिवस के रूप मे मनाने की परंपरा है । पूर्व अध्यक्ष राम भोला तिवारी ने राजेंद्र प्रसाद के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव, हरिनरायन यादव, निहाल अख्तर को रामायण , कुरान , डायरी सहित अन्य सामान देकर माल्यापर्ण व शाल देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी अजीमुद्दीन व संचालन अब्दुल हई खाँ ने किया । इस मौके पर साहब सरन वर्मा , अफसर रजा रिजवी ,अली हैदर ,कुल भूषण यादव, गोरखनाथ तिवारी (सभी पूर्व अध्यक्ष) वेद प्रकाश तिवारी , गयाशंकर निषाद, मो फहीम खाँ , बालेन्द्र सिंह , महामंत्री अमर सिंह यादव , राम मनोरथ वर्मा , उत्तम वर्मा , राजेश पाण्डेय , इन्द्र बहादुर सिंह , गोविंद प्रताप सिंह , अजय सिंह, आशीष वैश्य, अब्दुल जब्बार , रियाज अंसारी, राजेश मिश्रा सहित काफी संख्या मे अधिवक्ता मौजूद रहे ।

# पिता के सब समझ में आए तब, अपनी औलाद जब गोद में उठाए थे सुनकर लोग हुवे भावुक



अवधनामा संवाददाता

**रामनगर बाराबंकी।** रामनगर तहसील क्षेत्र के कस्बा रानीगंज में डॉ शर्मेश शर्मा ने अपने पिता स्व भगीरथ शर्मा की पुण्यस्मृति में मंगलवार को कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि बृजपाल सिंह ज्ञानू बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक सुनील सिंह, पं. विजय दत्त मिश्रा राकेश मिश्रा द्वारा मां भारती का माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि ने कवियों आगंतुओं को अंगवस्त्र देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया । कार्यक्रम के शुभारंभ में कवियत्री शशि श्रेया ने सरस्वती वंदना में शारदे शारदे शारदे गीत प्रस्तुत किया ।कवि नागेंद्र सिंह की कविता मायने पिता के सब समझ में आए तब, अपनी औलाद जब गोद में उठाए थे सुन लोग भावुक हो गए। लोकगीत कर जगन्नाथ दीक्षित निर्दोष की कविता जब लड़का पहिरिहैं खादी तौ पढ़ाई को करिहै को लोगों ने खूब सराहा।

लखनऊ से आए कवि लोकेश त्रिपाठी ने पढ़ा मर गई माँ तो बट गए जेवर बट गया घर पिता के मरते ही। राष्ट्रीय कवयित्री शशि श्रेया की पंक्तियाँ नफरतों ने तो यहां सरहदें उठाई हैं प्रेम ही आदमी को आदमी बनाता है सुन श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए । कवयित्री संध्या त्रिपाठी ने पढ़ा मैं अधरों पर तेरे प्रियतम मधुर मुस्कान दे दूंगी सुन श्रोता वाह वाह करने लगे ।डॉ ओम शर्मा ओम की पंक्तियां बूढ़े मां-बाप को भगा करके लोग कुत्तों को पाल लेते हैं श्रोता विचार मग्न हो गए ।सुफियान ने पढ़ा अदब से आया हूं मैं अदब से जाऊंगा मोहब्बत से मैं अपनी चार मिसरो को सुनाऊंगा।

# धान खरीद में तेजी लाएँ, किसानों को कतई न हो असुविधाः डीएम

## जनपद में 6182 किसानों से हो चुकी है 30752 मीट्रिक टन धान खरीद



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद में संचालित धान खरीद की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में संपन्न हुई। बैठक में एडीएम निरंकार सिंह, डिप्टी आरएमओ राजीव कुलश्रेष्ठ सहित राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी और विभिन्न राइस मिलों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।जिलाधिकारी ने जनपद के सभी धान खरीद केंद्रों पर की जा रही खरीद की विस्तार से समीक्षा की और स्पष्ट कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्रों पर खरीदे गए धान का उठान किसी भी स्थिति में विलंबित न हो तथा इसे अनुबंधित राइस मिलों को तत्काल भेजा जाए, ताकि धान खरीद की गति बनी रहे और किसानों को राहत मिले। डिप्टी आरएमओ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के लक्ष्य 175000 मीट्रिक टन के सापेक्ष अब तक कुल 6182 किसानों से 30750 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आई कि जनपद में कुल 379 अनुबंध किए जाने थे, किन्तु अब तक मात्र 163 अनुबंध ही अंतिम रूप ले सके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराज़गी व्यक्त करते हुए कहा कि संबंधित केंद्र प्रभारी मिल संचालकों के साथ समन्वय बनाकर सप्ताह के अंत तक सभी अनुबंध प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराए। बैठक में फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफ0आर0के0) तथा अन्य तकनीकी मुद्दों पर राइस मिलर्स द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया कि इन सभी बिंदुओं को शासन को भेजकर शीघ्र समाधान प्राप्त किया जाए, ताकि खरीद कार्य निर्विघ्न रूप से संपादित हो सके।जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों के हित सर्वोपरि हैं, और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि धान खरीद, उठान एवं भुगतान कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा या अवरोध न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं राइस मिल संचालकों से अपील की कि सामूहिक प्रयासों के साथ धान खरीद को पूर्णतया सुचारु, समयबद्ध और पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराया जाए।

### बिना सूचना अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

समीक्षा बैठक के दौरान बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए गए ए.आर. कोऑपरेटिव, मंडी सचिव बाराबंकी तथा पीसीयू के जनपदीय खरीद प्रभारी के विरुद्ध जिलाधिकारी ने कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन बाधित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए।

# एसआईआर पुनरीक्षण अभियान को गति देने हेतु भाजपा कार्यालय में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गति देने के उद्देश्य से भाजपा कार्यालय सहादतगंज में मानरीटिंग टीम और प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बूथवार डाटा फीडिंग, फॉर्मों की वापसी तथा अब तक हुए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही एसआईआर के द्वितीय चरण में दावे-आपत्तियों के निराकरण और नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा हुई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि 16 दिसंबर से एसआईआर का दूसरा चरण प्रारंभ होगा, जिसमें नए मतदाताओं को जोड़ा जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बूथ समितियों के साथ सघन समन्वय स्थापित करते हुए युवा वोटरों और पात्र नागरिकों की पहचान सुनिश्चित करें। श्रीवास्तव ने कहा कि घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाकर योग्य मतदाताओं को सूचीबद्ध किया जाए और उन्हें मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए आवश्यक प्रपत्र भरवाए जाएं।

## दो पक्षों में हुई मारपीट दोनों पक्षो के एक-एक लोग हुए घायल

**रामनगर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)**गोदाम के पास वाहन खड़ा करके माल लादने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्रों व सभासद प्रतिनिधि व उनके भाइयों के बीच हुई मारपीट में दोनों तरफ के दो लोग घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी रामनगर भिजवाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरो ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामला संवेदनशील होने के चलते मौके पर पुलिस बल की तैनाती की गई है ज्ञात हो कि नगर पंचायत रामनगर के अध्यक्ष रामशरण पाठक के घर के ठीक सामने सभासद प्रतिनिधि शुभम जायसवाल का गोदाम बना हुआ है जहां से चौपहिया वाहनों पर माल लोड किया जाता है वाहन रास्ते में खड़े होने के चलते लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है इसी के मद्देनजर नगर पंचायत द्वारा सभासद के पति शुभम जायसवाल को एक नोटिस भी दी जा चुकी है इसके बावजूद बुधवार को गोदाम के सामने वाहन खड़ा करके माल की लोडिंग की जा रही थी अध्यक्ष के पुत्रों ने रास्ते में खड़े वाहन को लेकर आपत्ति जताई जिस पर कहासुनी के बाद मामला मारपीट में बदल गया। मारपीट में दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी रामनगर भिजवाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया लेकिन मारपीट करने वाले लोग मौके से फरार हो गए थे। मामला संवेदनशील होने के चलते शांति बनाए रखने के लिए घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात है।

## फर्जी कंपनी के नाम पर धोखाधड़ी का लगाया आरोप

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/एफटीसी न्यायालय में उमेश कुमार गुप्ता निवासी खजुरिया, थाना चौक द्वारा धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत एक प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है। प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि उसकी पूर्व परिचित अनिल यादव द्वारा एसवीजी ग्लोबल एलएससी दुबई नामक फर्जी कंपनी के नाम पर क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर 20 माह में रकम तीन गुना करने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी की गई।

प्रार्थी के अनुसार, अनिल यादव से पुराने संबंधों के कारण उसने स्वयं निवेश किया और उसके भरोसे पर कुशीनगर, महराजगंज, गोरखपुर व अन्य जनपदों के 200 से अधिक लोगों ने भी करीब एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि विभिन्न माध्यमों से जमा की। बताया गया कि निवेश की शुरुआत जनवरी 2022 से हुई थी और जुलाई 2023 तक कुछ लोगों को आंशिक भुगतान भी किया गया, लेकिन इसके बाद अनिल यादव ने रुपये वापस देने में टालमटोल शुरू कर दी। प्रतिदिन मीटिंग कर केवल आश्वासन दिया जाता रहा, पर पैसा नहीं लौटाया गया। प्रार्थी ने यह भी कहा कि मामले की शिकायत चौक थाने तथा पुलिस अधीक्षक महराजगंज को डाक द्वारा भेजी गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इससे पहले दायर प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र संख्या 1178/2025 भी अदम पैरवी के कारण खारिज हो गया था, जिसके बाद यह नया प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया है।

# कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या** । आगामी 14 दिसंबर को होने वाली दिल्ली की महारैली में जिला कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता भाग लेंगे, यह निर्णय जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में सर्व सम्मति से लिया गया , बैठक की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कांग्रेस पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है, कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता भारत की माटी का सच्चा सपूत है और वह अपने देश के लिए कुछ भी करने का जज्बा रखता है, श्री सिंह ने कहा आजादी की लड़ाई में कांग्रेस जनों ने कुर्बानी दी ,कांग्रेस पार्टी का कुर्बानी का इतिहास रहा है जो अन्य पार्टियों में देखने को नहीं मिलता, उन्होंने कांग्रेस जनों का आवाहन किया जिस प्रकार आजादी की लड़ाई में कांग्रेसियों ने अंग्रेजों को भारत से भगा दिया आज फिर इस जज्बे के साथ भारतीय जनता पार्टी को इस देश से मिटाना होगा, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा पार्टी की मजबूती के लिए कांग्रेस जन कांग्रेस शासन में किए गए कार्यों को जनता के समक्ष उठाएं।बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा आज देश के नौजवानों में राहुल गांधी आईकान के रूप में है और देश का नौजवान राहुल गांधी में अपना भविष्य देख रहा है कांग्रेस जनों को मजबूती के साथ जनता की भावनाओं के अनुरूप पार्टी को और मजबूती देने की दिशा में आगे बढ़ना होगा, श्री पाठक ने कहा कि आगामी 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में होने वाली महा रैली में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की वकालत की, बैठक का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अनिल तिवारी ने किया बैठक में उपस्थित प्रमुख लोगों में राम अवध पासी, राजकुमार पांडे,रामकिशोर बर्मा, राज प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रसाद किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजकुमार पांडे ,रणजीत सिंह, हृदय नारायण मिश्रा,जनार्दन मिश्रा, रामचरित्र वर्मा, बृजेश वर्मा, बुद्धि लाल, आदिल कुरेशी, श्रीनाथ सिंह,पंकज सिंह,उमेश उपाध्याय, सुफियान, सान मोहम्मद आदि प्रमुख लोग रहे।

## बूथ स्तर पर एसआईआर अभियान की तैयारियों की समीक्षा

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के रानी बाजार मंडल के सिड़हिर गांव स्थित विभिन्न बूथों पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भाजपा नेता इंजीनियर रणवीर सिंह ने बूथ कमेटियों के साथ बैठक की। बैठक में बूथ कमेटियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण के महत्व और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। गांव में घर-घर सम्पर्क कर लोगों से अभियान प्रगति की जानकारी ली। बैठक में बूथवार डाटा फीडिंग, के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इंजीनियर रणवीर सिंह ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में व्यापक सहभागिता सुनिश्चित होती है। उन्होंने बूथ कमेटियों से कहा कि वे घर-घर जाकर नए मतदाताओं की पहचान करें, युवाओं को विशेष रूप से जागरूक करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे।

# खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता हैः चंद्रभानु



अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** शिक्षाक्षेत्र मिल्कीपुर में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व कबूतर उड़ाकर किया। प्रतियोगिता में शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के जूनियर स्तर पर 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और गोला क्षेपण तथा प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ आयोजित की गई। फील्ड स्पर्धाओं में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, समूहगान, अंत्याक्षरी, मानचित्र और सुलेख प्रतियोगिताएं हुईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देश गीत और समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। 100 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय टिकरा की ज्योति ने प्रथम तथा प्राथमिक विद्यालय सलोनी की शांति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# जिलाधिकारी ने उर्वरक बिक्री का निरीक्षण कर किसानों से जाना जमीनी हकीकत



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने खरीफ विपणन वर्ष के तहत साधन सहकारी समिति चिउरहा में धान खरीद एवं उर्वरक बिक्री का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उर्वरक बिक्री की समीक्षा की। स्टॉक रजिस्टर के अनुसार अब तक 1404 बोरी यूरिया और 2133 बोरी डीएपी की बिक्री हो चुकी है, जबकि क्रमशः 656 बोरी यूरिया और 17 बोरी डीएपी स्टॉक में उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया तथा किसानों अदालत और रामप्रताप से संवाद कर उनसे प्राप्त सुविधा की जानकारी ली। किसानों ने उर्वरक वितरण व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने किसानों को फॉर्मर आईडी और सदस्यता कार्ड रखने हेतु प्रेरित किया। केंद्रीय उपभोक्ता सहकारी भंडार के निरीक्षण में प्रभारी विनोद कुमार यादव ने बताया कि अब तक 75 किसानों से 1634.6 कुंतल धान खरीदा गया है तथा सभी किसानों को भुगतान किया जा चुका है। मौके पर किसान शिवम पटेल के धान की तौल भी देखी गई। जिलाधिकारी ने धान में 14.6त्न नमी पाई, जो अनुमन्य सीमा के भीतर है। जिलाधिकारी ने जिला प्रबंधक को मिलर्स से समन्वय कर जल्द लॉट भिजवाने का निर्देश दिया। उन्होंने बोरों की उपलब्धता की भी समीक्षा की और सभी क्रय केंद्रों पर कर्मचारियों के नाम व मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने धान के सुरक्षित भंडारण, सीमांत किसानों से अधिक खरीद, पारदर्शी प्रक्रिया और समय से प्रेषण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही, पूर्व वर्षों में धान बेचने वाले किसानों से संपर्क कर खरीद बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला सूचना अधिकारी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी एवं पीसीयू के जिला प्रबंधक उपस्थित रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया उत्साह



अवधनामा संवाददाता

**चिउटहां(महराजगंज)।** विकास खंड निचलौल के ग्राम सभा भेड़िया में स्थित जय प्रकाश इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेल का आज शुभारंभ हुआ। खेल का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक मानवेंद्र सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय जयप्रकाश सिंह जी की पुण्यतिथि पर वार्षिक खेल का आयोजन दिसंबर माह में किया जाता है जिसका शुभारंभ जय प्रकाश सिंह की पुण्यतिथि से एक दिन पूर्व शुभारंभ किया जाता है जिसमें विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाता है तथा द्वितीय दिन पुण्यतिथि के अवसर पर विजई बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है । वार्षिक खेल में कबड्डी, रस्सा खींच,रंगोली, लंबी कूद, दौड़, रस्सी कूद, जलेबी कूद, बोरा दौड़ इत्यादि हिंदी और अंग्रेजी सुलेख इत्यादि खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन मनोज सिंह और संदीप कुमार यादव द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्रवण कुमार शर्मा प्रवक्ता कविंद्र नाथ उपाध्याय ,मिथिलेश चौहान, विष्णु पटेल, अभिषेक पटेल, हरेंद्र गुप्ता, शिक्षक यादव सत्यानंद चौहान पवन यादव सच्चिदानंद विवेक सिंह शिक्षिका प्रीति तिवारी, पूनम गोंड, सोनम सैनी, ममता, कनक आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसआईआर कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लखिमा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम में उन्होंने बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्रों के वितरण, प्राप्ति और डिजिटाइजेशन की प्रगति की जानकारी ली तथा धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तुरंत गति बढ़ाने के निर्देश दिए। पंचायत भवन स्थित बूथों पर डिजिटाइजेशन प्रगति इस प्रकार मिली–बूथ 270 पर 968 में से 632, बूथ 271 पर 1080 में से 617, बूथ 272 पर 1091 में से 772, बूथ 273 पर 1083 में से 701 तथा बूथ 274 पर 1106 में से 659 प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूर्ण था। जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिया कि अनुपस्थित मतदाताओं को न्यूनतम तीन बार बुलावा भेजा जाए तथा प्रपत्रों के साथ संलग्न तस्वीरें स्पष्ट हों; आवश्यकता होने पर बीएलओ मोबाइल से फोटो लेकर उसे संलग्न करें। उन्होंने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रेम प्रकाश पांडेय को कम प्रगति वाले बूथों की सूची बनाकर नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। इसके बाद जिलाधिकारी ने पंचायत भवन में संचालित फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया। पंचायत सहायक ने बताया कि अब तक ज्ज किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है, जबकि नाम की विसंगति और वरासत अद्यतन न होने के कारण कुछ मामलों में रजिस्ट्री अटकी हुई है। जिलाधिकारी ने ऐसे मामलों की सूची तहसील को भेजकर शीघ्र सत्यापन कराने का निर्देश दिया तथा ग्रामीणों को बताया कि भविष्य में अधिकांश कृषि योजनाएं फॉर्मर आईडी के आधार पर ही मिलेंगी, इसलिए सभी किसान अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। आयुष्मान कार्ड बनवाने आई महिलाओं से संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें अन्य पात्र लोगों को भी कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करने को कहा और बताया कि आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रेम शंकर पांडेय, तहसीलदार सदर पंकज शाही, नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, बीडीओ परतावल संतोष यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता को लेकर प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन

**आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार बुधवार को प्रभारी जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहम्मद रफी की अध्यक्षता में आगामी 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारी के साथ प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्र जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोहम्मद रफी ने कहा कि लोक अदालत में वे ही वाद शामिल किए जाएं, जिनमें समझौते की प्रबल संभावना हो। इसके लिए प्रत्येक न्यायिक अधिकारी अपने न्यायालय में अधिक से अधिक लंबित व विचाराधीन मामलों की सूची तैयार करें और उनमें से प्रकरणों का चयन करें उन्हें निस्तारित कराने पर जोर दें। विशेष रूप से चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद, एमवी एक्ट, बैंक ऋण वसूली, विद्युत बिल विवाद, श्रम संबंधी मामले, एवं अन्य सिविल प्रकृति के प्रकरणों को प्राथमिकता देने की बात कही गई। बैठक के अंत में सभी न्यायिक अधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक वाद निस्तारित करने का आश्वासन दिया।

नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत बीरेन्द्र कुमार द्वारा बैठक में उपस्थित सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि वे पैरालीगल वालिन्टियर के माध्यम से जिला मुख्यालय तथा विभिन्न तहसीलों में ऐसे स्थान जहां जनसामान्य की अधिकाधिक संख्या मौजूद हो जैसे न्यायालय, कलेक्ट्रेट, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, हाट बाजार तहसील मुख्यालय, बैंक आदि जगहों पर लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु लोक अदालत एवं उसमें नियत की जा सकने वाले वादों की अधिकाधिक जानकारी व प्रचार-प्रसार हेतु प्रयास करें व जनसहभागिता सुनिश्चित करें।

बैठक में बीरेन्द्र कुमार अपर जनपद न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट)/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, मनोज कुमार तिवारी विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 एक्ट, अनुभव कटियार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अरूण कुमार-चतुर्थ अपर सिविल जज सीडि, शैलेन्द्र नाथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, वकील सिविल जज सीडि/एफटीसी, धम्म कुमार सिद्धार्थ सिविल जज जूडि, श्रेय कुमार वर्मा सिविल जज जूडि/एफटीसी-प्रथम एवं श्रीमती ऋद्धा चौधरी सिविल जज जूडि/एफटीसी-द्वितीय उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी का निरीक्षण

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, जनरल वार्ड, लेबर रूम, पैथालाजी आदि को देखा। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नहीं पाया गया, जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी डाक्टर व कर्मचारी समय से उपस्थित रहें। मरीजों का ठीक ढंग से चिकित्सा सुविधा व जांच उपलब्ध करायें। मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाये। एक्स-रे मशीन को संचालित करायें तथा गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउण्ड की सुविधा उपलब्ध कराये। अधिक से अधिक डिलीवरी अस्पताल में करायें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बांसी व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# डीएम की सख्ती का धान क्रय केंद्र पर औचक निरीक्षण पर दिखा असर

**अनुपस्थित प्रभारी का रोका गया वेतन**

दानिश मेहदी



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बुधवार को जिले के विभिन्न धान ऋय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ा संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान बी.पैक्स खजुरी करौंदी में केंद्र प्रभारी अनुपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल उनका वेतन रोकने व स्पष्टीकरण तलब करने के आदेश दिए।

जिलाधिकारी ने बी.पैक्स खजुरी करौंदी एवं बी.पैक्स मालीपुर सहित मंडी क्षेत्र के कई ऋय केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर जमा धान की नमी जांच की, किसानों से टोकन व भुगतान की स्थिति जानी तथा मौके पर मौजूद किसानों व टोकन रजिस्टर में दर्ज कई किसानों से फोन पर बात कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

श्रीमती शुक्ला ने क्षेत्रीय विपणन अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि सभी ऋय केंद्रों से राइस मिलों के लिए धान की त्वरित उठान सुनिश्चित की जाए ताकि केंद्रों पर जगह की कोई कमी न रहे और खरीद कार्य निर्बाध चले। साथ ही उन्होंने वाहनों की समय से उपलब्धता तथा किसानों को धान बेचने के 24 घंटे के अंदर भुगतान करने के सख्त आदेश दिए। जिलाधिकारी ने सभी केंद्र प्रभारियों को चेतावनी दी कि अपराह्न 5 बजे तक ऋय केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और खरीद कार्य सुचारू रखें। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान किसानों ने जिलाधिकारी से धान की शीघ्र उठान और तुरंत भुगतान की मांग की, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी की इस सख्ती से ऋय केंद्रों पर हड़कंप मच गया है तथा अधिकारियों ने खरीद व उठान प्रक्रिया को तेज करने का आश्वासन दिया है।

# सांसद ने बढ़नी से देश के प्रेम हेतु नई रेल सेवाएँ शुरू किए जाने का उठाया मुद्दा



**सांसद ने कहा कि बढ़नी से नई रेल सेवाओं को यथा शीघ्र किया जाए प्रारंभ**

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने शून्यकाल में बढ़नी से देश के प्रमुख महानगरों हेतु नई रेल सेवाएँ शुरू किए जाने का मुद्दा उठाया।

लोकसभा के शून्यकाल में सांसद माननीय जगदम्बिका पाल ने बढ़नी रेलवे स्टेशन से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय को सदन के समक्ष प्रभावशाली ढंग से उठाया। सांसद ने कहा कि बढ़नी भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एक अत्यंत संवेदनशील और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्टेशन है, जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से मात्र 100-200 मीटर की दूरी पर होने के कारण नेपाल से आने-जाने वाले यात्रियों, पर्यटकों, श्रद्धालुओं तथा व्यापारिक आगंतुकों के लिए भारत का प्रमुख प्रवेश द्वार है। उन्होंने जोर दिया कि बढ़नी की सामरिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक महत्ता को देखते हुए यहाँ से देश के प्रमुख महानगरों ङ्क दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता ङ्क हेतु नई रेल सेवाओं की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री पाल ने सदन के माध्यम से रेल मंत्रालय से अनुरोध किया कि इस सीमावर्ती क्षेत्र की कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने, व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा देने तथा भारत-नेपाल मैत्री संबंधों को और मजबूत करने के लिए बढ़नी से नई रेल सेवाओं को यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि नई रेल सेवाएँ शुरू होने से न केवल स्थानीय जनता को अत्यधिक लाभ मिलेगा, बल्कि यह समूचे पूर्वांचल एवं भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

## डीएम ने किया नहरों में सिल्ट सफाई/ स्कैपिंग व जंगल सफाई के कार्य का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिल्ट सफाई कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा बुधवार को सरयू नहर खण्ड प्रथम बांसी के सिसई रजवाहा एवं मिठवल रजवाहा का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सिसई रजवाहा एवं मिठवल रजवाहा के नहरों में सिल्ट सफाई/स्कैपिंग/ जंगल सफाई के कार्य को देखा गया। सिल्ट सफाई का कार्य प्रारम्भ पाया गया। जिलाधिकारी ने सिल्ट सफाई कार्य में धीमी प्रगति पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये अधिअभि सरयू नहर खण्ड प्रथम बांसी को सिल्ट सफाई/स्कैपिंग/जंगल सफाई कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

जेई को नियमित कार्य का निरीक्षण कर सिल्ट सफाई/स्कैपिंग/ जंगल सफाई कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधि अभि सरयू नहर खण्ड प्रथम बांसी, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता आदि मौजूद रहे।

# राजकीय हाईस्कूल में हुआ छात्र सम्मेलन व वार्षिकोत्सव

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर अम्बेडकरनगर।** राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज में पुरा छात्र सम्मेलन और वार्षिकोत्सव तथा करियर मेला के साथ भारत रत्न, देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती कई अन्य कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, राजकीय हाई स्कूल रामगढ़ के प्रधानाचार्य यदुनाथ प्रसाद यादव, राजकीय हाई स्कूल पहितीपुर के प्रधानाचार्य निराकार पाण्डेय तथा राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती एवं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते हुए किया गया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि यदुनाथ प्रसाद यादव ने वार्षिक उत्सव,पुरा छात्र सम्मेलन और कॅरियर मेले के उद्देश्यों और उपलब्धियों के विषय में विस्तार से बताया, वहीं राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव ने भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जीवन विषय पर प्रकाश डालते हुए उनकी प्रातिभ क्षमता के विषय में बच्चों को बताया।इसके बाद उन्होंने अपनी संकल्पित योजना के तहत वर्ष 2024 व 2025 की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा आस्था गुप्ता और छात्र हर्षित को स्वयं की ओर से पुरस्कार स्वरूप साइकिल प्रदान किया।इसके अलावा विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च स्थान प्राप्त एवं सराहनीय कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं क्रमशः उजाला,अंशिका, शनि, प्रिया, देवव्रत, अभिजीत, सविता आदि को मुख्य अतिथि यदुनाथ प्रसाद यादव द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

समारोह अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर के प्रधानाध्यापक दयानन्द यादव, थाना जहाँगीरगंज के उप निरीक्षक,राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय जहाँगीरगंज शिक्षक मुकेश कुमार, राम जतन वर्मा, प्रदीप कुमार, शिक्षिका क्षमा पटेल के अलावा काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

## एसआईआर कार्य मे बीएलओ कर रहे है तेज़ी



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मतदान केंद्रों पर बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) सुबह से ही मतदाताओं के प्रपत्र भरने, फोटो चिपकाने और सूची से मिलान कर उन्हें जानकारी देने का कार्य कर रहे हैं। इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती के निर्देशानुसार, यह प्रक्रिया बुधवार को सभी मतदेय स्थलों पर संचालित की जा रही है। अभियान के तहत, बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण कर रहे हैं और भरे हुए प्रपत्रों को वापस प्राप्त कर उनका डिजिटाइजेशन कर रहे हैं। यह कार्य 11 दिसंबर, 2025 तक चलेगा।

आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी के बूथ संख्या 314व 315 में बीएलओ आलिया खातून व धुव्रचंद की टीम द्वारा एस आई आर के तहत प्रपत्र वितरण व कलेक्शन किया जा रहा है। टेकधर नगर वार्ड व कचहरी आंशिक बूथ संख्या 314 में कुल मतदाता 1304 पर्पत्र वितरण किया गया था जिसमें मात्र 500 प्रपत्र अभी तक वापस मिले अन्य मतदाताओं के प्रपत्र के लिए बीएलओ टीम को काफी मस्कत करनी पड़ रही है। बूथ संख्या 315 में कल मतदाता संख्या 1405 प्रपत्र वितरण किया गया था जहां 900 पर्पत्र प्राप्त किया गया शेष बचे हुए प्रपत्र के लिए घर घर जाकर कलेक्शन कर रहे है। इस दौरान बीएलओ के साथ लेखपाल दिनेश बाबू, कोटदार विजय प्रकाश मिश्र, सहायक अध्यापक साधना, आगनबाड़ी सुभावती, सभासद अकबर, विद्या, श्रीराम, अशोक आदि सामिल रहे।

# अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना तथा दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम करना : एआरटीओ

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** बजाज शुगर मिल बभनान, गोण्डा में अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, बिना एचएसआरपी, रिफ्लेक्टर रहित तथा अधिक वजन लेकर चलने वाले वाहनों के विरुद्ध एआरटीओ प्रशासन द्वारा एक प्रभावी अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व एआरटीओ (प्रशासन) आरसी भारतीय ने किया।

उन्होंने मिल क्षेत्र एवं उससे जुड़े मार्गों पर वाहनों की व्यापक जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों एवं वाहन स्वामियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की।शुगर मिल क्षेत्र में गन्ना परिवहन के दौरान कई बार अपंजीकृत एवं असुरक्षित वाहनों के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके मद्देनज़र परिवहन विभाग ने यह विशेष अभियान चलाया। जांच के दौरान कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना पंजीकरण, बिना एचएसआरपी, बिना रिफ्लेक्टर तथा निर्धारित क्षमता से अधिक वजन ढोते हुए पाई गईं। ऐसी गाड़ियों को रोककर उनके चालकों को नियमों की जानकारी दी गई तथा सड़क सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

एआरटीओ प्रशासन आरसी भारतीय ने बताया कि बिना पंजीकरण और सुरक्षा उपकरणों के बिना चलने वाले वाहन सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण बनते हैं। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और मिल परिसर के आसपास रात के समय ऐसे वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए प्रत्येक वाहन पर एचएसआरपी, रिफ्लेक्टर, लाइट तथा अन्य सुरक्षा मानकों का होना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अधिक वजन वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी, क्योंकि ओवरलोड वाहन न सिर्फ सड़क को क्षति पहुँचाते हैं बल्कि वाहन की स्थिरता कम होने से दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। अभियान के दौरान कई वाहनों का चालान किया गया और संबंधित स्वामियों को शीघ्र आवश्यक दस्तावेज अद्यतन कराने के निर्देश दिए गए एआरटीओ प्रशासन ने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे गन्ना परिवहन में प्रयुक्त सभी वाहनों का पंजीकरण पूर्ण कराएं।

## ट्रक ने अपाची बाइक को मारी जोरदार टक्कर, महिला की मौत

**अवधनामा संवाददाता, गोण्डा।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बालापुर में बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक घटना उस समय हुई जब एक युवक प्रमोद अपनी मौसी को अपाची बाईक पर बैठाकर लेकर जा रहा था,तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुँचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतका करनीपुर की रहने वाली बताई जाती है। सूचना पर नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुँची और ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के चलते इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

## हाईवे पर मिला महिला का शव क्षेत्र में सनसनी

**अवधनामा संवाददाता, अम्बेडकरनगर।** नेशनल हाईवे -233,हजलापुर बाजार के पास महिला का शव मिलने से सनसनी।दुकान पर खाना देकर घर वापस जा रही महिला के साथ हुई छीनेती, सुबह मिली महिला की लाश। टांडा कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-233 पर हजलापुर बाजार के पास बुधवार को सुबह एक महिला का शव मिलने की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतका की पहचान स्थानीय निवासी सीता देवी के रूप में हुई है, जो अपने पति हीरालाल के साथ हजलापुर में रहती थीं।दुकान पर खाना देकर घर वापस जा रही महिला के साथ हुई छिनेती, सुबह मिली महिला की लाश। पुलिस को प्रथम दृष्ट्या हत्या की आशंका है और यह भी माना जा रहा है कि यह वारदात किसी सोची-समझी योजना के तहत हुई हो सकती है। पुलिस ने आसपास के इलाकों में गहन तलाशी शुरू कर दी है और संदिग्धों से पूछताछ भी जारी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है, लेकिन पुलिस पूरी तरह से तत्पर है और हर एंगल से जांच को आगे बढ़ा रही है।

## नाबालिग छः वर्ष की बच्ची से छेड़खानी करने वाला 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार भेजा न्यायालय



**अवधनामा संवाददाता, डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं बृजेश कुमार वर्मा के निर्देशन मे एवं भवानीगंज थानाध्यक्ष चन्द्रकांत पाण्डेय के कुशल नेतृत्व में मंगलवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 140/2024 धारा 76 बीएनएस व 9/10 पोक्सो एक्ट में वांछित जगतराम चौहान पुत्र स्व0 हेरु चौहान निवासी ग्राम बनकटी उत्तर डीह थाना भवानीगंज उम्र 42 वर्ष को 03-12-2025 को समय 12.45 बजे बनकटवा से भैसहिया की तरफ जाने वाली रोड से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चन्द्रकांत पाण्डेय थाना भवानीगंज उ0नि0 रामसेवक प्रसाद थाना भवानीगंज, हे0का0 रविकान्त गौड़ थाना भवानीगंज,का0 जयसिहं यादव थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

## बाइक-ट्रक की टक्कर में युवक की मौत, महिला गंभीर—चालक फरार

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के पण्डरी कृपाल में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक और ट्रक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, खाद्य सामग्री लेकर गोंडा की ओर जा रहा ट्रक तेज रफ्तार में था, इसी दौरान सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गोविंद, निवासी रुकमंगदपुर के रूप में हुई है। घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। इधर, हादसे के बाद घबराया ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक मुश्त जमा योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं के लिए लगाया शिविर

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** टांडा नगर के एसबीआई बैंक के निकट बिजली विभाग द्वारा आज शासन की मंशा के अनुसार विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए एक मुश्त जमा योजना को लेकर एक शिविर केके तिवारी अवर अभियंता के नेतृत्व में लगाकर बकाया वसूली की गई इसी क्रम में बिजलीं विभाग ने अवर अभियंता संजय यादव के नेतृत्व में सुलेमपुर चौराहे पर विद्युत बिल राहत योजना का कैम्प लगाकर लाखो रुपये की राजस्व वसूली की।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के टांडा डिवीजन के उपकेंद्र मुबारकपुर के अवर अभियंता/नोडल अधिकारी संजय यादव ने उत्तर प्रदेश शासन के मंशानुरूप बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत सुलेमपुर चौराहे पर कैंप लगाकर 15 पात्र लोगों को इस योजना लाभ देते हुए 1 लाख 80 हजार रुपए राजस्व वसूली किया। नोडल अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि यह योजना तीन चरणों में चलेगी जिसमें प्रथम चरण में एक मुफ्त जमा करने पर 25 प्रतिशत दूसरे चरण में 20 प्रतिशत तीसरे चरण में 15 प्रतिशत मूलधन के साथ 100 प्रतिशत ब्याज माफ रहेगा। समस्त उपभोक्ता बंधु इस योजना का लाभ का उठाये। उन्होंने बताया कि विद्युत चोरी के प्रकरणों में भी निर्धारण में 50 प्रतिशत माफी रहेगा। यह कैंप प्रतिदिन विद्युत उपकेंद्र मुबारकपुर डुहिया व उपकेंद्र क्षेत्र में किसी न किसी गांव में लगाया जाएगा जिसमें कल परसावां कला में कैम्प लगाया जाएगा, सुलेमपुर चौराहे एवं बिजली बिल घर के कैंप में टी0जी0 2 राम सिंगर वर्मा, संतोष वर्मा, रविन्द्र नाथ लाइन मैन जुमेराती,संविदा कर्मी रमेश पाठक, आदि लोग मौजूद रहे।

## दिव्यांग दिवस पर 138 दिव्यांगजन हुए लाभान्वित

**अम्बेडकरनगर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विकास भवन परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंबेडकर नगर के सौजन्य से सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में माननीय सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे, माननीय विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद एवं जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने संयुक्त रूप से दिव्यांगजन हित में संचालित योजनाओं के अनुरूप ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर एवं एम.आर. किट प्रदान किए।

इस अवसर पर माननीय सदस्य विधान परिषद श्री हरिओम पांडे एवं विधायक धर्मराज निषाद ने कहा कि सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण हेतु पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार अवसर व अन्य कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में इन सभी योजनाओं को पारदर्शी ढंग से लागू किया जा रहा है, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता पुनरीक्षण कार्य का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत तहसील बांसी के मतदाता पुनरीक्षण कार्य का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत घर-घर गणना की अवधि को दिनांक 11 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। इसके बाद उन्होंने मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ द्वारा बांटे गए गणना प्रपत्र और जमा किए गए प्रपत्र की जानकारी प्राप्त किया । जिलाधिकारी ने एस डी एम को निर्देश दिया कि लेखपाल द्वारा अपने क्षेत्र के बीएलओ से समन्वय स्थापित करते हुए सभी मतदाताओं को घर घर जाकर गणना प्रपत्र प्राप्त करा दें तथा मतदाताओं द्वारा गणना प्रपत्र भरने के बाद उसको बीएलओ, रोजगार सेवक, ग्राम प्रधानों के माध्यम से प्राप्त कर लें। गणना प्रपत्र की फीडिंग में प्रगति लाए।जिन बी एल ओ ने सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है वह दूसरे का सहयोग कर कार्य पूर्ण कराए। इस अवसर पर एस डी एम निखिल चक्रवर्ती, तहसीलदार पियूष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## जिला जेल में एक और कैदी की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया साजिशन हत्या का आरोप

**अवधनामा संवाददाता, गोंडा।** जिला कारागार में बंद एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से हड़कंप मच गया है। मृतक मनोज, जो पिछले नौ महीनों से हत्या के आरोप में जेल में बंद था, बुधवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मृत घोषित किया गया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए और जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए साजिशन हत्या का दावा किया है। मनोज पर दत्तनगर विसेन निवासी इंद्रसेन की हत्या का आरोप था। इसी साल 16 मार्च को पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए मनोज सहित अन्य नामजदों को गिरफ्तार किया था। हत्या के इस मामले में पुलिस ने इंद्रसेन का धड़ अलग और सिर खैरा गांव से बरामद किया था, जिसके बाद मामला चर्चाओं में रहा। बुधवार को मनोज की अचानक तबीयत बिगड़ने पर जेल प्रशासन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जेल प्रशासन ने मनोज की मौत को हार्ट अटैक बताया है। वहीं, मृतक के परिजनों ने इसे पूर्ण रूप से संदिग्ध बताते हुए जेल कर्मियों पर मनोज की हत्या करने का आरोप लगाया है।




## हंगामा और शोर शराबा

हंगामा और शोरशराबे को त्याग कर सदन में सार्थक बहस होगी तभी सकरात्मक नतीजे निकलेगे। जनता भी इसी नतीजे की प्रशंसा करेगी। सदन में एसआईआर पर चर्चा होनी है। यह सदन 15 दिनों का होगा। इस सत्र में शिक्षा सड़क और कारपोटला सम्बन्धी कई अहम बिल पेश किये जायेगे। इस सत्र में हेल्थ एन्ड नेशनल सेक्योरिटी भी रक्खा जा सकता है। जिसका मकसद 2024-2025 भी रक्खा जा सकता है। इस बिल का मतलब होगा हेल्थ इफास्टक्कर और सुरक्षा तैयारियां के लिये उपकार लगाना होगा।

विपक्ष की अपनी भी मांगे है। जिसे सर्वदलीय बैठक में रक्खा गया। विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, एसआईआर, वायु प्रदुषण और विदेश नीति पर विस्तृत चर्चा करेगा। विपक्षीय दल ने पहले से ही इसे अवगत करा दिया है और कानून मन्त्री रिजुजू ने कहा किसी ने यह नहीं कहा कि सदन चलने नहीं देगे। बयान स्वागत योग्य है। इस तरह का आश्वासान पहले भी दिया जाता रहा है पर सदन शुरू होते है। राजनीति हाबी हो जाती है सब वादे फुर्र हो जाते है। उदाहरण रूप के लिये जब लोकसभा का प्रडक्टीविटी रही तो लोकसभा की प्राइवटीविटी सिर्फ31 प्रतिशत के लगभग रही, और राज्यसभा की प्राइक्टविटी 29 प्रतिशत रही। इस बार सदन के बाहर की स्थिति तनावपूर्ण है। इस सदन के बाहर सियासी स्थिति तनावपूर्ण है। 12 राज्यों में हो रहे स्पेशल इन्टेसिव रिविजन को लेकर विपक्ष के पास सूची रक्खी लम्बी है। विपक्ष रिविजन पर लगातार प्रक्रिया औचित्य पारदर्शिता पर सवाल उठा रहा है। इसलिये सदन में दोनो पक्षों की जोरदार भिडन्त दिख सकती है। पर दोनों पक्षों का समझना चाहिये हंगामेंबाजी किसी किसी सवाल का जवाब नहीं होता है। सदन के चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। विपक्ष का काम ही है सरकार के घेरना और सवाल उठाना विपक्ष को लगता है कि जितना ही ज्यादा वह शोरशराबा मचायेग। उतना विपक्ष ज्यादा जनता मतदान के समय इसका ख्याल रक्खेगी और विपक्ष को जितायेगा अगर दोनो पक्ष के प्रतिनिधी सबक लेकर अगर आगे बढ़ते है तो सदन एक हित में और लोक हित में इससे अच्छा कुछ नहीं होगा।

सदन के लोग भूल जाते है कि उनके कारनामों से युवा वर्ग सदन औपचारिकतायें सीख रहे है, उनमें से कुछ चुनकर सदन में पहुचेगे तो उन्हें कार्य सम्पादन में आसानी मिलेगी और बेकार के शोरशराबे और अड़गे बाजी से बचेगी। इस पीढ़ी के पास आर्टीफीसियल इन्टोलिजेन्स की वजह से सकारात्मक और प्राप्त दोनो तरह के हथियार मौजूद है। पर उन्हें सकरात्मक दृष्टकोण ही अपनाना चाहिये। युवाओं यह भविष्य तुम्हारा ही है तुम्हें ही संवरा है अच्छी नीव अभी से डालिये।

## भारतीय सेना की उपलब्धि मोनो रेल सिस्टम



प्रेम शर्मा

जहां सांस लेना भी मुश्किल, वहीं भारतीय सेना ने मोनोरेल चलाकर इतिहास रचा है। यह सिस्टम अरुणाचल के कमेंग सेक्टर में गजराज/4 कॉर्प्स द्वारा विकसित किया गया है। यह मोनोरेल एक ट्रिप में 300 किलो से ज्यादा भार ढो सकती है। वह भी उन स्थानों पर जहॉ पैदल चलना दुभर और जो सड़क विहीन और हेलिकॉप्टर की पहुच से दूर है। मोनोरेल सिस्टम जो भोजन, दवा, गोला-बारूद और जरूरी उपकरणों को बेहद कठिन स्थानों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। मोनोरेल एक परिवहन प्रणाली है जिसमें ट्रेनें एक ही पटरी या रेल पर चलती हैं, जो आमतौर पर जमीन से काफी ऊपर होती है। यह दोहरी पटरियों वाली पारंपरिक रेलवे के विपरीत है। मोनोरेल या तो एक बीम पर ऊपर से चलती है या उसके नीचे से लटकती है। शहर में भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात को सुगम बनाने के लिए इस्तेमाल की जाती है। मोनोरेल को ज़मीन से न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊँचाई पर खंभों पर खड़ा किया जाता है। यह मैग्लेव (चुंबकीय उत्तोलन) प्रणाली के सिद्धांत पर काम करता है। ये अत्यधिक स्थिर होते हैं और तेज़ गति से भी तेज़ी से गति कम करने में मदद करते हैं। पहला मोनोरेल प्रोटोटाइप 1820 में इवान एल्मानोव द्वारा रूस में बनाया गया था। पारंपरिक रेलवे के विकल्प के रूप में मोनोरेल बनाने के प्रयास 19वीं सदी के शुरुआती दौर से ही किए जा रहे हैं।

सेंटेनियल मोनोरेल को 1876 में फिलाडेल्फिया में सेंटेनियल प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था। इसके डिजाइन के आधार पर ब्रैडफोर्ड और फोस्टर ब्रुक रेलवे का निर्माण 1877 में किया गया था और यह जनवरी 1878 से जनवरी 1879 तक एक वर्ष तक चला था। 1879 के आसपास हैडन और स्ट्रिंगफेलो द्वारा स्वतंत्र रूप से एक वन-रेल प्रणाली प्रस्तावित की गई थी। इसका उद्देश्य सैन्य उपयोग के लिए था, लेकिन इसे सस्ते रेलवे के रूप में नागरिक उपयोग के लिए भी देखा गया था। इसी तरह, व्यावहारिक रूप से उपयोग में लाई गई पहली प्रणालियों में से एक फ्रांसीसी इंजीनियर चार्ल्स लार्टिग की थी, जिन्होंने आयरलैंड में बैलीबूनियन और लिस्टोवेल के बीच एक लाइन बनाई थी, जो 1888 में खुली और 36 साल तक चली, जिसे 1924 में बंद कर दिया गया वह इसलिए कि आयरलैंड के गृहयुद्ध से हुए नुकसान के कारण। इसमें भार वहन करने वाली एक रेल और संतुलन के लिए दो निचली, बाहरी रेल का इस्तेमाल किया गया।बॉयंटन साइकिल रेलमार्ग, न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड स्थित ब्रुकलिन में एक भाप से चलने वाली मोनोरेल थी । यह ज़मीनी स्तर पर एक ही भार वहन करने वाली रेल पर चलती थी, लेकिन इसके ऊपर एक लकड़ी की स्थिर रेल लगी होती थी जो क्षैतिज रूप से विपरीत पहियों की एक जोड़ी से जुड़ी होती थी। यह रेलमार्ग 1890 से शुरू होकर केवल दो वर्षों तक ही चला। यही नही हॉचकिस साइकिल रेलमार्ग एक मोनोरेल था जिस पर मैचिंग पैडल वाली साइकिल चलाई जा सकती थी। इसका पहला उदाहरण 1892 में स्मिथविले और माउंट होली, न्यू जर्सी के बीच बनाया गया था। यह 1897 में बंद हो गया। इसके अन्य उदाहरण 1895 से 1909 तक नॉरफ़ॉक,ग्रेट यारमाउथ और 1896 से ब्लैकपूल यूके में बनाए गए।

अरुणाचल के कमेंग सेक्टर में भारतीय सेना की गजराज कॉर्प्स ने 16 हजार फीट की ऊंचाई पर स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए लिखा कि ये स्वदेशी प्रतिभा का प्रमाण है। अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम हिमालयी इलाकों में तैनात भारतीय सैनिकों के लिए बड़ी राहत देने वाला नवाचार सामने आया है। 16 हजार फीट की ऊंचाई पर सेना ने ऐसा स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम तैयार किया है, जो बर्फ से ढके, खतरनाक और बिना सड़क वाले इलाकों में सप्लाई पहुंचाने के काम को पहले से कहीं तेज और सुरक्षित बनाएगा। यह सिस्टम किसी तकनीकी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि सीधे मैदान में सैनिकों की जरूरतों को देखते हुए विकसित किया गया है।यह सिस्टम अब सेना की नई ताकत बन गया है। अरुणाचल प्रदेश के कई दूरस्थ क्षेत्रों में न तो सड़कें हैं और न ही पारंपरिक वाहन चलाने की कोई सुविधा। संकरे पहाड़ी रास्ते, टूटते पत्थर, अचानक बदलता मौसम और कम ऑक्सीजन स्तर सैनिकों के लिए बड़ी समस्या रहे हैं। कई बार उन्हें भारी सामान अपनी पीठ पर लादकर लंबे-लंबे रास्ते तय करने पड़ते थे। ऐसे इलाकों में एक छोटा सफर भी काफी जोखिम भरा और समय लेने वाला साबित होता था। मोनोरेल सिस्टम अब इन सभी चुनौतियों को काफी हद तक कम कर देगा। यह तेज, सुरक्षित और ऊर्जा-किफायती तरीका है, जिससे आगे की पोस्टों तक आपूर्ति पहुंचाना बेहद आसान होगा। सेना का मानना है कि इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि सैनिकों पर बोझ भी कम होगा और ऑपरेशन के दौरान जोखिम भी घटेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**मिशन शक्ति की 'संबल' उप-योजना के तहत चलने वाले वन स्टॉप सेंटर हैं। 2015 में शुरू हुए ये केंद्र हिंसा की शिकार महिलाओं को एकीकृत सहायता तंत्र प्रदान करते हैं, ताकि उन्हें खामोश रहकर पीड़ा न सहनी पड़े और न ही बिखरी हुई सहायता प्रणालियों के बीच भटकना पड़े। आज तक, पूरे भारत में 862 ओएससी चल रहे हैं, जिनसे 12.20 लाख से ज़्यादा महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी मदद, चिकित्सा सहायता, पुलिस की मदद, आश्रय और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी एकीकृत मदद मिली है।**

# महिला को सशक्त बनाना, प्रत्येक समुदाय का उत्थान



अन्नपूर्णा देवी



जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो राष्ट्र का उत्थान होता है। समानता और न्याय के मूल्यों पर आधारित समाज में, महिला की गरिमा से कतई समझौता नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमारे समग्र कार्यक्रम- मिशन शक्ति- के ज़रिए इसे संस्थागत ढांचे में बदलकर इस विश्वास को फिर से मजबूत किया है। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही कहा है, हमारी सरकार महिलाओं के लिए 'सम्मान' और 'सुविधा' को सबसे ज़्यादा महत्व देती है। ये मार्गदर्शक शब्द केवल भावनाएँ मात्र नहीं, अपितु वह नींव हैं, जिस पर मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति के तहत भारत के कोने-कोने में मज़बूत संस्थागत तंत्र स्थापित किए हैं।

इस प्रयास के केंद्र में मिशन शक्ति की 'संबल' उप-योजना के तहत चलने वाले वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) हैं। 2015 में शुरू हुए ये केंद्र हिंसा की शिकार महिलाओं को एकीकृत सहायता तंत्र प्रदान करते हैं, ताकि उन्हें खामोश रहकर पीड़ा न सहनी पड़े और न ही बिखरी हुई सहायता प्रणालियों के बीच भटकना पड़े। आज तक, पूरे भारत में 862 ओएससी चल रहे हैं, जिनसे 12.20 लाख से ज़्यादा महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी मदद, चिकित्सा सहायता, पुलिस की मदद, आश्रय और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी एकीकृत मदद मिली है। डर से आज़ादी तक, खामोशी से सहायता तक-ओएससी ऐसे स्थान हैं जहाँ से घाव भरने की शुरूआत होती है। ये केंद्र प्रतिक्रियात्मक शासन से आगे बढ़कर सक्रिय शासन का रुख करते हैं।

चाहे किसी महिला को अपने घर, कार्यस्थल या सार्वजनिक स्थान पर हिंसा का सामना करना पड़े, ओएससी उसके पुनर्वास, गरिमा और न्याय दिलाने में मदद करने के मोदी सरकार के संकल्प का प्रमाण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये केंद्र अस्पतालों के भीतर या उनके पास स्थापित किए गए हैं, ताकि तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके-जो मुश्किल समय में पहला ज़रूरी कदम है। महिला हेल्पलाइन (181) का सार्वभौमीकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जो संकट से घिरी महिलाओं के लिए 24×7 मदद सुनिश्चित करके ओएससी का पूरक बनता है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में संचालित यह हेल्पलाइन अब तक 2.56 करोड़ से अधिक कॉल संभाल चुकी है और 93.48 लाख से अधिक महिलाओं की मदद कर चुकी है (30 सितंबर तक)। आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस-112) से एकीकृत यह हेल्पलाइन संकट और राहत के बीच की दूरी को पाटती है।

व्यवस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने और तेजी से न्याय पहुंचाने के लिए, हमने 745 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय स्थापित किए हैं, जिनमें से 404 विशेष पॉक्सो न्यायालय हैं। इन न्यायालयों ने यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय में देरी का मतलब न्याय से इनकार नहीं है, अब तक 3.06 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है। सुनाया गया प्रत्येक फ़ैसला, बहाल किया गया प्रत्येक अधिकार न्यायपूर्ण और लैंगिक समानता वाले भारत की ओर उठाया गया एक कदम है। न्याय मिलना अब प्रक्रियात्मक देरी के कारण बाधित नहीं होता, और प्रत्येक सर्वाइवर समय पर राहत की उम्मीद कर सकता है।

इसके साथ ही, हम पुलिस स्टेशनों पर 14,658 महिला हेल्प डेस्क (डब्ल्यूएचडी) के साथ ज़मीनी स्तर को मज़बूत कर रहे हैं, जिनमें से 13,700 से ज़्यादा की कमान महिलाएँ संभाल रही हैं। ये डेस्क सर्वाइवर्स में अपराधों की रिपोर्ट करने का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, जिन्हें महिलाओं से संबंधित मुद्दों के प्रति संवेदनशील प्रशिक्षित कार्मिकों की सहायता मिलती है। महिला अधिकारियों की मौजूदगी न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती है, बल्कि संस्थागत संवेदनशीलता और जवाबदेही को भी मज़बूत करती है। हम 807 एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स (एएचटीयू) के ज़रिए मानव तस्करी से भी निपट रहे हैं और निर्भया कोष के तहत रेलवे और सड़क परिवहन सेवाओं में आपातकालीन निगरानी प्रणालियों की स्थापना के जरिए सुरक्षित गतिशीलता सुनिश्चित कर रहे हैं। ये कदम कि महिलाओं का सुरक्षित रूप से यात्रा करना, निडर होकर काम करना और सार्वजनिक एवं निजी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रगति करना सुनिश्चित करते हैं।

यह एकीकृत दृष्टिकोण सिर्फ प्रतिक्रिया तक ही सीमित नहीं है, बल्कि रोकथाम, पुनर्वास और सशक्तिकरण तक व्याप्त है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) जैसी पहलों के ज़रिए, हम सोच बदल रहे हैं और सम्मान, बराबरी और अवसर के मूल्य स्थापित कर रहे हैं। पीएमएमवीवाई और सखी निवास के ज़रिए, हम ऐसी व्यवस्थाएं बना रहे हैं, जो महिलाओं को सिर्फ़ सर्वाइवर के तौर पर ही नहीं, बल्कि देश की प्रगति में हितधारकों के तौर पर भी महत्व देती हैं। हमारे सखी निवास हॉस्टल, जिनमें से कई शहरी प्रत्येक और अर्ध-शहरी इलाकों में हैं,- 26,000 से ज़्यादा कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और किफायती रहने की जगह दे रहे हैं जिससे वे बिना किसी डर के अपने सपने पूरे कर सकती हैं। मिशन शक्ति के तहत हमारी रणनीति एकीकरण, समन्वय और सामुदायिक स्वामित्व पर आधारित है।

संकल्पः हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ विमेन की शुरुआत के साथ, हमने स्थानीय क्रियान्वयन में एक रणनीतिक परत जोड़ी है, जिससे महिलाएँ एक ही प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से कई योजनाओं का लाभ ले सकती हैं। स्थानीय स्तर पर सशक्तिकरण और समन्वय के केंद्र के रूप में कार्य करने वाले इन केंद्रों के ज़रिए 27 लाख से ज़्यादा महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। महिलाओं के खिलाफ हिंसा केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं है, यह एक राष्ट्रीय सरोकार है। प्रत्येक निर्मित ओएससी, प्रत्येक हेल्पलाइन कॉल जिसका उत्तर दिया गया और निपटाया गया प्रत्येक मामला, ऐसा भारत बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहाँ प्रत्येक महिला गरिमा, सुरक्षा और गर्व के साथ जीवन जी सके।

जैसे × amp जैसे हम अमृत काल × amp भारत की प्रगति और बदलाव के स्वर्णिम दौर × amp में कदम रख रहे हैं, महिलाओं का सशक्तिकरण सिर्फ़ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय मिशन बन चुका है। सशक्महिलाओं को केंद्र में रखे बगैर 2047 तक विकसित भारत बनाने का विज़न अधूरा है। नारी शक्ति कोई नारा नहीं है। यह हमारी रणनीति है।

# ट्रंप टैरिफ भारत में बेअसर साबित हुआ

**बजट संसद में पेश करने से पहले जो 'आर्थिक समीक्षा' सदन में रखी गई थी, उसमें 2025-26 की विकास दर का अनुमान 6.3-6.8 फीसदी लगाया गया था। अर्थव्यवस्था में यह बढ़ोतरी भारत के सतत आर्थिक विकास को प्रतिबिंबित करती है। चूंकि त्योहारी मौसम की मांग और खरीद के आंकड़े अभी सामने आने हैं। अक्तूबर-दिसंबर की तीसरी तिमाही की बढ़ोतरी दर और भी अच्छी हो सकती है।**



डॉ. ओपी त्रिपाठी



अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने का बहाना बनाकर भारत से एक्सपोर्ट किए जाने वाले सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया। भारत को अपनी शर्तों पर बातचीत की टेबल पर लाने की ये रणनीति काफी हद तक बेअसर साबित हुई है। भारत सरकार ने व्यापार के नए रास्ते खोलकर, उद्योग जगत को छूट देकर अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को बेअसर किया है। यही वजह है कि भारत अपनी शर्तों पर अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते करने के फैसले पर अडिग है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप स्तब्ध और हैरान होंगे! भारत की जिस अर्थव्यवस्था को उन्होंने 'मृत' करार दिया था और 27 अगस्त को 50 फीसदी टैरिफ थोपा था, दोनों ही गलत और बेअसर साबित हुए। अमेरिका भारत को रूस से भी तोड़ नहीं सका। यह अमेरिका को भारत की जबरदस्त चुनौती है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था की गति जापान, जर्मनी, फ्रांस सरीखे विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की गति से भी तेज साबित हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की आर्थिक विकास दर 8.2 फीसदी रही है। 2023-24 में भी विकास दर 9 फीसदी से अधिक रही थी और वित्त वर्ष का समापन 8.4 फीसदी के साथ हुआ था। भारत की वास्तविक जीडीपी 48.63 लाख करोड़ रुपए है, जबकि एक साल पहले यह 44.94 लाख करोड़ रुपए थी। भारत की नॉमिनल जीडीपी 85.25 लाख करोड़ रुपए है। भारत की अर्थव्यवस्था ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2 फीसदी की शानदार ग्रोथ दर्ज की है। यह पिछली छह तिमाहियों में सबसे तेज है। यह ग्रोथ मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में आई तेजी और मजबूत घरेलू मांग के कारण हुई है। हालांकि, नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ 8.73 फीसदी रही, जो उम्मीद से कम है। कैपिटल माइंड एएमसी के सीईओ दीपक शेनॉय के विश्लेषण के अनुसार, यह दर्शाता है कि कीमतों में बढ़ोतरी धीमी है या कुछ क्षेत्रों में मांग कमजोर है। भारत अभी भी 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य से थोड़ा पीछे है। वर्तमान में यह लगभग 3.84 ट्रिलियन डॉलर पर है।

आर्थिक विकास के आंकड़ों से पता चलता है कि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र ने 9.1 फीसदी की ग्रोथ के साथ हाल के चक्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वित्तीय सेवाओं ने भी 10.2 फीसदी की प्रभावशाली ग्रोथ दर्ज की है। ये भारत की आर्थिक संरचना में प्रमुख कॉन्ट्रिब्यूटर बनी हुई हैं। व्यापार और परिवहन जैसे अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों ने भी अच्छी ग्रोथ दिखाई है। नॉमिनल जीडीपी के मायने हैं कि एक ही भौगोलिक सीमा के भीतर, एक अर्थव्यवस्था में, एक निश्चित अवधि में, उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का कुल बाजार मूल्य कितना है। उसमें मुद्रास्फीति को समायोजित नहीं किया जाता। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वर का आकलन है चूंकि पहले 6 माह की बढ़ोतरी दर 8 फीसदी से अधिक रही है, नतीजतन अब भारत की कुल अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर के पार होगी और चालू वित्त वर्ष की अंतिम आर्थिक विकास दर करीब 7.5 फीसदी हो सकती है।

बजट संसद में पेश करने से पहले जो 'आर्थिक समीक्षा' सदन में रखी गई थी, उसमें 2025-26 की विकास दर का अनुमान 6.3-6.8 फीसदी लगाया गया था। अर्थव्यवस्था में यह बढ़ोतरी भारत के सतत आर्थिक विकास को प्रतिबिंबित करती है। चूंकि त्योहारी मौसम की मांग और खरीद के आंकड़े अभी सामने आने हैं। अक्तूबर-दिसंबर की तीसरी तिमाही की बढ़ोतरी दर और भी अच्छी हो सकती है। भारत की मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था और निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ का उम्मीद से कम असर नई दिल्ली को वाशिंगटन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए अधिक जगह दे रहा है। अमेरिका ने भारत से आयात पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है। अक्टूबर में भारतीय निर्यात 8.6 प्रतिशत गिरकर 6.3 बिलियन डॉलर हो गया, जो सितंबर में 12 प्रतिशत की गिरावट से कम था, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लागू था। भारत से आयात होने वाले सामानों पर जब से अमेरिका ने टैरिफ लगाया है तब से कपड़ा समेत अमेरिका को निर्यात होने वाले कई समानों के डिमांड में गिरावट आई है। एक भारतीय अधिकारी के मुताबिक अमेरिका से डिमांड में जरूर गिरावट हाई है लेकिन लेकिन टैरिफ का व्यापक आर्थिक प्रभाव सीमित रहा है। यही वजह है कि भारत अभी भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के मोर्चे पर अपनी शर्त पर बातचीत करने पर अड़ा हुआ है। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि वाशिंगटन से रूसी तेल खरीद से जुड़े 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस लेने और 15 प्रतिशत की कुल दर की ओर बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, नई दिल्ली संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए 80 प्रतिशत से अधिक सामानों पर अपने आयात टैरिफ में कटौती करने के लिए तैयार है। अमेरिका की टैरिफ लगाने की धमकी के बीच बहुत पहले से ही भारत ने अमेरिका के विकल्प के तौर पर दूसरे बाजार तलाशने शुरू कर दिए थे। भारत सरकार निर्यातकों को ब्रिटेन, यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ हाल ही में हुए नए व्यापार सौदों, कच्चे माल पर कर कटौती और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 5.1 बिलियन डॉलर के समर्थन पैकेज के माध्यम से नए बाजारों में विविधता लाने में मदद कर रही है। पांच निर्यातकों और उद्योग संघों ने कहा कि कई निर्यातकों ने अफ्रीकी और यूरोपीय बाजारों में विविधता लाकर और अमेरिकी ग्राहकों को छूट व लंबी डिलीवरी समय-सीमा देकर निर्यात में गिरावट को कम किया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशंस के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि परिधान और जूते बनाने वाली फर्में अमेरिकी खरीदारों को बनाए रखने के लिए 20 प्रतिशत तक लागत वहन कर रही हैं।

जीएसटी की दरों में जो कमी की गई, उनसे आम आदमी ने भी खरीददारी बढ़ाई है। त्योहारी मौसम में तो व्यापक, बंपर खरीददारी होती रही है। भारत में निजी खपत का जीडीपी में योगदान 55-57 फीसदी तक रहा है। यदि विकास दर 8 फीसदी से अधिक है, तो जाहिर है कि निजी खपत बढ़ रही है। लोगों में क्रय-शक्ति है। वे मांग कर रहे हैं और वस्तुओं, सेवाओं का उपभोग कर रहे हैं, लिहाजा बाजार में चमक है और उत्पादन बढ़ रहा है। दूसरी तिमाही के दौरान मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में 9.1 फीसदी, सेवा में 9.2 फीसदी, निर्माण में 7.4 फीसदी (कुछ कम हुआ), कृषि में 3.5 फीसदी, नॉमिनल जीडीपी में 8.7 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार सेवाओं के क्षेत्र में 7.4 फीसदी, बिजली में 4.4 फीसदी, फाइनेंशियल, रियल एस्टेट, पेशेवर सेवाओं में बढ़ोतरी 10 फीसदी से ज्यादा हुई है। इन क्षेत्रों का जीडीपी में करीब 25 फीसदी योगदान होता है। दरअसल भारतीय कंपनियों ने टैरिफ लगने से पहले ही उत्पादन और निर्यात को बढ़ा दिया था, नतीजतन टैरिफ का जीडीपी और अर्थव्यवस्था पर कोई नकारात्मक असर नहीं दिखा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और थोक मूल्य सूचकांक के स्तर पर मुद्रास्फीति इस तिमाही के दौरान कम ही रही।

# स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में जीता पहाड़ का दर्द

**कई परिवार आर्थिक रूप से भी कमजोर हैं। रोज मजदूरी करने वाले परिवारों के लिए इलाज का खर्च उठाना कठिन हो जाता है। दीपा देवी बताती हैं कि जब बच्चे बीमार पड़ते हैं तो सबसे पहले वे सफर के खर्च की चिंता करती हैं। दवा से पहले उन्हें यह सोचना होता है कि उस दिन घर का खाना कैसे बनेगा। यह सिर्फ दीपा देवी का अनुभव नहीं है। पूरे क्षेत्र में अनगिनत परिवार ऐसी ही चिंता में जीते हैं।**



निशा आर्य



उत्तराखंड के ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र में बसे लमचूला गाँव का दृश्यमान सौंदर्य किसी चित्र की तरह मन मोह लेता है। परंतु इन पहाड़ियों के भीतर एक ऐसी सच्चाई छिपी है जिसे देखना जितना ज़रूरी है उतना ही कष्टकारी भी। बागेश्वर जिले के गरुड़ ब्लॉक से कई किलोमीटर दूर स्थित यह गाँव लगभग सत्रह सौ से अधिक लोगों का घर है, जिनमें अधिकांश अनुसूचित जनजाति से आते हैं। शांत वातावरण और सरल जीवनशैली इसे विशिष्ट बनाते हैं, किंतु इसी शांत दुनिया में एक गहरी समस्या निरंतर बनी हुई है। यह क्षेत्र आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधा के इंतजार में है। गाँव में न अस्पताल है न ही कोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जबकि स्वास्थ्य सुविधा किसी भी समाज की पहली आवश्यकता होती है।

देश की जनसंख्या के एक बड़े हिस्से का जीवन ग्रामीण क्षेत्रों में व्यतीत होता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार लगभग साठ प्रतिशत महिलाएं और चालीस प्रतिशत किशोरियाँ समय पर स्वास्थ्य जांच नहीं करा पातीं। पर्वतीय जिलों के लिए यह प्रतिशत और भी चिंताजनक हो जाता है जहाँ दूरी और परिवहन की कमी स्वास्थ्य सेवा को और कठिन बना देती है। लमचूला इसी स्थिति का एक उदाहरण है। यहाँ के लोग बीमारी की स्थिति में पंद्रह से तीस किलोमीटर दूर बैजनाथ या गरुड़ जाने को मजबूर हैं। यह यात्रा न केवल समय लेती है बल्कि आर्थिक दबाव भी डालती है।

गाँव की युवा पीढ़ी इस स्थिति को गहराई से महसूस करती है। अठारह वर्षीय इंद्रा बताती है कि छोटी समस्या भी यहाँ बड़ी बन जाती है। मासिक चक्र में अनियमितता हो या चक्कर आना जैसी आम परेशानी, उन्हें गाँव के बाहर जाना पड़ता है। कई बार यह संभव नहीं होता तो वे दर्द सहकर चुपचाप इंतजार करती रहती हैं। किशोरावस्था वह समय होता है जब शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की देखभाल आवश्यक होती है। पोषण आहार से लेकर नियमित स्वास्थ्य जांच तक हर सुविधा बेहद महत्वपूर्ण होती है। परंतु लमचूला में किसी भी प्रकार की चिकित्सा सेवा का न होना इन युवतियों के लिए निरंतर चिंता का विषय है।

यह समस्या केवल युवाओं तक सीमित नहीं है। उम्रदराज लोगों के लिए यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। पैंसठ वर्ष की जाउली देवी को आंखों की धुंधली रोशनी के कारण चलना भी कठिन लगता है। वे बार बार इस बात का दुःख व्यक्त करती हैं कि इलाज के लिए दूर जाना उनके लिए लगभग असंभव है। किसी भी समाज में बुजुर्गों के लिए उपचार सबसे सहज उपलब्ध होना चाहिए क्योंकि उन्हें सबसे अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है। पर यहाँ उनके पास न सुविधा है न विकल्प।

कई परिवार आर्थिक रूप से भी कमजोर हैं। रोज मजदूरी करने वाले परिवारों के लिए इलाज का खर्च उठाना कठिन हो जाता है। दीपा देवी बताती हैं कि जब बच्चे बीमार पड़ते हैं तो सबसे पहले वे सफर के खर्च की चिंता करती हैं। दवा से पहले उन्हें यह सोचना होता है कि उस दिन घर का खाना कैसे बनेगा। यह सिर्फ दीपा देवी का अनुभव नहीं है। पूरे क्षेत्र में अनगिनत परिवार ऐसी ही चिंता में जीते हैं। लमचूला के ग्राम प्रधान का कहना है कि आसपास बसे छोटे गाँवों के लोग भी इसी समस्या से जूझ रहे हैं। यदि लमचूला में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हो जाए तो पूरे क्षेत्र को राहत मिल सकती है। अभी उन्हें जखेडा स्थित एक केंद्र पर निर्भर रहना पड़ता है जिसकी क्षमता सीमित है और वहाँ भी भीड़ अधिक रहती है। ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सुविधा की अनुपलब्धता के कारण कई बार लोग घरेलू उपचार पर निर्भर हो जाते हैं या झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाते हैं। इससे स्थिति बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य सुविधा केवल बीमार होने पर दवा तक सीमित नहीं होती। इसमें जागरूकता, रोकथाम, समय पर जांच और उचित सलाह शामिल होती है। पर्वतीय क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं के लिए यह और भी महत्वपूर्ण होता है। कई रिपोर्ट बताती हैं कि दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच नहीं मिल पाती जिससे प्रसव संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। लमचूला जैसे गाँवों में कई ऐसी घटनाएँ सामने आई हैं जहाँ समय पर सुविधा नहीं मिलने के कारण परिवारों को गंभीर कठिनाई झेलनी पड़ी। यह केवल एक गाँव की पीड़ा नहीं है। राष्ट्रीय स्तर पर देखें तो ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी लगभग पैंतीस प्रतिशत घरों के पास स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचने में आधे घंटे से अधिक समय लगता है। पर्वतीय क्षेत्रों में यह दूरी और समय कहीं अधिक बढ़ जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षित मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य केंद्र की उपलब्धता अनिवार्य है। पर लमचूला जैसे गाँव इस बुनियादी आवश्यकता से भी वंचित हैं। सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई गई हैं जिनका उद्देश्य दूरदराज क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना है। परंतु योजनाओं का लाभ तभी मिलता है जब वे सही ढंग से लागू हों। कागजों में दर्ज योजनाएं गाँव के जीवन में बदलाव तब ही लाती हैं जब वे व्यवहारिक रूप से जमीन पर उतरती हैं। लमचूला के लोग आज भी उस दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं जब उनके गाँव में भी एक ऐसा केंद्र स्थापित होगा जहाँ हर व्यक्ति बिना भय और बिना अतिरिक्त खर्च के उपचार पा सकेगा। उनके लिए यह केवल सुविधा नहीं बल्कि जीवन रक्षक आवश्यकता है।

इन पहाड़ों की मजबूती यहाँ के लोगों में भी दिखती है। कठिन परिस्थितियों में भी उनका धैर्य और सहनशीलता अद्भुत है। परंतु सहनशीलता का अर्थ यह नहीं कि वे अपनी बुनियादी जरूरतों को हमेशा दबाते रहें। अब समय आ गया है कि प्रशासन इस क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को समझें और स्वास्थ्य सुविधा को प्राथमिकता दे। यह किसी प्रदर्शन की मांग नहीं, बल्कि जीवन का अधिकार है। हर व्यक्ति को उपचार पाने का वही अधिकार होना चाहिए जो शहरों में रहने वालों को मिलता है। लमचूला और ऐसे अनेक गाँव हमारे देश की वह तस्वीर हैं जो अक्सर नजरों से दूर रह जाती है। प्रकृति भले ही खूबसूरत हो पर जीवन केवल सुंदर दृश्यों से नहीं चलता। जीवन चलता है सुविधा के साथ, सुरक्षा के साथ और इस विश्वास के साथ की बीमारी की स्थिति में इलाज पास ही उपलब्ध है। लमचूला के लोग इसी विश्वास की प्रतीक्षा में हैं।

# दीक्षांत समारोह : 21 गोल्ड व 21 सिल्वर मेडल दिए गए

## जीएलए विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**





**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा (उ.प्र.) के 14वां दीक्षांत समारोह अत्यन्त गरिमा एवं उल्लास के साथ बुधवार को सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की कुल 21 गोल्ड और 21 सिल्वर मेडलिस्ट के साथ 5548 उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अलावा 24 छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री वित्त मंत्रालय पंकज चौधरी, कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल के अलावा बतौर विशिष्ट अतिथि अतिथि आईआईटी कानपुर भौतिकी विभाग के पूर्व प्रोफेसर पद्मश्री एचसी वर्मा तथा सिप्ला हेल्थ लि. मुंबई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ शिवम पुरी एवं जीएलए के कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने मां सरस्वती एवं प्रेरणास्त्रोत गणेशीलाल अग्रवाल जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत शैक्षिक शोभायात्रा के आगमन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि, कुलाधिपति, कुलपति, कुलसचिव एवं डीन एकेडमिक, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. अतुल बंसल के साथ विश्वविद्यालय की गवर्निंग बॉडी, एग्जीक्यूटिव कार्उसिल एवं एकेडमिक कार्उसिल के सदस्यों की अगवानी मुख्य सभागार में हुई। तत्पश्चात् कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह के प्रारम्भ की उद्घोषणा की।

समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री वित्त मंत्रालय पंकज चौधरी ने दीक्षांत संबोधन की शुरुआत सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन, सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए की। कार्यक्रम के आईआईटी कानपुर भौतिकी विभाग के पूर्व प्रोफेसर पद्मश्री एचसी वर्मा तथा सिप्ला हेल्थ लि. मुंबई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ शिवम पुरी को जीएलए विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने सभी का स्वागत किया। आईक्यूएसी के निदेशक डा. विशाल गोयल ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया।

**■ 5548 उपाधियां प्रदान की गईं**

विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि जीएलए विश्वविद्यालय में आना मेरे लिए आनंद का विषय है। मैं यहां खुद को नई ऊर्जा से ओत-प्रोत का अनुभव कर रहा हूं। इन युवा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बीच उनके उत्साह को देखकर मुझे पूर्व के अनुभव की स्मृति हो रही कि जब मैं इन्हीं भावनाओं के समुद्र से गुजरा था। इसलिए मैं आप सभी की भावनाओं को समझ रहा हूं। उन पुरानी स्मृतियों को दोबारा याद कराने के लिए मैं जीएलए विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करता हूं।

कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जीएलए विश्वविद्यालय ने पिछले वर्षों कई उपलब्धियां हासिल की हैं। विश्वविद्यालय को मिली यह उपलब्धियां भी छात्रों को बेहतर शिक्षकों द्वारा दी जा रही प्रदत्त शिक्षा का प्रमाण है। विश्वविद्यालय जिस प्रकार हमेशां छात्रों के साथ कांधे से कांधा मिलाकर चलता है, ठीक उसी प्रकार असहायों की मदद के लिए आगे रहता है। पिछले वर्षों में एक से बढ़कर एक कंपनी ने जीएलए के छात्रों को रोजगार प्रदान किया है, लेकिन यह तभी संभव हो पाया है जब विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने रोजगार पाने के लायक छात्रों को तैयार किया। इसके अलावा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग की टीम ने कंपनियों में जाकर संपर्क साधा। आगे भी विश्वविद्यालय अपने छात्रों को बेहतर अवसर प्रदान करने की तैयारी में जुटा हुआ है।

# दिव्यांग बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं : बीएसए

**अवधनामा संवाददाता**



**■ अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आदर्श विद्यालय में हुई खेलकूद प्रतिस्पर्धा**

**ललितपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर राजकीय आदर्श विद्यालय के परिसर में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग छात्र-छात्राओं की जिला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। कार्यक्रम के पूर्व राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय ललितपुर की छात्राओ खुशी,ताजमीन,सानिया,

मोहिनी, लक्ष्मी, आफरीन ने सरस्वती बंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह एवं सुजीत मोर्य जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन किया। इस दौरान दौड़ प्रतियोगिता 50 मीटर दौड में प्राथमिक विद्यालय उमरिया के प्रतीक प्रथम, द्वितीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय टोडी के भगवत, तृतीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रजौला के हरिओम रहे।

प्राथमिक विद्यालय कछयाबाग, सिलगन की पायल प्रथम, रूपेश कंपोजिट विद्यालय सिरसी द्वितीय, रितिका उच्च प्राथमिक विद्यालय झरावटा की तृतीय स्थान पर रहीं। मानसिक मंद बच्चों की बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवालय ललितपुर की संजना प्रथम, प्राथमिक विद्यालय स्टेशन रोड ललितपुर के जयेश द्वितीय, आदर्श विद्यालय ललितपुर के दुर्गेश तृतीय,कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में ऋषिकांत उच्च प्राथमिक विद्यालय रजौला,मड़ावरा प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय पिपरई की रानी द्वितीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय तरावली मड़ावरा के अंकित तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय पडवा की पूनम प्रथम, कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय डुलावन की आराध्या द्वितीय, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय पाली की रानी तृतीय स्थान पर रहीं।

# भाषा विवि: विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के फ़ैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (FoET) के बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

इस अवसर पर कैंपस में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने एचआईवी/एड्स जागरूकता, बचाव एवं सामाजिक दायित्व से जुड़े विषयों पर अपने रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक संवेदनशीलता तथा वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों के प्रति सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का सफल संचालन संकाय के निदेशक डॉ. आर. के. त्रिपाठी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ममता शुक्ला के मार्गदर्शन में हुआ।

# मोटर पार्ट्स के कार्टून में छिपा कर ले जा रहे थे शराब

**मथुरा।** मोटर पार्ट्स के कार्टून में शराब की पेटियों को भर ले जा रहे छोटे लोडर को आबकारी विभाग की टीम ने पुलिस की मदद से पकड़ा है। झांसा देने के लिए तस्कर ने रिफाइनरी के नाम से मोटर पार्ट्स की फर्जी बिल्टी भी बनवा ली जिससे कि चेकिंग के दौरान वह टीम को झांसा देकर निकल जाए। हालांकि यह चालाकी काम नहीं आई। मुखबिर की सूचना पर आबकारी और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में तस्कर को धर लिया गया। इसके कब्जे से 50 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब चंडीगढ़ मार्का, एक मोटर पार्ट्स की मथुरा रिफाइनरी के नाम से फर्जी बिल्टी (दस्तावेज) एवं तस्करी में प्रयुक्त वाहन यूपी 14 क्यूटी 6851 बरामद किया गया। कोसीकलां पुलिस व आबकारी विभाग मथुरा की संयुक्त कार्यवाही में शराब तस्करी के आरोपी जसवीर पुत्र ईश्वर सिंह निवासी रोहना थाना खरखौंदा जिला सोनीपत हरियाणा को कोटवन चौकी बैरियर एनएच 19 पर दिल्ली से मथुरा लेन से गिरफ्तार किया।

# भूमिगत कचरा पात्र मोदी की योजना बनी शोपीस

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** स्वच्छ भारत मिशन को जमकर पलीता लगाया जा रहा है, नगर निगम के द्वारा शहर में जगह-जगह लगवाए गए भूमिगत कचरा पात्र सफेद हाथी साबित हो रहे हैं. आलम यह है कि यह कचरा पात्र अब खुद ही कचरे में तब्दील हो गए हैं. धूल फांकते भूमिगत कचरा पात्र नगर निगम की लापरवाही को दर्शाते नजर आ रहे हैं. बता दें कि एक कचरा पात्र की कीमत करीब 5 लाख रुपए थी और एक दर्जन के अधिक कचरा पात्र खुद ही अब कचरा बने हुए हैं।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश को स्वच्छ साफ देखने की परिकल्पना की गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री का यह सपना एक सपना ही बनकर रह जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन की सोच को साथ लेकर चलते नगर निगम के



द्वारा शहर में जगह जगह भूमिगत कचरा पात्र लगवाए गए, ताकि लोग अपने घरों के कूड़े को इन कचरा पात्रों में डालकर स्वच्छ भारत मिशन में अपना योगदान दें। शहर में जगह-जगह लाखों रुपये की लागत से लगवाए गए भूमिगत कचरा पात्र इन दिनों खुद ही कचरे के ढेर में तब्दील हैं. जिला कलेक्ट्रेट कोर्ट के पास लगे भूमिगत कचरा पात्र इन दिनों सफेद हाथी बना हुआ है. वहीं मसानी बिजली घर, महोली रोड स्थित धर्म कांटे के पास सड़क किनारे बनाया गया भूमिगत कचरा पात्र कूड़े के ढेर में तब्दील है।

# शहर की सुंदरता को मिटाने पर उतारू अवैध होर्डिंग्स के ठेकेदार

**मथुरा।** तीन लोक से न्यारी मथुरा पूरी में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार सौंदर्यीकरण की योजनाओं को लाकर शहर को सुंदर बनाने का लगातार प्रयास कर रही है, वही मथुरा में मानो लगता है धृतराष्ट्र का शासन चल रहा है नगर निगम के अधिकारियों को राह चलते सड़क पर ना अवैध होर्डिंग्स दिखाई देते है ना शहर के नाले नालियों में भरी गंदगी, सोशल मीडिया पर आए दिन नगर आयुक्त फोटो डाल कर अपने मथुरा में रहने की उपस्थिति को दर्ज कराते जरूर दिखाई देते हैं पर नगर में चल रही अनियमितता जैसे अवैध होर्डिंग्स, शहर में गंदगी का आलम देख धृतराष्ट्र की पुनरावृति दिखाई देती हैं। अधिकारियों के अनुसार, नगर निगम ने शहर में होर्डिंग व बैनर लगाने की जिम्मेदारी छह से अधिक ठेकेदारों को दी है। प्रत्येक ठेकेदार को कम से कम 15 और अधिकतम 20 होर्डिंग लगाने का टेंडर दिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिवक्ता दिवस पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान, न्याय व्यवस्था की मजबूती पर जोर



**बिलग्राम (अवधनामा संवाददाता)।** अधिवक्ता दिवस पर बिलग्राम बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ता सभागार में एक भव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार अध्यक्ष जाबिर हुसैन ने की। मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता लालाराम शुक्ला, सुरेश चंद्र तिवारी, देवीप्रसाद, बांकेलाल, मकबूल फारूकी, फैयाज़ वारसी सहित कई वरिष्ठ-कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं, जिनकी प्रथम जिम्मेदारी वादकारियों के हितों की रक्षा तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करना है। साथ ही, अधिवक्ताओं की एकता व संगठन को मजबूत बनाए रखने पर भी बल दिया गया।

### उर्स ताहिरी का रूहानी और हसीन मंज़र



**बिलग्राम (अवधनामा संवाददाता)।** खानकाहे नसीरीया चिश्तिया, बिलग्राम में हज़रत सैय्यद शाह ताहिर अली नसीरी चिश्ती रहमतुल्लाह अलेह का सालाना उर्स बड़ी अकीदत और मोहब्बत के साथ मनाया गया। पूरे दिन खानकाह का माहौल रूहानी कैफ़ियत और इश्क-ए-औलिया की खुशबू से महकता रहा। उर्स की सरपरस्ती सज्जादानशीन हज़रत सैय्यद शाह मोहम्मद अफसर अली नसीरी चिश्ती ने फ़रमाई, वहीं सैय्यद करम नसीर साहब सरपरस्त की हैसियत से मौजूद रहे। सुबह नमाज़-ए-फ़ज्र के बाद कुरआन-ख़्वानी, और 10 बजे गुस्ल-ए-शरीफ़ अदा किया गया। इसके बाद महफ़िल-ए-समा का शानदार प्रोग्राम हुआ जिसमें मशहूर कव्वाल राजू मुरली और शबी नसीरी ने अपनी दिलकश आवाज़ों से समां बांध दिया। महफ़िल के बाद लंगर-ए-आम तक़सीम किया गया। प्रोग्राम में शफ़ीपुर शरीफ़ से हज़रत मखदूम शाह सफी रहमतुल्लाह अलेह के सज्जादानशीन हज़रत नवाज़िश मियां (समधी मियां) ने तशरीफ़ लाकर उर्स की रौनक में इज़ाफ़ा किया।

### मेले की तैयारियों का एसडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण



**बिलग्राम (अवधनामा संवाददाता)।** जनवरी माह में लगने वाले परंपरागत बिलग्राम राजघाट मेले की तैयारियों को लेकर आज एसडीएम बिलग्राम एवं सीओ बिलग्राम ने संयुक्त रूप से राजघाट पहुँचकर मेले स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मार्गों, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को सभी तैयारियाँ समय से पूर्ण कर व्यवस्थाएं पूरी तरह सुचारु रखने के निर्देश दिए। सीओ बिलग्राम ने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस चौकस व मुस्तैद रहेगी। वहीं एसडीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता एवं यातायात नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# वकालत के आदर्शों को समर्पित रहा अधिवक्ता दिवस समारोह

**ललितपुर।** जिला बार एसोसिएशन भवन में शुक्रवार को अधिवक्ता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के प्रथम राष्ट्रपति और प्रसिद्ध विधिवेत्ता डा. राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी व वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकीनाथ बिलगैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ता समुदाय में उत्साह और शपथ की भावना देखने को मिली। अधिवक्ताओं ने विधि और न्याय के संरक्षण में अपनी भूमिका को सर्वोपरि बताया। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता केवल वाद प्रस्तुत करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था का प्रमुख स्तंभ होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद ने अपने व्यक्तित्व से यह सिद्ध किया था कि सत्य, विधि और मानवता का सम्मान ही अधिवक्ता का धर्म है।

# मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने 455 मरीज का किया परीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउण्डेशन रजि.द्वारा पं.रुद्रनारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज ग्राम खडोबरा स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के तत्वाधान में मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डी.के. शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर मेडिकल कैम्प का शुरुआत किया। प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, राहुल पटैरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा ने राज्यमंत्री, जिलध्यक्ष, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संचालन पं.जयप्रकाश द्विवेदी ने किया। राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शिविर लगाना गरीब जनता को सीधे लाभ पहुंचने की सरकार की मंशा है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की सोच हैं कि गांव-गांव तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए इस तरह के स्वास्थ्य कैंप लगाए जाना चाहिए, जिससे ज्यादा से ज्यादा मरीजों को लाभ मिल सके और उनकी जांच हो सके अस्पताल आने में असमर्थ ऐसे मरीज कैंप का लाभ उठा रहे हैं।

# उर्विजा दीक्षित के जिलाध्यक्ष बनने पर किया स्वागत


**उरई (जालौन)।** उर्विजा दीक्षित के जिलाध्यक्ष बनने पर व्यापारियों ने जश्न मनाया। शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर खुशी का इजहार किया। व्यापारियों के हृदय स्थल घंटाघर क्षेत्र उरई स्थित गोयल बर्तन भंडार पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में एवं व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा गौरव राठौर के आवास पर भारतीय जनता पार्टी जनपद जालौन की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री मती उर्विजा दीक्षित जी के प्रथम उरई नगर आगमन पर व्यापारी भाइयों और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा भव्य पुष्पवर्षा बड़ी माला पहनाकर मिष्ठान वितरित कर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर टोनी कंथरिया युद्धवीर कंथरिया संजय सुहाने बलवीर सोनी संजीव, प्रदीप द्विवेदी श्याम किशोर, दिनेश कुमार पुरवार धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ बलवीर जादौ उद्योगपति विशाल अरुण द्विवेदी वीरेश पटेल विजय सभासद अभिषेक राम जितेंद्र कंथरिया कृष्ण मुरारी, अतुल, रामकुमार सक्सेना दिलीप एवं अन्य व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# बाबरी विध्वंस की बरसी छः दिसंबर को लेकर प्रशासन परेशान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद में बाबरी विध्वंस की बरसी पर मथुरा प्रशासन काफी तनाव में नजर आ रहा है लगातार हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाकर परेशान करने की मंशा से कार्यवाही करता दिखाई दे रहा है, हर वर्ष हिंदूवादी संगठनों के लोग पहले से श्री कृष्ण जन्मभूमि पर कार्यक्रम का 6 दिसंबर हिंदू शौर्य दिवस के रूप में मनाने का ऐलान करते रहे हैं पहली बार इस वर्ष किसी भी हिंदूवादी संगठनों के द्वारा 6 दिसम्बर को कोई पूर्व घोषणा नहीं की फिर भी प्रशासन लगातार हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को परेशान कर उकसावे की कार्यवाही करने पर तुला है जिसके चलते हिंदूवादी संगठनों के लोगों में चिंता की लकीर खिंच गई है जिसके कारण प्रषासन की कार्यवाही पर सवालिया निशान उठना लाजमी है। प्रशासन द्वारा नोटिस जारी कर 12 हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं को

**■ 12 हिंदूवादी संगठनों के लोगों को भेजा नोटिस**



शांति भंग करने की संभावना के चलते पाबंद करने की प्रकिया को किया जा रहा है जिनमें प्रमुख रूप से अखिल भारत हिन्दू महासभा (चक्रपाणि ग्रुप) के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय हरियाणा, बजरंग दल महानगर सह संयोजक शुभम शर्मा, छाया गौतम, आचार्य मनमोहन रामनुज, नीरज गौतम, दिनेश शर्मा फलाहारी, नरेश ठाकुर, रजत शर्मा, अश्वनी शर्मा, गुंजन शर्मा, पवन गौतम, गिर्राज सिंह को समान भेज कर 04 दिसंबर को पेश होने के लिए नोटिस भेजा गया जिन्हें एक, एक लाख रुपए के निजी मुचलका भरने की सूचना भेजी गई।

# एसएसपी ने दो निरीक्षकों, 26 उपनिरीक्षकों को दी नई जिम्मेदारियां

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल किया है। इस बदलाव के तहत दो निरीक्षकों और 26 उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अधिकांश पुलिस लाइन में तैनात रिजर्व उपनिरीक्षकों को विभिन्न थानों और चौकियों में भेजा गया है, साथ ही कई चौकी प्रभारियों को भी बदला गया है ताकि क्षेत्रीय कार्यप्रणाली में गतिशीलता लाई जा सके। जारी आदेश के अनुसार, पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक शिव कुमार को थाना गोवर्धन में अतिरिक्त अपराध निरीक्षक (द्वितीय) बनाया गया है। इसी प्रकार, रिट सेल मथुरा के प्रभारी निरीक्षक योगेश कुमार शर्मा को थाना कोसीकलां में अतिरिक्त अपराध निरीक्षक (द्वितीय) की जिम्मेदारी दी गई है। उप

**■ लाइन से अधिकांश उपनिरीक्षकों को दी तैनाती**

निरीक्षकों की सूची में राजकुमार (पुलिस लाइन) को थाना महावन, मनोज कुमार को थाना गोवर्धन और गंगा सिंह को मॉनिटरिंग सेल में तैनात किया गया है। अभिलाख सिंह को फरह टोल चौकी प्रभारी, अरविंद कुमार को थाना गोविंद नगर, सतेंद्र कुमार को थाना हाईवे और सतेंद्र सिंह को थाना वृंदावन भेजा गया है। इसके अतिरिक्त, विनीत चौधरी को थाना सुरीर, दिनेश कुमार सिंह को थाना मांट, संत राम को थाना बलदेव और सुधीर राठी को थाना जैत में पदस्थापित किया गया है। मकसूद अली को थाना छाता, अंकित कुमार को थाना जैत, मंशाराम को रिट सेल और दुष्यंत कौशिक को चौकी सनसिटी थाना जैत की जिम्मेदारी मिली है। महिला उपनिरीक्षक निशा रानी को थाना सदर बाजार में नई तैनाती दी गई है।

# इटौरा सहकारी समिति में वार्षिक सभा में किसानों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**उरई (जालौन)।** बहुउद्देशीय सहकारी समिति इटौरा की वार्षिक आम सभा का आयोजन आज उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस आम सभा में समिति के सदस्यों, किसानों एवं ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को सहकारिता से जुड़े नवीन अवसरों, योजनाओं तथा समिति की उपलब्धियों और भविष्य की रूपरेखा से अवगत कराना था। सभा में किसानों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में समिति से जुड़कर सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाएं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, लखनऊ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह वार्षिक आम सभा सिर्फ एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह पिछले वर्ष की उपलब्धियों, चुनौतियों, पारदर्शिता और भविष्य की योजनाओं का सामूहिक आकलन है।

# दर्दनाक सड़क हादसे पर डीएम व एसपी ने व्यक्त की गहरी संवेदना

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** भीषण सड़क हादसे पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना का संज्ञान लिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुबह राजकीय मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस पहुँचकर मृतक किशोरों के परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त कर परिजनों से मिल बंधाया ढांढस। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है और जिला प्रशासन शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करता है। थाना सिरसा कलार क्षेत्र के ग्राम गधेला में यह हादसा उस समय हुआ जब 11 कुंडीय यज्ञ-भागवत कथा के भंडारे से लौट रहे तीन किशोर तेज रफ्तार बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे हो गए और तीनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा हादसे के कारणों की जांच जारी है।



### ओवरलोड स्लीपर बसों के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू

**उरई (जालौन)।** परिवहन आयुक्त केडी सिंह गौर के सख्त निर्देशों के बाद लम्बी दूरी की स्लीपर बसों में अनुमन्य क्षमता से अधिक सवारियाँ ढोने वाली बसों के विरुद्ध व्यापक प्रवर्तन अभियान शुरू हुआ। उप परिवहन आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि झाँसी परिक्षेत्र के जनपदों में उनके भ्रमण और पर्यवेक्षण के दौरान उन्हें लगातार ये शिकायतें मिल रही थीं कि झाँसी, उरई, बाँदा, हमीरपुर, और महोबा जनपदों से बड़ी संख्या में स्लीपर बसें कोटा, सूरत, अहमदाबाद, और दिल्ली जातीं हैं जिनमें बस की सीट क्षमता से दोगुनी सवारियाँ ले जाई जा रहीं हैं। उप परिवहन आयुक्त ने इस फीड बैक के आधार पर पूरे झाँसी परिक्षेत्र के पाँच जनपदों में बसों की ओवरलोडिंग के खिलाफ व्यापक और सघन प्रवर्तन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस पर हुआ उपकरण वितरण



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में आज अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण दिवस पर जनसमूह के बीच दिव्यांग जनों को 100 मानसिक किट, 5 कान की मशीन, 5 व्हीलचेयर सहित विभिन्न सहायक उपकरण वितरित किए। जिलाधिकारी कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज के सम्मानित सदस्य हैं। उनमें असीम संभावनाएँ हैं जिन्हें पहचानने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। जनपद में नियमित रूप से शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों को उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। शासन का प्रयास है कि कोई भी दिव्यांगजन वंचित न रहे। समाज में सभी को उनका हक और सम्मान मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगामी शिविरों का आयोजन और अधिक व्यापक स्तर पर किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

# 06 दिसम्वर, अम्बेडकर परिनिर्वाण दिवस को लेकर अलर्ट हुई पुलिस

■ कोतवाल ने अम्बेडकर कमेटी सदस्यों से कार्यक्रम स्थल पर कैमरे लगवानें पर बल दिया



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी 06 दिसंबर को पड रही बाबरी विध्वंस की बरसी तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। तनाव-संवेदनशील माने जाने वाले इस दिन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर के प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, व्यापार मंडल पदाधिकारी, धर्मगुरु शामिल हुए।

बुधवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने कहा कि 6 दिसंबर को शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहा कि कमेटियों द्वारा अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर निगरानी कैमरे लगाए जाएँ, जिससे हर गतिविधि पर स्पष्ट नजर रखी जा सके और किसी भी अप्रिय स्थिति पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। कहा कि सोशल मीडिया की भी कड़ी मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि किसी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना फैलने से रोका जा सके। अंत में उन्होनें ने आम जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कमेटी में मौजूद सभ्रांतजनों ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता नगर की पहचान है, जिसे कायम रखना सभी की साझा जिम्मेदारी है। इस दौरान निरीक्षक सीपी तिवारी, कस्वा प्रभारी दीपक चौधरी, विहिप जिलाकार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, शहर काजी हाफिज जुम्मन, व्यापारी नेता शिवमराज वर्मा, सभासद दीपक गुप्ता, सुगम दुवे, उमाकान्त सैनी, मुनीर कुरैशी, कासिम खॉन, लाल मियां सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एक्सीडेन्ट में घायल के पास से बरामद 3 लाख 56 हजार 610 रुपये की सुपुर्दगी

**उन्नाव।** गत 29 नवम्बर को थाना दही क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दरोगाखेड़ा राजकीय कृषि गोदाम प्रभारी प्रशान्त कुमार पटेल पुत्र प्रताप कुमार वर्मा निवासी केदारीपुर थाना मितौली जनपद खीरी को सड़क दुर्घटना में गम्भीर चोट होने के पश्चात सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना दही ने पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच घायल को इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया था तथा घायल प्रशान्त पटेल की मोटरसाइकिल पर मिले काले रंग का बैग जिसमें कुल 3,56,610 रुपये बरामद हुए थे। इस सम्बन्ध में मंगलवार को राजकीय कृषि बीज भंडार बिछिया के गोदाम प्रभारी सचिन पाल पुत्र कलपू पाल निवासी अग्निहोत्रीनगर मकड़ीखेड़ा थाना कल्यानपुर कानपुर नगर व प्रशान्त पटेल के सगे छोटे भाई योगेश कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी केदारीपुर थाना मितौली जनपद खीरी को थाने में घटना के समय बरामद हुये कुल रुपये उनको सुपुर्द किये गये। जिसके पश्चात उपस्थित आये व्यक्तियों द्वारा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# पुलिस ने बाहरी मजदूरों के सत्यापन का चलाया अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस ने सघन सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पुलिस टीमें लगातार दबिश देकर लोगों की पहचान, दस्तावेज और पते की जांच कर रही हैं। मंगलवार को सदर कोतवाली, बिहार थाना क्षेत्र, माखी और दही इलाकों में पुलिस ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाया। झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों, औद्योगिक क्षेत्रों, किराए के मकानों और बाहरी मजदूरों की गहन जांच की गई। दर्जनों लोगों से आधार कार्ड, पहचान पत्र, किरायानामा और अन्य दस्तावेज मांगे गए। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों पर खास निगरानी रखी जा रही है। संवेदनशील इलाकों में खुफिया इकाई और थाना पुलिस की संयुक्त टीमें लगातार तलाशी अभियान चला रही हैं। मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जानकारी मिल सके। जिन लोगों के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए हैं, उनके बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटाई जा रही है। जरूरत पड़ने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में सभी मजदूरों और बाहरी कामगारों का अनिवार्य सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। मकान मालिकों को भी चेतावनी दी गई है कि बिना वैध दस्तावेज किसी को कमरा न दें। अभियान की समीक्षा करते हुए एएसपी अखिलेश सिंह ने कहा कि जिले में सुरक्षा को चाक-चौबंद रखना प्राथमिकता है। उन्होंने साफ कहा कि किसी तरह की अवैध गतिविधि या संदिग्ध मूवमेंट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस का यह अभियान जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सख्ती से लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सीमा 11 दिसम्बर तक बढायी गयी है : मण्डलायुक्त



**बस्ती (अवधनामा संवाददाता)** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सीमा 11 दिसम्बर 2025 तक बढायी गयी है। उक्त जानकारी देते हुए मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने बताया कि उनके कार्यालय मे दिनांक 24 नवम्बर 2025 से कन्ट्रोल रुम प्रातः 10 बजे से सांय 05 बजे तक गतिमान हैं। उक्त समय-सीमा में वृद्धि के क्रम में नियन्त्रण कक्ष का कार्य दिनांक 11 दिसम्बर 2025 तक बढ़ाया गया है। जिन मतदाताओं को विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यकम (एसआईआर) में कोई समस्या आती है, तो वह मण्डल स्तर पर स्थापित निर्वाचन नियन्त्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 05542-245301 पर सम्पर्क कर सकते है।

## 02 से 16 दिसम्बर तक दावे /आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी : अपर जिलाधिकारी

**बस्ती (अवधनामा संवाददाता)** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अर्हता दिनांक 01.11.2025 के आधार पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों को नये सिरे ष्द्ध-ठ्ठश1श पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत उत्तर प्रदेश विधान परिषद के गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन मण्डलायुक्त, गोरखपुर/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र द्वारा दिनांक 02 दिसम्बर, 2025 को कर दिया गया है। उन्होने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम-1960 के नियम 12 के अन्तर्गत दिनांक 02 दिसम्बर 2025 से 16 दिसम्बर 2025 तक दावे /आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। तदोपरान्त उक्त निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी 2026 को किया जायेगा। आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियां प्रकाशन अवधि में सम्बन्धित पदाभिहित स्थल/तहसील कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, बस्ती में निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी।

## सीआरपीएफ से रिटायरमेंट, भव्य स्वागत



**गाजीपुर (अवधनामा संवाददाता)** भांवरकोल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पखनपुरा में उत्सवपूर्ण अवसर पर इंसपेक्टर खुर्शीद अहमद सिद्दीकी का सीआरपीएफ से रिटायरमेंट के बाद घर पहुंचते भव्य स्वागत किया गया। इंस्पेक्टर सिद्दीकी को फूल माला पहनाकर और ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इस मौके पर पखनपूरा के प्रधान जुबेर अहमद, पूर्व प्रधान नदीम सिद्दीकी, जिला पंचायत प्रत्याशी पप्पू खान,हैदर, अफजाल, फैज अहमद, राजू सिद्दीक़ी, दिलशाद सिद्दीकी, सुहैल सिद्दीकी सूबेदार आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। इंस्पेक्टर सिद्दीकी के सरल, विनम्र और मृदुभाषी स्वभाव की सभी ने प्रशंसा की। लोगों ने बताया कि उन्होंने हमेशा समाज सेवा की तरफ दो कदम बढ़ाया है। और आगे भी लोगों ने यह उम्मीद जताई कि हमेशा समर्पित होकर समाजसेवी के रूप में कार्य करते रहेंगे।

## पुलिस टीम से मुठभेढ़ में गौतस्कर घायल गिरफ्तार



**गाजीपुर (अवधनामा संवाददाता)।** अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत स्वाटप्रभारी रात्रि गश्त के समय रजागंज के रास्ते मौजूद मुखबिर से सूचना मिली। एक पिकअप वाहन गोवंश लदा मोटरसाइकिल सवार रजागंज की तरफ से गहमर की तरफ जाएंगे। कुछ देर बाद सामने से वाहन आते हुए दिखाई दिया ।जब उन्हें रोकने का प्रयास किया। मोटर साइकिल सवारों ने स्वाट टीम पर तमंचे से फायर करते हुए बारा की तरफ भागने लगे। स्वाट प्रभारी ने कंट्रोल रूम को सूचना दी।तब संदिग्ध गाड़ियों का पीछा करते समय कालूपुर मोड थाना सुहवल के पास स्वाट टीम व थाना सुहवल पुलिस टीम ने खुद को घिरा देख मोटरसाइकिल सवारों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से पुनः निशाना लगाकर फायर करने लगे। पुलिस टीम ने आत्मराक्षार्थ में संतुलित फायरिंग की गई। जिसके परिणाम स्वरूप एक बदमाश के बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया । सीएचसी रेवतीपुर तथा गाजीपुर उपचार के लिए भेजा गया है। मोटरसाइकिल सवार बदमाश पिकअप वाहन के साथ अंधेरे का फायदा उठा भागने में सफल रहे। पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया।

## एएसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

**उन्नाव (अवधनामा संवाददाता)।** अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह द्वारा मंगलवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह द्वारा मंगलवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में पुलिस लाइन का बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी तथा रिक्रूट आरक्षी सम्मिलित रहे। परेड निरीक्षण के उपरान्त पुलिस लाइन परिसर, बैरक, स्टोर, भोजनालय, परिवहन शाखा एवं विभिन्न गार्द रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# हेड मोहर्रिर ने शस्त्रों की साफ-सफाई कराई



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली में शस्त्रों के रख-रखाव को लेकर प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व एवं निरीक्षक सीपी तिवारी की मौजूदगी में हेड मोहर्रिर पवन शर्मा ने कोतवाली में उपलब्ध सभी शस्त्रों की विधिवत साफ-सफाई करवाई। इस दौरान शस्त्रागार में रखे शस्त्रों का क्रमवार निरीक्षण किया गया। बुधवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में निरीक्षक सीपी तिवारी ने शस्त्रों की साफ-सफाई के दौरान हेड माहर्रिर पवन शर्मा एवं राघवेन्द्र सिंह सहित कर्मियों को निर्देशित किया कि शस्त्रों का नियमित रूप से निरीक्षण एवं रख-रखाव अत्यंत आवश्यक है, जिससे आपात स्थिति में कोई तकनीकी दिक्कत न आए। उन्होंने बताया कि समय-समय पर शस्त्रों की सर्विसिंग एवं ऑयलिंग से उनकी कार्यक्षमता बेहतर बनी रहती है। कहा कि पुलिस बल के लिए शस्त्रों का दुरुस्त होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान शस्त्रों की साफ-सफाई की यह कार्यवाही लगभग दो घंटे तक चली, जिसमें सभी हथियारों को सुरक्षित तरीके से जांचने के बाद पुनः शस्त्रागार में व्यवस्थित कर रखा गया।

# गौवशों को गुड़ एवं चारा खिलाकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई

■ उ.प्र. गौसेवा आयोग सदस्य ने गौशाला के संचालन एवं प्रबंधन की प्रशंशा की



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग सदस्य राजेश सिंह सेंगर द्वारा स्थानीय नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में उपलब्ध समस्त सुविधाएं, व्यवस्थाएं एवं प्रबंधन संतोषजनक पाई गई। जिस पर सदस्य ने प्रशंसा एवं प्रसन्नता व्यक्त की। बुधवार की सुवह पालिका द्वारा संचालित अस्थायी गौशाला के निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग सदस्य राजेश सिंह सेंगर द्वारा करीब आधा घंटा गौशाला परिसर में समय व्यतीत किया गया। उन्होंने स्वयं गौवंशों को गुड़ एवं चारा खिलाकर सेवा कार्य में सहभागिता निभाई। इस दौरान गौशाला प्रभारी प्रसन्नजीत मिश्रा ने सदस्य के समक्ष शीतलहर से बचाव के लिये गौशाला में गर्माहट हेतु अतिरिक्त बिछावन, हवा से सुरक्षा हेतु टिनशेड एवं पर्दों की व्यवस्था सहित चिकित्सकीय प्राथमिक उपचार सुविधा की जानकारी दी गई। सदस्य ने उपरोक्त सुविधाओं का अवलोकन भी किया और इन प्रबंधों को सराहनीय बताया। इस दौरान उन्होनें कहा कि नगर पालिका द्वारा गौशाला के संचालन एवं प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है तथा यह अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। गौशाला प्रभारी प्रसन्नजीत मिश्रा द्वारा आश्वस्त किया गया कि गौशाला में सुविधाओं के विस्तार एवं गौसंरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती रहेगी। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ संजीव कुमार वर्मा, डॉ प्रदीप वर्मा, डॉ विकराल सिंह, वरिष्ठ लिपिक वीर सिंह, शैलेन्द्र सिंह, केयर टेकर ऊधन सिंह, प्रेम चंद्र, रूपेंद्र सिंह एवं पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## 'विश्व में भारत की पहचान बुद्ध व गांधी से होती है'

**उन्नाव।** उन्नाव सर्वोदय मंडल द्वारा अनवरत चलाई जा रही गांधी चर्चा के क्रम में मैचलेस सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आदर्श नगर में छात्रों के बीच में गांधीजी से जुड़ी हुई भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा समाज में एक वर्ग द्वारा फैलाई जा रही गांधी जी के प्रति चरित्र हनन की कोशिशों का पर्दाफाश किया गया। गांधी चर्चा का शुभारंभ करते हुए उन्नाव सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष नसीर अहमद ने कहा कि समाज का एक वर्ग अपने राजनीतिक लाभ हानि के लिए भले ही गांधी जी के बारे में जितना दुष्प्रचार कर ले लेकिन आज भी भारत की पहचान दुनिया में गांधी और बुद्ध से होती है। उन्होंने कहा कि आप हिंसा को हिंसा के रास्ते से खत्म नहीं कर सकते क्योंकि यह एक अंतहीन लड़ाई होती है जो कहीं ना कहीं जाकर समाज को सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए शांति के रास्ते पर चलना ही पड़ता है। आज पूरी दुनिया युद्ध की विभीषिकाओं जुड़ी हुई है, ऐसे नाजुक वक्त में दुनिया के गांधी जी के विचारों की जरूरत है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संस्था के मंत्री संजीव श्रीवास्तव, संयोजक रघुराज मगन, अनुराग साहू, सहित प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश साहू आदि मौजूद थे।

# स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय भगवती सिंह विशारद को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** स्वतंत्रता आंदोलन के प्रखर सेनानी, समाजवादी विचारधारा के पुरोधा और उन्नाव की राजनीति के सुदीर्घ स्तंभ रहे स्वर्गीय भगवती सिंह विशारद की पुण्यतिथि पर आज समाज के सभी वर्गों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके योगदान को याद करते हुए लोगों ने कहा कि विशारद जी ने न केवल स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई, बल्कि आज़ादी के बाद भी जनता की सेवा को ही अपना जीवन लक्ष्य बनाया।




1957 में उन्होंने भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर पहली बार चुनाव जीता और उत्तर प्रदेश की दूसरी विधानसभा के सदस्य बने। अपने जनाधार और विनम्र स्वभाव के कारण वे जल्द ही क्षेत्र की जनता के प्रिय नेता बन गए। बाद में वे कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए और अपने राजनीतिक जीवन में कुल 7 बार विधायक चुने गए, जो उनके कार्य के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है। दीर्घकाल तक जनप्रतिनिधित्व करने के बाद विशारद जी ने वर्ष 1999 में राजनीति से संन्यास ले लिया था। इसके बाद भी वे सामाजिक जीवन में सक्रिय रहे और विकास एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर प्रेरक भूमिका निभाते रहे। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षाविदों एवं नागरिकों ने भाग लेकर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि भगवती सिंह विशारद का सरल व्यक्तित्व, संघर्षशील जीवन और जनता के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत

**उन्नाव।** थाना दही अन्तर्गत काशीराम कॉलोनी निवासी दिनेश 28 पुत्र कल्लू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन भांजी की शादी में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। दिनेश घर में अकेला था। शाम को जब उसके परिजन वापस आए तो कमरे का दरवाजा काफी देर तक नहीं खुला। दोबारा आवाज़ लगाने पर भी कोई जवाब न आने पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। दिनेश का शव पंखे से लटका मिला था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया। मृतक दिनेश चार भाइयों और छह बहनों में तीसरे नंबर पर था। परिवार की आर्थिक स्थिति साधारण बताई गई है। दिनेश पेंटिंग और पुताई का काम करता था और इसी से घर का खर्च चलता था।

# धान क्रय केंद्रों व उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर जिले भर में विकासखंड वार धान क्रय केंद्रों और उर्वरक विक्रेताओं का व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर तीन प्रतिष्ठानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, जबकि पाँच विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा गठित टीमों ने कुल 35 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक विक्रेता के स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर और कैश मेमो की गहन जांच की गई। साथ ही किसानों से बातचीत कर यह सुनिश्चित किया गया कि उन्हें निर्धारित दरों पर ही उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है और किसी प्रकार की ओवररेटिंग या कालाबाजारी नहीं हो रही है। जांच के दौरान एक संदिग्ध स्टॉक से नमूना भी लिया गया है, जिसे जांच हेतु भेजा गया है। जिला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने सभी उर्वरक विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि खतौनी के आधार पर पीओएस मशीन से ही उर्वरक वितरण किया जाए। उन्होंने कहा कि दुकानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड, स्टॉक एवं वितरण रजिस्टर तथा कैश मेमो उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि अनियमितता, ओवररेटिंग, टैगिंग, दुकान बंद मिलने या निर्धारित सीमा से अधिक बिक्री पाए जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार दंपती की मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** बुधवार की दोपहर नगर थाना क्षेत्र के फुटहिया ओवर ब्रिज के पास सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुटहिया ओवर ब्रिज के पास शादी समारोह से लौट रहे ई-रिक्शा को ओवरलोड गन्ना लदे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें ई-रिक्शा सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक बच्चा और एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ई-रिक्शा ओवर ब्रिज से नीचे उतर रहा था, तभी अनियंत्रित ट्रक सीधे रिक्शा पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस और फायर विभाग मौके पर पहुंचा। ट्रक को हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद जेसीबी मशीन की मदद ली गई। मृतक दंपती की पहचान कलवारी थाना क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल बच्चे और बुजुर्ग को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद फुटहिया ओवर ब्रिज क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा।

## मवेशी को बचाने में ट्रक पलटने से हाइवे पर लगा जाम

**उन्नाव।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर मंगलवार सुबह अव्यवस्था की जीती-जागती मिसाल देखने को मिली, जब अजगैन क्षेत्र के बिचपरी गांव के पास एक मवेशी को बचाने के प्रयास में डस्ट से भरा ट्रक डिवाइडर फांदकर दूसरी लेन में जा पलटा। हादसा जितना अचानक था, उससे कई गुना ज्यादा चौंकाने वाली प्रशासन की सुस्ती रही, जिसने पूरे हाईवे को घंटों तक पंगु बनाए रखा। सुबह करीब छह बजे ट्रक कानपुर की ओर से डस्ट लेकर लखनऊ की तरफ बढ़ रहा था। बिचपरी गांव पहुंचते ही अचानक एक मवेशी सड़क पार करने लगा। उसे बचाने की कोशिश में चालक ने नियंत्रण खो दिया। तेज रफ्तार में ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा, उसे पार किया और सीधे विपरीत लेन में पलट गया। देखते ही देखते सड़क पर डस्ट की मोटी परत बिछ गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। पुलिस करीब 20 मिनट बाद मौके पर पहुंची और क्रेन मंगवाई लेकिन पहली क्रेन ट्रक को हिला भी नहीं सकी। इसके बाद दूसरी क्रेन बुलाने में और देर हुई। इस बीच हाईवे पर जाम तीन किलोमीटर तक फैल चुका था। हर दिशा में फंसे वाहन, गर्मी में परेशान लोग और कोई वैकल्पिक मार्ग न होने के कारण यात्री घंटों तक बेबस खड़े रहे।

# दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन कर वितरित किया गया सामग्री

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद।** विश्व दिव्यांग दिवस पर राजकीय मेडिकल कालेज एल-2 भवन के समीप दिव्यांगजन शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में बचपन डे केयर सेंटर के समस्त बच्चे व उनके अभिभावक प्रतिभाग किए। मौके पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी व विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज ने दिव्यांग बच्चों का उत्साहवर्धन किया। शिविर कार्यक्रम में बचपन डे केयर सेन्टर के मूकबधिर बच्चियां कुमारी अदिती शर्मा, कुमारी आकृति राज व कुमारी अंजला ने हर्षिका सिंह स्पेशल एजुकेटर एचआई के मार्गदर्शन में नृत्य प्रस्तुत किया। मूकबधिर बच्चियों का नृत्य कार्यक्रम सराहनीय रहा। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज के साथ नृत्य के उपरान्त बच्चियों पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने बचपन डे केयर सेन्टर के 5 बच्चों को ड्रेस , बैग, कापी, पेंसिल इत्यादी का वितरण किया। 15 बच्चों को व्हील चेयर, 10 बच्चों को कान की मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पर विद्या देवी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने समस्त अतिथियों, बचपन डे केयर के समन्वयक राहुल कुमार सिंह व अन्य समस्त कार्य में लगे कार्मिको धन्यवाद प्रकट करते हुए शिविर का समापन किया गया। इसी क्रम में विश्व दिव्यांग दिवस पर शैलेन्द्र यादव अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बचपन डे केयर सेन्टर सोनभद्र का निरीक्षण करते हुए बचपन डे केयर सेन्टर में किए शिक्षण प्रशिक्षण कार्यो का प्रसंशा की गयी व बचपन डे केयर सेन्टर में किये जा रहे क्रिया-कलापो की भी समीक्षा की गयी। शैलेन्द्र यादव अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बचपन डे केयर सेन्टर में थैरेपी कार्य प्रारम्भ करने व बच्चो का प्रतिमाह चिकित्सकीय जांच मुख्य चिकित्साधिकारी के सहयोग से कराने के निर्देश दिए।

## बारात के बीच गिरे लोड असलहे से फायर होने पर मचा हड़कम्प

**उन्नाव।** शादी-ब्याह में डीजे और डांस का धमाल तो आम है लेकिन महोलिया गांव की एक बारात में जो नजारा देखने को मिला, उसने लोगों को हैरान कर दिया। सोमवार रात आसीवन थाना क्षेत्र में चल रहे द्वारचार कार्यक्रम में डीजे की तेज धुनों पर बाराती झूम रहे थे। लाइटें चमक रहीं, लोग थिरक रहे थे तभी अचानक धड़ाम की आवाज ने सबको चौंका दिया। डांस फ्लोर के बीच खड़े दूल्हे के भाई अनमोल की कमर से अचानक तमंचा जमीन पर गिर पड़ा। कुछ पल के लिए पूरे माहौल में सन्नाटा छा गया। लोगों को पहले समझ नहीं आया कि हुआ क्या है लेकिन जैसे ही नजर तमंचे पर पड़ी, घबराहट फैल गई। अनमोल ने बिना किसी झिझक के तमंचा उठाया और फिर से कमर में खोंस लिया, मानो कुछ हुआ ही न हो लेकिन बारात में मौजूद एक शख्स पूरे वाकिये पर नजर रखे हुए था। उसने फौरन अपना मोबाइल निकाला और यह पूरा घटनाक्रम वीडियो में कैद कर लिया। इसके बाद वीडियो सीधे पुलिस को भेज दिया गया। वीडियो मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अनमोल को तमंचे सहित हिरासत में ले लिया।

# मिशन शक्ति केन्द्र में दो दंपतियों का कराया समझौता



■ मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत काउंसिलिंग कराकर सकुशल रवाना किया

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।।** मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 के तहत क्षेत्र के अलग अलग ग्राम निवासी दो पति-पत्नी के बीच हुये विवाद को लेकर स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाने के लिए महिला पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों की सहमति से समझौता कराया गया।

बुधवार को स्थानीय कोतवाली मिशन शक्ति अभियान प्रभारी सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला व काउंसलर सीमा बानों एवं महिला कांस्टेबल राखी द्वारा आवेदिका शालू देवी पत्नी मनोज कुमार निवासी रमपुरा मलिकपुर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति मनोज कुमार पुत्र राज बहादुर निवासी रमपुरा मलिकपुर को बुलबाकर समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर समझौता किया गया। जबकि आवेदिका सुधा देवी पुत्री डोरी लाल निवासी मिरगावा के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति संकेश पुत्र पप्पू निवासी अलीपुर नंदराला थाना जसरथपुर जिला एटा को बुलाया और समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर समझौता कराया गया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझा कर सकुशल रवाना किया जा रहा है।

# महिला क्रिकेटर डैनी वायट और उनकी पार्टनर ने दी खुशखबरी





**लंदन।** अब जबकि वायट-हॉज कपल अपने जीवन के नए और खूबसूरत फेज में कदम रखने जा रहा है, उनकी यह पोस्ट सिर्फ घोषणा नहीं बल्कि प्यार, अपनापन और परिवार बनने की खुशी का प्रतीक बन गई है। सोशल मीडिया पर फैन्स का रिएक्शन साफ बताता है कि लोग सिर्फ खिलाड़ी के तौर पर ही नहीं बल्कि इंसान के रूप में भी डैनी और जॉर्जी को पसंद करते हैं। इंग्लैंड की स्टार महिला क्रिकेटर डैनी वायट और उनकी पत्नी/पार्टनर जॉर्जी हॉज ने सोशल मीडिया के जरिए फैन्स को बड़ी खबर दी है। दोनों ने खूबसूरत सनसेट बैकग्राउंड में बेबी स्कैन की तस्वीरें शेयर करते हुए घोषणा की कि उनके घर जल्द ही बेबी गर्ल आने वाली है। तस्वीरों में दोनों बेहद खुश दिखाई दे रही हैं। जॉर्जी के हाथ में उनकी सोनोग्राफी रिपोर्ट है और डैनी प्यार से उन्हें गले लगाए मुस्कुरा रही हैं और फिर किस भी करती हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए जॉर्जी ने लिखा, हमारी नन्ही वायट-हॉज आने वाली है! जल्द मिलेंगे बेबी गर्ल, हम तुम्हें देखने का इंतजार नहीं कर पा रहे हैं। हमारा दिल खुशी से भरा हुआ है। पोस्ट के बाद दुनिया भर से फैन्स, क्रिकेटर्स और खेल जगत की शख्सियतों ने कपल को बधाइयां दी हैं। डैनी वायट और जॉर्जी ने जून 2024 में शादी की थी। इससे पहले दोनों ने 2023 में सगाई की थी। जॉर्जी हॉज एक फुटबॉल टीम मैनेजर हैं, जबकि डैनी वायट इंग्लैंड की सबसे सफल महिला क्रिकेटर्स में गिनी जाती हैं।

## रांची वनडे के बाद ड्रामा

# कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के कोच से नहीं मिलाया हाथ ग्रोवेल विवाद फिर सुर्खियों में




**रांची।** वीडियो के वायरल होने के बाद फैंस उस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। ग्रोवेल शब्द का इस्तेमाल दक्षिण अफ्रीका के कोच कोनराड ने गुवाहाटी टेस्ट के दौरान किया था। इस पर खूब विवाद हुआ था। गावस्कर से लेकर कुंबले और स्टेन ने इस पर प्रतिक्रिया दी थी। अब रांची वनडे के बाद यह विवाद फिर सुर्खियों में है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच शुकरी कोनराड की बयानबाजी ने भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज के बीच अचानक बड़ी बहस खड़ी कर दी थी। कोनराड ने गुवाहाटी टेस्ट मैच के चौथे दिन कहा कि उनकी टीम का इरादा था कि भारत ग्रोवेल (ञ्व्रह्श्व1ङ्घ्) करे। क्रिकेट में यह शब्द सामान्य रणनीतिक बयान जैसा लग सकता है, लेकिन इसके पीछे एक गहरा नस्लीय इतिहास और सांस्कृतिक अपमान जुड़ा है, जिसकी वजह से यह टिप्पणी विवादों में आ गई। अब रांची वनडे के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें विराट कोहली कोनराड को सबक सिखाते दिख रहे हैं।

वीडियो में मैच खत्म होने के बाद जब भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों और स्टाफ से हाथ मिलाने के लिए आगे बढ़ती है तो विराट के सामने कोनराड आते हैं। कोनराड हाथ मिलाने के लिए हाथ आगे बढ़ाते हैं, लेकिन विराट उन्हें इग्नोर कर उनके पीछे आ रहे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी से हाथ मिलाते हैं। फैंस इस वीडियो पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। उनका कहना है कि विराट ने भारतीय टीम का अपमान करने वाले कोनराड क अच्छा सबक चखाया और उनके ही अंदाज में जवाब दिया। दूसरे फैन ने लिखा, ग्रोवेल ट्रीटमेंट। एक और फैन ने लिखा, कोहली के रहते उनके देश का मजाक नहीं उड़ाया जा सकता।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 349/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। विराट कोहली ने 120 गेंदों में 135 रन की पारी खेली, जबकि रोहित शर्मा ने 51 गेंदों में 57 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और उन्होंने 11 रन पर तीन विकेट खो दिए। हालांकि, पुछल्ले बल्लेबाजों के दम पर दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.2 ओवर में 332 रन बनाने में कामयाब रही, लेकिन 17 रन से मैच हार गई। मार्को यानसेन ने 39 गेंद पर 70 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि कॉर्बिन बॉश ने 51 गेंद में 67 रन बनाए। भारत के लिए कुलदीप यादव ने चार और हर्षित राणा ने तीन विकेट लिए, जबकि अर्शदीप सिंह को दो विकेट मिले।

# सेंथिलकुमार और अनाहत का शानदार प्रदर्शन, स्क्वाश इंडियन टूर चार के क्वार्टर फाइनल में



**चेन्नई** दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने प्री क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका के राविंदु लाकसिरी को 11-7, 11-8, 11-7 से हराया, जबकि दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने चेक गणराज्य की तमारा होल्जबोरोवा को 11-7, 11-7, 11-7 से शिकस्त दी। पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। सेंथिलकुमार और अनाहत मंगलवार को आसान जीत के साथ एचसीएल स्क्वाश इंडियन टूर चार के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने में सफल रहे। दुनिया के 46वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने प्री क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका के राविंदु लाकसिरी को 11-7, 11-8, 11-7 से हराया, जबकि दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत ने चेक गणराज्य की तमारा होल्जबोरोवा को 11-7, 11-7, 11-7 से शिकस्त दी। भारत के दोनों शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। दुनिया की पूर्व 10वें नंबर की खिलाड़ी जोशना चिनप्पा, महिलाओं के वर्ग में छठी वरीय तन्वी खन्ना और पुरुषों के वर्ग के दूसरे वरीय वीर चोटरानी भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहे।

# प्रीमियर लीग में सबसे तेज 100वां गोल दागा; मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम को 5-4 से हराया



**लंदन।** अन्य मैचों में न्यूकैसल और टॉटनहैम का मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा जबकि जैक ग्रीलिश के गोल की मदद से एवर्टन ने बोर्नमाउथ को 1-0 से हराया।

एर्लिंग हालंद ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम मैच में 100 गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया जिससे मैनचेस्टर सिटी ने फुलहम की अच्छी वापसी के बावजूद 5-4 से जीत दर्ज की।हालंद ने खेल के 17वें मिनट में अपनी टीम की तरफ से पहला गोल करके गोल का शतक पूरा किया। यह उनका प्रीमियर लीग में 111वां मैच था और इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में सबसे कम मैच में 100 गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के दिग्गज एलन शीयर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 124 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी।

मैनचेस्टर सिटी की टीम ने एक समय 5-1 से बढ़त बना रखी थी, लेकिन इसके बाद फुलहम ने शानदार वापसी की। वह इंजरी टाइम में बराबरी का गोल करने की करीब पहुंच गया था, लेकिन जोश किंग का प्रयास विफल हो गया।हालंद ने मैनचेस्टर सिटी के इस प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की और स्काई स्पोर्ट्स से कहा, इस तरह का प्रदर्शन अच्छा नहीं है और हम सभी यह जानते हैं और हमें एक टीम के रूप में सुधार करने की जरूरत है। हालंकि उन्होंने अपने रिकॉर्ड पर कहा, ये गर्व का पल है, 100 क्लब में शामिल होना बहुत बड़ी बात है। इतने कम समय में यह कर पाना अविश्वसनीय है। मैं गर्व महसूस कर रहा हूं, मैं खुश हूं।

एक अन्य प्रीमियर लीग मैच में न्यूकैसल यूनाइटेड और टॉटनहैम हॉटस्पर के बीच 2-2 का रोमांचक ड्रॉ देखने को मिला। न्यूकैसल ने मैच के ज्यादातर हिस्से में नियंत्रण रखा और 71वें मिनट में ब्रूनो गिमारेस के गोल से बढ़त बनाई। एंथनी गॉर्डन ने 86वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर न्यूकैसल को 2-1 की बढ़त दिलाई।

टॉटनहैम की ओर से क्रिस्टियन रोमेरो ने शानदार प्रदर्शन किया और दोनों गोल दागे। पहले उन्होंने डाइविंग हेडर से बराबरी का गोल किया और फिर इंजरी टाइम में शानदार साइकिल किक लगाकर टीम को एक अंक दिलाया। रोमेरो के इन गोलों की बदौलत टॉटनहैम मैच में वापसी कर पाया, जबकि न्यूकैसल ने पहले तक मैच पर मजबूत पकड़ बनाए रखी थी। अब टॉटनहैम 19 अंकों के साथ तालिका में 11वें स्थान पर है, वहीं न्यूकैसल भी 19 अंकों के साथ 13वें स्थान पर है, लेकिन गोल अंतर में पीछे रहने के कारण नीचे


# विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा को मिला विशेष सम्मान




**लखनऊ।** लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (एलएसजेए) द्वारा आयोजित विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शहर के पत्रकारों, खेल प्रेमियों और क्रिकेट जगत से जुड़े कई प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। समारोह के दौरान राजकुमार शर्मा को भारतीय क्रिकेट में उनके असाधारण योगदान और विराट कोहली जैसे विश्वस्तरीय खिलाड़ी को तैयार करने के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में वक्ताओं ने बताया कि राजकुमार शर्मा न सिर्फ विराट कोहली के पहले कोच रहे बल्कि उन्होंने बचपन में ही कोहली की प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देने का काम किया। उनकी कोचिंग, अनुशासन और मार्गदर्शन ने विराट को एक मजबूत नींव दी, जिसकी बदौलत वह विश्व क्रिकेट के सबसे सफल बल्लेबाज़ों में शुमार हो सके। इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने कहा कि राजकुमार शर्मा जैसे कोच भारतीय क्रिकेट की असली धरोहर हैं, जो भविष्य के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इस सम्मान ने न सिर्फ लखनऊ के खेल प्रेमियों को गौरवान्वित किया, बल्कि युवा खिलाड़ियों को भी मेहनत और समर्पण की नई सीख दी। आज समारोह के दौरान एलएसजेए के सचिव एसएम अरशद और अध्यक्ष धर्मेंद्र पाण्डेय व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। समारोह का का संचालन एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य दिव्य नौटियाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व रणजी क्रिकेटर यूसुफ अली , इशरत अली गोपाल सिंह व पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर आरपी सिंह सीनियर, गोपाल सिंह, आलोक पुरी तथा गैलेक्सी स्पोर्ट्स के डायरेक्टर मनीष मेहरोत्रा व अन्य मौजूद रहे।

# स्मृति मंधाना के साथ शादी पोस्टपोन होने के बाद संत प्रेमानंद के आश्रम पहुंचे पलाश मुछाल





**मुबंई।** पलाश मुछाल क्रिकेटर स्मृति मंधाना के साथ अपनी शादी पोस्टपोन होने के बाद हाल ही में संत प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे। उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

म्यूजिक कंपोजर पलाश मुछाल इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। क्रिकेटर स्मृति मंधाना के साथ 23 नवंबर, 2025 को उनकी शादी होने वाली थी, मगर स्मृति के पिता की अचानक तबीयत बिगड़ने के चलते शादी पोस्टपोन हो गई है। इस बीच पलाश हाल ही में संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने वृंदावन पहुंचे हैं।

स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल की शादी की तैयारियां शुरू हो गई थीं। मेहंदी और हल्दी की रस्में हो चुकी थीं। मगर, शादी से चंद घंटे पहले अचानक स्मृति के पिता की तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और शादी पोस्टपोन हो गई। इसके बाद पलाश मुछाल की भी तबीयत बिगड़ गई, वे भी अस्पताल में भर्ती रहे। हाल ही में उन्हें एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया था। पलाश मुछाल की एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वे प्रेमानंद महाराज के आश्रम में बैठे दिख रहे हैं। यह तस्वीर प्रेमानंद महाराज के 02 दिसंबर के सत्संग की है। वायरल फोटो को लेकर दावा किया जा रहा है कि वह शख्स पलाश मुछाल हैं। वे चेहरे पर मास्क लगाए सत्संग में बैठे हैं। बता दें कि शादी टूटने और स्मृति मंधाना के पिता की तबीयत खराब होने के बीच पलाश मुछाल की एक महिला के साथ प्राइवेट चैट के स्क्रीनशॉट भी वायरल हुइ। इसके बाद पलाश पर चीटिंग के आरोप लगे। हालांकि, इस तरह की खबरों पर पलाश और स्मृति ने अभी तक कोई रिएक्शन नहीं दिया है।

पलाश और स्मृति की शादी पोस्टपोन होने के बाद कल मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि 07 दिसंबर को दोनों शादी करने वाले हैं।

# कमाल के एक्टर ही नहीं, फैशन गाइड भी थे देव आनंद





**मुबंई।** अपने दौर के दिग्गज अभिनेता देव आनंद की आज 03 दिसंबर को पुण्यतिथि है। अपने अभिनय और लुक्स से उन्होंने दर्शकों का खूब दिल जीता। इसके अलावा अपने सौम्य व्यवहार की वजह से भी वे लोगों के चहेते रहे।

आज हिंदी सिनेमा के उस सुपरस्टार की डेथ एनिवर्सरी है, जिनके अभिनय और अंदाज के बारे में तो लोग बातें करते ही हैं, साथ ही उनकी दीवानगी के किस्सों पर भी खूब बातें हुआ करती हैं। हम बात कर रहे हैं देव आनंद साहब की। वही देव आनंद साहब, जिनके बारे में कहा जाता है कि उन पर काले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। देव आनंद शानदार अभिनेता, प्रतिभाशाली निर्देशक और निर्माता थे। 60 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में रोमांस, स्टाइल और दिल को छूने वाले किरदार निभाने वाले देव आनंद यारों के यार थे। देव आनंद ने करीब छह दशक तक इंडस्ट्री पर राज किया। उनका जन्म 26 सितंबर 1923 को पंजाब के शंकरगढ़ में हुआ था। देव आनंद का असली नाम धर्मदेव पिशोरिमल आनंद था, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में सिर्फ देव आनंद के नाम से जाना गया। देव साहब के घर वाले उन्हें चीरू कहकर बुलाते थे। देव आनंद बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। अंग्रेजी साहित्य में पढ़ाई करने के बाद 1940 की शुरुआत में देव आनंद एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई चले आए। यहां उन्होंने चर्चगेट पर मिलिट्री सेंसर के ऑफिस में 65 रुपये की पगार पर नौकरी की, इसके बाद उन्होंने एक अकाउंटिंग फर्म में 85 रुपये प्रति माह की नौकरी बतौर क्लर्क की। इसके बाद वह अपने बड़े भाई चेतन आनंद के साथ जुड़ गए और इंडियन पीपुल थिएटर एसोसिएशन (आईपीटीए) के सदस्य बन गए।

देव आनंद की पहली फिल्म हम एक हैं (1946) थी। देव आनंद के बारे में कहा जाता है कि वह इतने हैंडसम थे कि उन्हें फिल्में भी यूं ही मिल जाया करती थीं। एक सांस में लंबी डायलॉग डिलीवरी और एक तरफ झुक कर चलने का उनका खास अंदाज लोगों को बहुत पसंद आता था। देव आनंद ने अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। 1946 से 2011 तक देव आनंद ने सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहते हुए लगभग 19 फिल्मों का निर्देशन किया और अपनी 13 फिल्मों की कहानी खुद लिखी। बतौर अभिनेता देव आनंद की सबसे अधिक चर्चित फिल्में थीं गाइड, जिद्दी, काला पानी, हरे कृष्णा हरे रामा और मुनीम जी। फिल्म गाइड आज भी दर्शकों को पसंद है। इस फिल्म के जरिए पहली बार लिव इन रिलेशनशिप को पर्दे पर दिखाया गया था। यह देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म थी, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का फिल्म फेयर अवॉर्ड भी मिला।

देव साहब को एक्टिंग और डायरेक्शन में महारत हासिल थी। वर्ष 1949 में उन्होंने नवकेतन फिल्म्स के नाम से अपनी प्रोडक्शन कंपनी की शुरू की। गुरु दत्त को ब्रेक देने का श्रेय भी देव साहब को ही दिया जाता है। इसके पीछे एक दिलचस्प किस्सा है। 1940 के आसपास की बात है। देव आनंद एक्टर बनने मुंबई आए थे। एक फिल्म के सिलसिले में उन्हें प्रभात स्टूडियो जाना था।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी संग फिर नजर आईं श्रद्धा कपूर

**मुबंई।** श्रद्धा कपूर एक बार फिर से अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस बार श्रद्धा खुलेआम राहुल को अपने हाथों से स्ट्रीट फूड खिलाती नजर आईं। श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। एक प्यारा सा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल को अपने हाथों से मीठा खिलाती नजर आ रही हैं। दोनों मुंबई में एक नए रेस्तरां में साथ दिखे। उनकी क्यूट केमिस्ट्री देखकर फैंस बहुत खुश हो रहे हैं।

इस वायरल वीडियो में श्रद्धा बहुत खुश नजर आ रही हैं और राहुल को प्यार से खाना खिलाते हुए उनकी स्माइल सबका दिल जीत रही है। यह वीडियो देखते ही देखते इंटरनेट पर श्रद्धा के फैंस के बीच वायरल हो गया है। श्रद्धा और राहुल के इस वीडियो पर फैंस लाल दिल वाली इमोजी बना रहे हैं।

# मैथ्यू पेरी की मौत मामले में दोषी ठहराए जाएंगे डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया



**मुबंई।** मैथ्यू पेरी की मौत मामले में अब डॉक्टर सल्वाडोर प्लासेनिया दोषी मानते हुए उन्हें सजा सुनाई जानी है। हालांकि, डॉक्टर की ओर से खुद को निर्दोष बताया गया है। जानिए क्या है पूरा मामला 'फ्रेंड्स' स्टार मैथ्यू पेरी की ओवरडोज लेने से हुई मौत के मामले में अब डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया को सजा सुनाई जाएगी। डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया पर मैथ्यू पेरी को केटामाइन बेचने का आरोप है और उन्हें इस मामले में दोषी माना गया है। इस पूरे मामले में पांच लोगों को सजा सुनाई जानी है। इनमें डॉ. प्लासेनिया पहले व्यक्ति होंगे। डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया को सजा सुनाए जाने से पहले पेरी के परिवार और संभवतः उनकी मौत से प्रभावित अन्य लोगों को लॉस एंजिल्स की संघीय अदालत में बयान देने का मौका मिलेगा। पेरी के लोगों की ओर से अमेरिकी जिला न्यायाधीश शेरिलिन से डॉ. सल्वाडोर प्लासेनिया को तीन साल की जेल की सज़ा देने की मांग की जा रही है। वहीं डॉक्टर ने एक याचिका समझौते में पेरी को अवैध रूप से बड़ी मात्रा में केटामाइन बेचने की बात स्वीकार की थी। उन पर अभिनेता को वह खुराक बेचने का आरोप नहीं लगाया गया था, जिसके बारे में जांचकर्ताओं का कहना है कि 28 अक्तूबर 2023 को उनकी मौत हो गई थी। डिप्रेशन के इलाज के तौर पर मैथ्यू पेरी कानूनी तौर पर सर्जिकल एनेस्थेटिक केटामाइन ले रहे थे। लेकिन जब उनके नियमित डॉक्टर ने उन्हें उतनी मात्रा में दवा नहीं दी, जितनी उन्हें चाहिए थी, तो उन्होंने डॉक्टर प्लासेंसिया की ओर रुख किया। उन्होंने यह जानते हुए भी कि मैथ्यू पेरी एक गंभीर व्यसनी हैं, उन्हें अवैध रूप से बेचने की बात स्वीकार की। अदालत में दर्ज डॉक्यूमेंट्स के अनुसार, प्लासेंसिया ने एक अन्य डॉक्टर को संदेश भेजा कि पेरी को बेवकूफ बनाकर उनसे पैसे लिए जा सकते हैं।


पेरी के पक्ष की ओर से कहा गया कि मैथ्यू पेरी जीवन के अधिकांश समय व्यसन से जूझते रहे। डॉक्टर ने उनके लिए अच्छा करने की बजाय पेरी की चिकित्सीय कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश की। डॉक्टर प्लासेंसिया के वकील की ओर से कहा गया कि वो गरीबी से ऊपर उठकर अपने मरीजों के प्रिय डॉक्टर बने, जिनमें से कुछ ने अदालत में उनके बारे में गवाही दी। प्लासेंसिया के वकीलों की ओर से कहा गया कि कारावास की सजा न तो जरूरी है और न ही वाजिब। वह पहले ही अपना मेडिकल लाइसेंस, अपना क्लिनिक और अपना करियर खो चुके हैं। मीडिया में उन पर क्रूर हमले भी हुए हैं और अजनबियों ने उन्हें इतनी धमकियां दी हैं कि उनका परिवार अपनी सुरक्षा के लिए राज्य से बाहर चला गया है। प्लासेंसिया के वकीलों ने बताया कि वह अपनी पत्नी और दो साल के बेटे के साथ एरिजोना चले गए हैं, जिसकी वह प्यार से देखभाल करते हैं। प्लासेंसिया ने जज के लिए अपने और अपने वकीलों द्वारा बनाए गए एक वीडियो में कहा, 'मैं चाहता हूं कि उन्हें अपने पिता पर गर्व हो। मैंने गलतियां कीं, लेकिन मैं चाहता हूं कि उन्हें पता चले कि मैंने अपनी गलतियों के बाद बेहतर विकल्प चुनने की कोशिश की।'

# क्या माइली सायरस ने बॉयफ्रेंड मैक्स मोरांडो से कर ली है सगाई

**मुबंई।** अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस माइली साइरस ने बॉयफ्रेंड मैक्स मोरांडो के साथ सगाई कर ली है। दोनों करीब चार साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। मशहूर अमेरिकी सिंगर और अदाकारा माइली साइरस अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। वे संगीतकार मैक्स मोरांडो को डेट कर रही हैं। इस बीच दोनों को लेकर खबर है कि इन्होंने सगाई कर ली है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, एक सूत्र ने PEOPLE को इस बात की पुष्टि की है कि माइली साइरस ने लगभग चार साल की डेटिंग के बाद सगाई कर ली है। दरअसल, माइली और मैक्स की कुछ हालिया फोटोज देखकर फैंस इनकी सगाई की अटकलें लगा रहे हैं। दोनों की इंगेजमेंट की चर्चा काफी वक्त से हैं। मगर हाल ही में 01 दिसंबर को लॉस एंजिल्स में अवतारः फायर एंड ऐश के वर्ल्ड प्रीमियर में माइली ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने रेड कार्पेट पर उपस्थिति दर्ज कराई, तभी उनकी डायमंड रिंग ने सभी का ध्यान आकर्षित किया है।

# हरिद्वार में गंगा जी में विसर्जित हुईं धर्मेंद्र की अस्थियां





**मुबंई।** 24 नवंबर को निधन के बाद आज धर्मेंद्र की अस्थियां हरिद्वार में गंगा जी में प्रवाहित की गईं। इस दौरान पूरा देओल परिवार मौजूद रहाज

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद देओल परिवार शोक में है। अब आज अभिनेता सनी देओल ने पिता धर्मेंद्र की अस्थियों को हरिद्वार में गंगा जी में प्रवाहित किया। सनी ने पूरी रीति-रिवाजों व पूजन के साथ गंगा जी में पिता की अस्थियों का प्रवाह किया। इस दौरान परिवार के बाकी लोग भी मौजूद रहे।

अस्थि-विसर्जन की मुख्य प्रक्रिया सनी देओल के पुत्र करण देओल द्वारा की गई। जानकारी के मुताबिक, देओल परिवार आज सुबह करीब 11ः00 बजे हरिद्वार के श्रवण नाथ नगर क्षेत्र स्थित पीलीभीत हाउस के घाट पर पहुंचा, पंडितों की उपस्थिति में धार्मिक संस्कारों के अनुसार अस्थियां गंगा में प्रवाहित की गईं। लंबी बीमारी के बाद धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर 2025 को मुंबई में हो गया था। वो 89 साल के थे। आने वाले 8 दिसंबर को धर्मेंद्र का 90वां जन्मदिन है, लेकिन अभिनेता अपने जन्मदिन को मनाने से पहले दुनिया को अलविदा कह गए। निधन से पहले धर्मेंद्र कई दिनों तक ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती रहे थे। इस दौरान उनकी हालत काफी नाजुक हो गई थी, लेकिन इसके बाद धर्मेंद्र डिस्चार्ज होकर घर पहुंच गए थे। लेकिन 24 नवंबर को अभिनेता इस दुनिया से हमेशा-हमेशा के लिए चले गए। धर्मेंद्र के निधन के बाद देओल परिवार ने मुंबई में एक प्रेयर मीट भी आयोजित की थी। इसमें इंडस्ट्री के तमाम सितारे शामिल हुए थे।

धर्मेंद्र उम्र के इस पड़ाव पर भी फिल्मों में एक्टिव थे। निधन के बाद धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म असल घटना पर आधारित है।

# मंगलुरु में केसी वेणुगोपाल के स्वागत के दौरान लगे शिवकुमार के नारे

**मुद्दा**

**राज्य में लीडरशिप चेंज का मुद्दा नवंबर में तब और तेज़ हो गया जब पार्टी की लीडरशिप वाली सरकार ने अपने कार्यकाल के 2.5 साल पूरे कर लिए।**



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के कयासों के बीच कांग्रेस पार्टी में एकजुटता दिखाने की कोशिशें चल रही हैं। इस बीच केसी वेणुगोपाल के सामने शिवकुमार के नारों ने एक बार फिर कांग्रेस का चिंताएं बढ़ा दी है। कर्नाटक कांग्रेस के दो बड़े नेताओं के बीच चल रही सत्ता की खींचतान एक बार फिर देखने को मिली। बुधवार को एयरपोर्ट पर एआईसीसी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल के सामने शिवकुमार के नारे लगे। इसके बाद में मुख्यमंत्री के समर्थकों ने फुल टर्म CM सिद्धारमैया ने नारों के साथ पलटवार किया। यह घटनाक्रम CM सिद्धारमैया और डिप्टी CM शिवकुमार के बीच दूसरी ब्रेकफास्ट मीटिंग के एक दिन बाद हुआ, जिसमें नेताओं ने कहा कि वे एकजुट हैं और भाइयों की तरह काम कर रहे हैं। वेणुगोपाल ऐतिहासिक नारायण गुरु-महात्मा गांधी डायलॉग के सौ साल पूरे होने पर हुए कार्यक्रम में शामिल होने यहां पहुंचे थे। यह कार्यक्रम मंगलुरु यूनिवर्सिटी ने आयोजित किया था और इसमें सिद्धारमैया, कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता शामिल हुए थे। वेणुगोपाल के एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही पार्टी कार्यकर्ताओं के एक ग्रुप ने शिवकुमार के समर्थन में नारे लगाए। बाद में, जब सीएम एयरपोर्ट पर उतरे, तो उनके समर्थकों ने सिद्दू, सिद्दू, पूर्णावधी सिद्दू यानी (फुल टर्म सीएम सिद्धारमैया) जैसे नारे लगाए, जो साफ तौर पर 2028 तक उन्हें ही सीएम बनाए रखने की मंशा का इशारा था।

शिवकुमार के समर्थक गुट के लीडर मिथुन राय ने कहा कि पार्टी के अंदर ÷कोई दुश्मनी वाला ग्रुप नहीं है, लेकिन उन्होंने माना कि कई वर्कर्स ÷डी के शिवकुमार को चीफ मिनिस्टर बनते देखकर खुश होंगे।

नारें को उन्होंने केवल डिप्टी सीएम के लिए प्यार कहा। इस बीच, सिद्धारमैया ने वेणुगोपाल के साथ नीजि तौर पर एक छोटी, प्राइवेट मीटिंग की।

राज्य में लीडरशिप चेंज का मुद्दा नवंबर में तब और तेज़ हो गया जब पार्टी की लीडरशिप वाली सरकार ने अपने कार्यकाल के 2.5 साल पूरे कर लिए। सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच 2023 में पावर-शेयरिंग समझौते की अफवाह ने इस बहस को और बढ़ा दिया, हालांकि कांग्रेस ने कभी भी इन दोनों सीनियर लीडर्स के बीच ऐसे किसी करार को कन्फर्म या मना नहीं किया।

इस विवाद और अफवाह को खत्म करने की कोशिश में, सिद्धारमैया ने कांग्रेस हाईकमान के कहने पर 29 नवंबर को शिवकुमार के साथ ब्रेकफ़ास्ट मीटिंग की, और डिप्टी सीएम ने मंगलवार को इसका जवाब दिया। दोनों नेताओं ने एक साथ आकर किसी भी मतभेद से इनकार किया और कहा कि वे पार्टी हाईकमान की बात मानेंगे।

## महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र 8 से 14 दिसंबर तक

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र का तारीखों का एलान हो गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार की मौजूदगी में हुई मीटिंग में यह फैसला लिया गया। महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र 8 से 14 दिसंबर तक नागपुर में होगा। यह फैसला विधान भवन में हुई राज्य विधानसभा के दोनों सदनों की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में लिया गया। मीटिंग में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार मौजूद थे।अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा की मीटिंग 13 और 14 दिसंबर को होगी, जो शनिवार और रविवार को पड़ रही हैं। शीतकालीन सत्र आमतौर पर महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी नागपुर में होता है।इस बार, विधानसभा का सत्र स्थानीय निकाय चुनावों के बीच होगा।

# अमेरिका में आठ वर्ष पहले हुई भारतीय महिला और बेटे की हत्या



**नई दिल्ली।** एफबीआई ने 2017 में अमेरिका में भारतीय महिला और उसके बेटे की हत्या के मामले के बारे में जानकारी देने वाले को 50 हजार डॉलर देने की घोषणा की है।

फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (स्ऱब्क्ष्) ने 2017 में एक भारतीय महिला और उसके छह साल के बेटे की हत्या मामले में इनाम की घोषणा की है। एफबीआई वॉन्टेड के बारे में जानकारी देने के लिए 50,000 डॉलर तक का इनाम देगा। यहां के अधिकारियों ने भारत सरकार से संदिग्ध को प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया है। 38 साल के नजीर हमीद पर मार्च 2017 में न्यू जर्सी के मेपल शेड में एक अपार्टमेंट के अंदर 38 साल की शशिकला नर्रा और उनके बेटे अनीश नर्रा की हत्या का आरोप लगाया गया है।

आपको बता दें इस साल फरवरी में, हमीद पर फर्स्ट डिग्री मर्डर के दो मामलों, गैर-कानूनी मकसद के लिए हथियार रखने के दो मामलों और गैर-कानूनी तरीके से हथियार रखने के आरोप लगाए गए थे। स्र अधिकारियों ने कहा है कि हमीद हत्याओं के छह महीने बाद भारत लौट आया और आज भी वहीं है।

बर्लिंगटन काउंटी प्रॉसिक्यूटर ऑफिस (ब्क्ष्क्ष्) ने एक बयान में कहा कि जांच के दौरान सामने आया कि हमीद पीड़ितों के पति और पिता का पीछा कर रहा था। इसके बाद उसे संदिग्ध करार दिया गया।

हमीद की गिरफ्तारी के लिए एक स्टेट वारंट जारी किया गया था और स्ऱब्क्ष् ने उसके बारे में जानकारी देने वाले को 50,000 डॉलर तक का इनाम दे रही है। हमीद के बारे में जानकारी स्ऱब्क्ष् की मोस्ट वांटेड वेबसाइट पर लिस्टेड है। अधिकारियों ने आगे कहा कि हत्याओं का मकसद अभी पक्के तौर पर पता नहीं चला है। हमीद को मुकदमा चलाने के लिए अमेरिका वापस लाना होगा।

## कर्नाटक हाईकोर्ट से प्रज्वल रेवन्ना को झटका

**नई दिल्ली।** जनता दल-सेक्युलर (जेडीएस) से निष्कासित नेता प्रज्वल रेवन्ना को कर्नाटक हाईकोर्ट से झटका लगा है। उच्च न्यायालय ने प्रज्वल को दुष्कर्म के मामले में निचली अदालत से मिली आजीवन कारावास की सजा को रद्द करने से इनकार कर दिया।

पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल को इसी साल की शुरुआत में दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में बंगलूरू की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसी फैसले को चुनौती देते हुए प्रज्वल ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका डाली थी।

कर्नाटक की हासन संसदीय सीट से पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर 48 साल की एक महिला मजदूर से दुष्कर्म का आरोप है। इस मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद रेवन्ना ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सजा को रद्द करने या सुनवाई पूरी होने तक उन्हें अंतरिम जमानत देने की मांग की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने उनकी इस याचिका को जुर्म की गंभीरता देखते हुए ठुकरा दिया था। हाईकोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए क्या कहा?

हाईकोर्ट की जस्टिस केएस मुद्गल और जस्टिस वेंकटेश नाइक की बेंच ने यह आदेश जारी करते हुए कहा कि अब तक प्रज्वल के खिलाफ जो भी बातें रिकॉर्ड पर हैं और जुर्म की गंभीरता को मापते हुए (रेवन्ना पर दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामलों से जुड़ी तीन एफआईआर) कोर्ट का यह मत है कि इस अपील पर सजा को रद्द करना या जमानत देना ठीक नहीं है। बेंच ने कहा कि जिन मामलों में सुनवाई जारी है, उनमें अंतरिम जमानत के लिए कानूनी मानक अलग हैं, जबकि सजा के एलान के बाद अंतरिम जमानत के मानक अलग हैं। जब एक दोषसिद्धी हो चुकी है तब बेगुनाह होने का अनुमान आरोपी के पक्ष में नहीं लगाया जा सकता।

# श्रीसन फार्मा के प्रमोटर के चेन्नई फ्लैट ईडी ने अटैच किए

DIRECTORATE OF ENFORCEMENT
DEPARTMENTOF REVENUE
MINISTRY OF FINANCE, GOVERNMENT OF INDIA

**नई दिल्ली।** चेन्नई में श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स के प्रमोटर जी रंगनाथन और उनके परिवार के दो फ्लैट एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अटैच किए गए हैं। मामले में जांच में पता चला कि कंपनी ने फार्मा-ग्रेड के बजाय इंडस्ट्री-ग्रेड कच्चा माल इस्तेमाल किया, गुणवत्ता जांच नहीं की और कैश में खरीददारी कर रिकॉर्ड नहीं बनाए।

चेन्नई में श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स के प्रमोटर जी रंगनाथन और उनके परिवार के दो फ्लैट एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत अटैच कर दिए गए हैं। इन फ्लैटों का मूल्य 2.04 करोड़ रुपये बताया गया है। श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स वही कंपनी है, जिसके कोल्डरिफ कफ सिरप के सेवन से मध्य प्रदेश में कम से कम 20 बच्चों की मौत हुई थी। रंगनाथन को अक्तूबर में मध्य प्रदेश पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरोप लगाया कि श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स ने असामान्य व्यापारिक प्रथाओं का इस्तेमाल किया ताकि निर्माण लागत कम कर अधिक मुनाफा कमाया जा सके। ईडी ने कहा कि यह मुनाफा अपराध से प्राप्त धन माना जाएगा।

बता दें कि मामले में जांच में यह भी पता चला कि कंपनी ने फार्मा-ग्रेड के बजाय इंडस्ट्री-ग्रेड कच्चा माल इस्तेमाल किया और गुणवत्ता जांच नहीं की। साथ ही, कच्चा माल कैश में खरीदा गया और चालान नहीं बनाए गए, ताकि रिकॉर्ड न बने। इतना ही नहीं तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल विभाग के अधिकारियों के संपर्क में रहने के बावजूद वार्षिक निरीक्षण नहीं किए गए, जैसा कि दवा नियमों के तहत अनिवार्य है।

ईडी ने यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग के तहत दर्ज किया, जिसके आधार दो एफआईआर हैं। पहला मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा दायर एफआईआर, जिसमें बताया गया कि कोल्डरिफ सिरप में टॉक्सिक ग्लाइकोल यौगिक पाए गए, जिससे बच्चों में किडनी फेलियर हुआ और कम से कम 20 बच्चों की मौत हुई। पुलिस के लैब परीक्षण में डायएथिलीन ग्लाइकोल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकोल (ईजी) की मात्रा सुरक्षित सीमा से बहुत अधिक पाई गई।

वहीं दूसरा एफआईआर तमिलनाडु डीवीएसी के शिकायत के आधार पर। टीएनएफडीए के निदेशक प्रभारी पीयू कार्तिकेयन के खिलाफ रिश्वत लेने का मामला। कार्तिकेयन को जुलाई में गिरफ्तार किया गया था। दोनों राज्यों ने दो-दो ड्रग इंस्पेक्टरों को सस्पेंड किया और एमपी में एफडीए के एक डिप्टी डायरेक्टर को भी निलंबित किया। इसके अलावा तमिलनाडु ने इस कंपनी को बंद करने का आदेश भी दिया। ईडी ने कहा कि श्रीसन फार्मा के लापरवाह और मिलावटी निर्माण की वजह से यह जहर वाला सिरप तैयार हुआ और बच्चों की मौत हुई।

## मूसलाधार बारिश की मार से तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र बेहाल



**नई दिल्ली।** इस बारिश के कारण नौ लोगों को अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के कर्मियों ने नावों के माध्यम से बचाया और राहत शिविरों में ठहराया।

तटीय तमिलनाडु और राज्य के कुछ आंतरिक हिस्सों में बुधवार को भारी बारिश हुई। इसके साथ ही भारी बारिश की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने आज कई जिलों में स्कूलों और कॉलेजों में अवकाश की घोषणा की है। चेन्नई और पड़ोसी तिरुवल्लूर, चेंगलपट्टू और कांचीपुरम जिलों में भारी बारिश हुई, जिससे आवासीय क्षेत्रों और मुख्य सड़कों पर अचानक जलभराव हो गया। चेन्नई के उपनगरीय क्षेत्र रेड हिल्स में नौ लोगों को अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के कर्मियों ने नावों के माध्यम से बचाया और राहत शिविरों में ठहराया।

बुधवार को इस सप्ताह का लगातार तीसरा बारिश वाला दिन रहा, हालांकि राज्य के कुछ हिस्सों में पिछले सप्ताह से ही बारिश हो रही है, जिससे छोटे व्यापारियों की आजीविका पर असर पड़ी है। यहां के निवासियों की आवाजाही भी बाधित हो रही है।

# वैश्विक शांति में योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र में 4 वरिष्ठ राजनयिक सम्मानित



**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर में शांति और सुरक्षा को आगे बढ़ाने में उनके योगदान के लिए ह्र में चार प्रतिष्ठित राजनयिकों को सम्मानित किया गया है।

संयुक्त राष्ट्र ने चार वरिष्ठ राजनायिकों को दिवाली पावर ऑफ वन पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार यूएन में अमेरिका के पूर्व कार्यवाहक स्थायी प्रतिनिधि राजदूत जोनाथन राफेल कोहेन, यूएन महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष और यूएन में त्रिनिदाद और टोबैगो के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि डेनिस फ्रांसिस, यूएन में स्लोवेनिया के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि राजदूत दरजा बावदाज कुरेट और ह्र में कजाकिस्तान के पूर्व स्थायी प्रतिनिधि मगजान इलियासोव शामिल थे। सभी को मंगलवार को ह्र मुख्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को ह्र में एंडोरा, आर्मेनिया, बेलारूस, चिली, अल सल्वाडोर, इरिट्रिया, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, मोल्दोवा, मोरक्को, श्रीलंका और जाम्बिया के स्थायी मिशनों द्वारा सह-आयोजित किया गया था दिवाली फाउंडेशन ङ्क्र और नेशनल एडवाइजरी काउंसिल साउथ एशियन अफेयर्स। इस इवेंट में UN के सीनियर अधिकारी और इंडियन-अमेरिकन कम्युनिटी के सदस्य शामिल हुए। ह्र में भारत के परमानेंट रिप्रेजेंटेटिव एम्बेसडर पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि भले ही दुनिया मुश्किल हालात का सामना कर रही है, लेकिन दिवाली की भावना अंधेरे पर रोशनी की जीत का प्रतीक है। हम मिलकर काम करने, चुनौतियों का सामना करने और उन चुनौतियों से उबरने, अपने नागरिकों के फायदे के लिए मिलकर काम करने, दुनिया भर में हर उस इंसान के लिए मिलकर काम करने के तरीके ढूंढेंगे जिसे मदद की जरूरत है।

## अब जमीन पर भी होंगे हमले, कैरिबियन सागर में हमलों के बाद बढ़ा तनाव

**वॉशिंगटन।** कैरिबियन में वेनेजुएलाई ड्रग तस्करों की नौकाओं पर अमेरिकी हमलों के बाद अब तनाव और बढ़ गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि जल्द ही वेनेजुएला के अंदर भी जमीनी हमले हो सकते हैं। 80 से अधिक मौतों पर उठते सवालों के बीच ट्रंप ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ का बचाव किया। कैरिबियन सागर में कथित वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की नौकाओं पर अमेरिकी हमलों के बाद अब तनाव और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। कारण है कि कैबिनेट बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो टूक चेतावनी दी है कि सागर में हमले के बाद अब अमेरिका जल्द ही वेनेजुएला के अंदर भी जमीनी हमले शुरू कर सकता है।

# जांच के बाद गाजा से मिले नमूनों में बंधकों का अवशेष नहीं



**यरूशलम।** बंधकों की रिहाई के बीच इस्राइल ने कहा है कि गाजा से लौटाई गई सामग्री का उन दो बंधकों से कोई संबंध नहीं है, जो 2023 के हमास हमले के बाद अब भी गुम हैं। फलस्तीनी मीडिया के मुताबिक ये सामग्री बैत लैहिया से मिली थी, लेकिन फोरेंसिक जांच में इसे मृत बंधकों से असंबंधित पाया गया। इस्राइल ने बुधवार को कहा कि गाजा से जो मिली हुई चीजें वापस भेजी गई हैं, उनका उन दो बंधकों से कोई संबंध नहीं है जो 2023 के हमास हमले के बाद गाजा में अभी तक बचे हुए हैं। फलस्तीनी मीडिया के अनुसार, ये सामग्री गाजा के उत्तरी शहर बैत लैहिया में मिली थी। इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि फोरेंसिक जांच पूरी होने के बाद साफ हो गया कि यह सामग्री मृत बंधकों से जुड़ी नहीं है। बता दें कि गाजा में अभी दो बंधकों एक इस्राइल रान ग्विली और एक थाई नागरिक सुदथिसाक रिन्थालक के अवशेष होने की आशंका है। दोनों पक्ष अमेरिका की मध्यस्थता वाले युद्धविराम के पहले चरण को पूरा करने के करीब हैं। वहीं अक्तूबर की शुरुआत में युद्धविराम लागू होने के बाद से अब तक 20 जीवित बंधकों और 26 मृतकों के अवशेष लौटाए जा चुके हैं। यह वापसी समझौते की मुख्य शर्तों में से एक है, हालांकि हमास और इस्राइल दोनों एक-दूसरे पर समझौते तोड़ने के आरोप लगाते रहे हैं। दूसरी ओर इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार और बुधवार के बयानों में अवशेष की बजाय मिली चीजें जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। इसका कारण स्पष्ट नहीं है और पूछे जाने पर उन्होंने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। गाजा में जिन दो बंधकों के अवशेष अब भी माने जा रहे हैं, उनमें इस्राइली नागरिक रान ग्विली और थाई कृषि मजदूर सुदथिसाक रिन्थालक शामिल हैं। रान ग्विली ने 7 अक्तूबर 2023 को नोवा म्यूजिक फेस्टिवल में लोगों को बचाने में मदद की थी और बाद में एक अन्य स्थान पर लड़ाई के दौरान मारे गए, जिसकी पुष्टि सेना ने चार महीने बाद की। दूसरी ओर, सुदथिसाक रिन्थालक 2017 से इस्राइल में काम कर रहे थे और किबुत्ज बे एरी हमले में सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक में तैनात थे। 7 अक्तूबर को थाईलैंड के 31 मजदूरों का अपहरण हुआ था, जिनमें से ज्यादातर को पहले और दूसरे युद्धविराम के दौरान रिहा कर दिया गया, जबकि युद्ध में अब तक 46 थाई नागरिकों की मौत हो चुकी है। गौरतलब है कि समझौते के तहत इस्राइल हर एक बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटा रहा है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अब तक 330 अवशेष वापस मिल चुके हैं। हमास का कहना है कि गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही के कारण शवों को ढूंढना मुश्किल हो रहा है। वहीं इस्राइल का कहना है कि कई मामलों में हमास ऐसे शव लौटा रहा है जो बंधकों के नहीं हैं।

## 'उड़ता किला' लेकर आएंगे रूसी राष्ट्रपति, मोदी पर अटूट भरोसे संग फोर्ट्रेस सिक्योरिटी लागू

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत दौरे पर अभेद्य सुरक्षा घेरे के साथ पहुंचेंगे। उनका विमान 'फ्लाइंग फोर्ट्रेस' कहा जाता है। सड़क से आसमान तक भारत और रूस ने मिलकर अब तक की सबसे मजबूत सुरक्षा तैयार की है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत आगमन से पहले सुरक्षा एजेंसियों ने अब तक की सबसे उच्च श्रेणी की वीवीआइपी सुरक्षा का ब्लूप्रिंट तैयार किया है। पुतिन जिनके विमान को दुनिया में आसमान में उड़ता किला कहा जाता है, उनके साथ सड़क मूवमेंट के लिए सुरक्षित लिमोजिन से लेकर भोजन और संचार व्यवस्था तक रूस अपनी पूरी टीम और उपकरण भारत लाता है। भारत आने पर पुतिन फोर्ट्रेस सिक्योरिटी पर रहेंगे। फोर्ट्रेस सिक्योरिटी वह सुरक्षा है जिसमें लक्ष्य को हर तरह के बाहरी खतरे से लगभग पूरी तरह अजेय बना दिया जाता है।

# ट्रंप सरकार ने 19 देशों के नागरिकों के आव्रजन से जुड़े आवेदन पर लगाई रोक



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने इस साल की शुरुआत में यात्रा प्रतिबंध वाले वर्ग में रखे गए 19 देशों से आने वाले प्रवासियों के लिए ग्रीन कार्ड समेत सभी आव्रजन आवेदनों को रोक दिया है। गौरतलब है कि राजधानी वॉशिंगटन में थैंक्सगिविंग (त्योहार) के जश्न के दौरान दो नेशनल गार्ड्स के जवानों पर गोलीबारी हुई थी। इसके बाद ट्रंप प्रशासन ने व्यापक आव्रजन बदलावों का फैसला किया था। 19 देशों के प्रवासियों को लेकर ताजा कदम इन्हीं आव्रजन नीति में बदलावों का हिस्सा हैं। ट्रंप प्रशासन के यह निर्देश अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) की वेबसाइट पर मंगलवार को जारी मेमो में दी गई। यह एजेंसी आव्रजन के फायदों से जुड़ी सभी आवेदनों की प्रक्रिया और मंजूरी के लिए जिम्मेदार एजेंसी है। इस रोक के चलते 19 उच्च-जोखिम वाले देशों के लोगों के ग्रीन कार्ड आवेदन, नैचुरलाइजेशन (समयावधि के आधार पर नागरिकता) समेत कई तरह के फैसले अब लंबित रहेंगे। मेमो में कहा गया कि रोक कब हटेगी, इसका निर्णय एजेंसी के निदेशक जोसेफ एड्लो लेंगे।

अमेरिकी सरकार ने जून में 12 देशों के नागरिकों के लिए अमेरिका यात्रा पर प्रतिबंध लगाया था और सात अन्य देशों के लोगों के लिए अमेरिका आने पर सख्त नियम लागू किए थे, जो कि प्रतिबंधों की तरह ही थे। ट्रंप प्रशासन ने तब तर्क दिया था कि इन देशों के नागरिक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से जोखिम वाले हैं। प्रतिबंध अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कॉन्गो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन पर लागू था, जबकि सख्त नियम बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला के नागरिकों पर लागू की गई थी। उस समय इन देशों से आए उन प्रवासियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी, जो प्रतिबंध लागू होने से पहले अमेरिका पहुंच चुके थे। हालांकि, यूएससीआईएस के नए निर्देश के बाद अब अमेरिका में मौजूद सभी ऐसे प्रवासियों की अतिरिक्त जांच होगी। एजेंसी ने कहा कि बाइडन प्रशासन के दौरान अमेरिका में आए ऐसे प्रवासियों की सभी मंजूर किए गए लाभ अनुरोधों की समीक्षा की जाएगी। अब क्यों लगाए गए व्यापक प्रतिबंध? यह कदम उस गोलीबारी के बाद उठाया गया है जिसमें एक अफगान मूल के संदिग्ध ने दो नेशनल गार्ड सैनिकों को निशाना बनाया था। घटना में एक सैनिक की मौत हो गई थी और दूसरा घायल हुआ था। मेमो में कहा गया है, ÷जोखिम वाले देशों से 20 जनवरी 2021 या उसके बाद अमेरिका में प्रवेश करने वाले सभी विदेशियों की पुनर्समीक्षा, संभावित साक्षात्कार और दोबारा साक्षात्कार जरूरी है।÷

अगले 90 दिनों में ऐसी प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी, जिनके मामलों की समीक्षा कर उन्हें आव्रजन प्रवर्तन एजेंसियों या दूसरी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भेजा जा सके। गोलीबारी के बाद प्रशासन ने अमेरिका में पहले से मौजूद और अमेरिका में आने की कोशिश कर रहे प्रवासियों की जांच कड़ी करने के कई कदम उठाए हैं। पिछले हफ्ते यूएससीआईएस प्रमुख ने कहा था कि वे चिंता वाले देशों के ग्रीन कार्ड आवेदनों की दोबारा समीक्षा करेंगे।

यूएससीआईएस ने पिछले हफ्ते शरण से जुड़े निर्णय भी रोक दिए थे और विदेश विभाग ने अमेरिका के युद्ध प्रयास में सहयोग करने वाले अफगानों के वीजा रोकने की घोषणा की थी। इसके कुछ दिन पहले ही यूएससीआईएस ने कहा था कि बाइडन प्रशासन के दौरान आए सभी शरणार्थियों के मामलों की समीक्षा की जाएगी। आलोचकों का कहना है कि ट्रंप प्रशासन के कदम प्रवासियों के लिए सामूहिक सजा जैसे हैं।

# खालिदा जिया की सेहत नाजुकः अचानक अस्पताल पहुंचे बांग्लादेश के तीनों सेना प्रमुख



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का स्वास्थ्य नाजुक स्थिति है। ऐसे में एक चौंकाने वाला खबर तब सामने आया, जब बांग्लादेश के तीनों सेना प्रमुख अचानक से जिया से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे। तीनों ने जिया और उनके परिवार के साथ बातचीत की और जल्दी स्वस्थ होने की दुआ की। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। ऐसे में चौकाने वाला खबर तब सामने आया, जब बांग्लादेश की तीनों सशस्त्र सेवाओं के प्रमुख गंभीर रूप से बीमार पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया से मिलने अस्पताल पहुंचे। थल सेनाध्यक्ष जनरल वाकर-उज-जमान, नौसेना प्रमुख एडमिरल मोहम्मद नजमुल हसन, और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल हसन महमूद खान मंगलवार को एवरकेयर अस्पताल पहुंचे। यह जानकारी बांग्लादेश की सैन्य मीडिया शाखा आईएसपीआर ने दी।

सूत्रों के अनुसार, तीनों सेवा प्रमुखों की गाड़ियां रात करीब नौ बजे अस्पताल के मुख्य द्वार पर दिखाई दीं। उन्होंने अस्पताल में थोड़ी देर रुककर जिया से मुलाकात की और उनके परिवार और मेडिकल टीम से बातचीत की। इसके बाद रात 9:20 बजे के आसपास वे अस्पताल से चले गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो तीनों प्रमुखों ने जिया के जल्दी स्वस्थ होने की दुआ की। इसके बाद जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने भी 80 वर्षीय जिया से मुलाकात की। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री तीन बार देश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। उन्हें 23 नवंबर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण की वजह से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चार दिन बाद उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट (सीसीयू) में रखा गया। रविवार रात उनकी स्थिति और गंभीर हो गई और उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया।

बिगड़ते हालात को देखते हुए जिस अस्पताल में बांग्लादेशी पूर्व पीएम जिया भर्ती हैं, उसकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

सोमवार को अस्थायी सरकार ने उन्हें बहुत ही महत्वपूर्ण व्यक्ति घोषित किया, जिससे उन्हें विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) की सुरक्षा मिली।

वर्तमान में जिया अस्पताल के चौथे मंजिल पर एक कैबिन में रह रही हैं और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आसपास के कैबिन खाली कर दिए गए हैं।

# दिव्यांग बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं : डीएम

- दिव्यांग बच्चों के लिए शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर की ओर से शिया इंटर कॉलेज के मैदान में दिव्यांग बच्चों के लिए शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चे, अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया एवं विनीत सेठ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने की। अतिथिगण ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय ने अतिथियों का स्वागत किया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने मशाल दौड़ कराकर खेल प्रतियोगिता की शुरुआत की। इसके उपरांत दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सराहा।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथिगण ने विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल, प्रमाण पत्र, ट्रैक सूट, प्लेट एवं टॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। बच्चों का उत्साह देखकर उपस्थित जनसमूह ने तालियों से उनका मनोबल बढ़ाया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने दिव्यांग बच्चों एवं अभिभावकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को दिव्यांग न समझें बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि आज का समय अवसरों से भरा है और दिव्यांग बच्चे भी समाज में सम्मानजनक स्थान हासिल कर रहे हैं।

कार्यक्रम में आलोक कुमार गुप्ता, आकिंचन संस्था की रेखा त्रिपाठी, रेखा सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी सिंह, सुभाष गुप्ता, डीसी एमडीएम अरुण मौर्य, डीसी प्रशिक्षण विशाल उपाध्याय, एसआरजी अजय मौर्य, कमलेश यादव, डॉ. पी.डी. तिवारी सहित बड़ी संख्या में विशेष शिक्षक एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## मंत्री के स्कॉर्ट के वाहन से टकराकर बाइक सवार घायल

**जौनपुर (जफराबाद)।** जलालपुर क्षेत्र के हौज टोलप्लाज़ा के पास बुधवार को मंत्री की स्कॉर्ट के एक वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक किशोर घायल हो गया।पुलिस उसे उपचार के लिए ट्रामा सेंटर हौज ले गयी। जहा उसे उपचार के बाद छोड़ दिया गया। ऊक्त क्षेत्र के सादीपुर मठिया गांव निवासी अवनीश यादव अपने एक मित्र लड़के के साथ टोलप्लाज़ा के वीआइपी लेन के पास बाइक से जा रहा था।उसी समय वाराणसी से प्रदेश सरकार के मंत्री रविन्द्र जायसवाल लखनऊ जा रहे थे।टोलप्लाज़ा के पास उनके स्कॉर्ट के एक वाहन के चपेट में बाइक आ गयी।जिससे दोनो किशोर वही पर बॉइक सहित गिर गए।उसमें से अवनीश यादव को चोट आयी।स्कॉर्ट के वाहन को वहां मौजूद लोगों ने रोक दिया।हालांकि जलालपुर पुलिस उसे ट्रामा सेंटर ले गयी।जहा से उसका दवा उपचार करने के बाद छोड़ दिया गया।बताया जाता है कि कुछ लोग बच्चे के पास लाइसेंस नही होने के कारण मामले को ज्यादा बढाना उचित नही समझे।जबकि उस समय स्कॉर्ट में चल रही ऊक्त वाहन को रोक दिया गया था।जलालपुर के प्रभारी थानाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि लड़के को मामूली चोट लगी थी। उपचार के बाद वह घर चला गया। किसी प्रकार की कोई समस्या नही हुई।

# आजमगढ़ में 6 दिसम्बर को सहायक अध्यापक परीक्षा, तैयारियों की समीक्षा

- दो पालियों में होगी परीक्षा, 8 केंद्रों पर 3552 परीक्षार्थी शामिल होंगे
- एडीएम ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को 4 दिसम्बर तक सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री राहुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 06 दिसम्बर 2025 को आयोजित होने वाली सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरूष/महिला शाखा) (प्रा0) परीक्षा-2025 की परीक्षा को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक आयोजित की गयी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने बताया कि सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (पुरूष/महिला शाखा) (प्रा0) परीक्षा-2025 की परीक्षा जनपद आजमगढ़ में दिनांक 06 दिसम्बर 2025 को दो पालियों में (प्रथम पाली पूर्वान्ह 9:00 बजे से 11 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 3:00 बजे से 5:00 बजे तक) कुल 08 परीक्षा केन्द्रों-1-राजकीय बालिका इण्टर कालेज आजमगढ़ 2-राजकीय इ0का0 जमुड़ी आजमगढ़, 3-गांधी गुरूकुल इ0का0 भंवरनाथ, 4-श्री अग्रसेन कन्या इ0का0, 5-निस्वां इ0का0 आजमगढ़, 6-डीएवी पीजी कालेज आजमगढ़, 7-श्री अग्रसेन महिला पीजी कालेज आजमगढ़ एवं 8-श्री दुर्गा जी पीजी कालेज चण्डेश्वर आजमगढ़ पर आयोजित की जायेगी। उन्होने बताया कि जनपद में आयोजित उक्त परीक्षा में कुल 3552 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर 1-1 स्टैटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने समस्त स्टैटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि परीक्षा से पूर्व समस्त परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए दिनांक 04 दिसंबर तक प्रत्येक दशा मे सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होने कहा कि समस्त कक्ष निरिक्षकों की प्रॉपर ट्रेनिंग करायें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि सम्बन्धित सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा की तिथि दिनांक 06 दिसम्बर 2025 को नोडल अधिकारी की देख-रेख में प्रश्न पत्र/गोपनीय सामग्री हेतु प्रथम पाली के सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रातः 06:00 बजे एवं द्वितीय पाली के सेक्टर मजिस्ट्रेट दोपहर 12:00 बजे कोषागार से प्राप्त करेगें एवं परीक्षा आरम्भ होने के नियत समय से 1 घण्टा पूर्व उक्त गोपनीय पैकेट्स परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचायेगें तथा अपने परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगें। उन्होने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 06.00 बजे तक प्रत्येक दशा में पहुंचना सुनिश्चित करेगें तथा परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से परीक्षा की समाप्ति तक केन्द्र पर मौजूद रहेंगे।

## महिला थाने का सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने किया त्रिस्तरीय निरीक्षण

**जौनपुर।** सीओ सिटी एवं ट्रेनी आईपीएस गोल्डी गुप्ता ने बुधवार को महिला थाना का त्रिस्तरीय निरीक्षण करते हुए कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम आगंतुक रजिस्टर, फरियादियों का विवरण, मासिक निरीक्षण पुस्तिका, प्रार्थना पत्र रजिस्टर, आरोप पत्र सहित CCTNS और IGRS से संबंधित अभिलेखों की जांच की। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर बल दिया।सीओ सिटी ने पहरा ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षी भानमती चौहान को दायित्वों के प्रति सतर्क व जिम्मेदार रहते हुए ड्यूटी करने की हिदायत दी। वहीं महिला आरक्षी अनुप्रिया त्रिपाठी को असलहे खोलने का निर्देश दिया, जिसे उन्होंने कम समय में कुशलतापूर्वक करके अपनी दक्षता का परिचय दिया। इस पर सीओ सिटी ने प्रसन्नता व्यक्त की।महिला संबंधी मामलों में दोनों पक्षों की सहमति से समझौता कराकर दंपतियों के बीच मतभेद दूर कराने के प्रयासों की उन्होंने सराहना की। विशेष रूप से महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता लगभग 40 मिनट तक थाने पर मौजूद रहीं और विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

# भाजपा नेता ने एसआईआर अभियान का निरीक्षण किया



अवधनामा संवाददाता

- सरकारी बीएलओ को सहयोग कर छूटे मतदाताओं के फार्म भरवाएं

**जौनपुर (बक्शा)।** मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के परशुरामपुर मंडल में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष और जिला कार्यसमिति सदस्य अरुण कुमार उपाध्याय ने विभिन्न बूथों का दौरा किया। उन्होंने सरकारी BLO और पार्टी के BLO 2 के साथ स्‍ढ्ढक्र फॉर्म के आंकड़ों पर चर्चा की। इसी क्रम में, भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने परशुरामपुर मंडल के बक्शा शक्ति केंद्र स्थित चुरावनपुर बूथ संख्या 187 का दौरा किया। यहां उन्होंने स्‍ढ्ढक्र अभियान का निरीक्षण किया और सरकारी BLO सरिता गौतम के कार्य को गति प्रदान करने में सहयोग किया। इसके अतिरिक्त, सुजियामऊ शक्ति केंद्र के भटपुरा बूथ और कम्पोजिट विद्यालय चूड़ामणि बक्शा में भी कार्यकर्ताओं के साथ SIR अभियान में सहयोग किया गया। इस दौरान छूटे हुए मतदाताओं के फॉर्म भरवाए गए। अरुण कुमार उपाध्याय ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और उनसे फॉर्म भरकर मतदाता शुद्धिकरण अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, बूथ अध्यक्ष अर्जुन उपाध्याय, अनुज तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में विकास की रफ्तार

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सहकार से समृद्धि संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी सहकारी प्रबंध संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में विकास भवन जौनपुर के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नवगठित बहु उद्देशीय प्राथमिक सहकारी समितियों (MPACS) के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सत्र का संचालन सत्र संयोजक अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया, जिन्होंने सहकारिता की भावना, ग्रामीण संसाधनों के उपयोग, आधुनिक व्यवसाय मॉडल, डीपीआर एवं बीपीडी के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यदि समितियाँ पारदर्शी प्रबंधन के साथ नवाचार अपनाएँ तो MPACS ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाली सबसे बड़ी शक्ति बन सकती हैं। कार्यक्रम में विभागीय मार्गदर्शन हेतु सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता विभाग, जौनपुर बृजेश कुमार पाठक ने सहकारिता की प्रशासनिक प्रणाली, उत्तरदायित्व, सदस्य सहभागिता एवं लेखा संधारण की महत्ता समझाई। साथ ही जिला सहकारी बैंक लि. जौनपुर के सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने समितियों को बैंकिंग सहयोग, ऋण सुविधा, पूंजी निवेश तथा योजना ओं के लाभ हेतु आवश्यक दस्तावेजीकरण पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सही तरीके से तैयार डीपीआर एवं बीपीडी के माध्यम से समितियाँ बैंक ऋण एवं सरकारी अनुदान योजनाओं का लाभ सरलता से प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम में एडीसीओ रजनीश पांडेय, अंकित काबरा, आशीष कुमार सिंह, एडीओ (सी) भूपेंद्र नाथ सिंह, विपिन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह एवं लेखाकार सुशील मौर्य सहित अन्य उपस्थित रहे। समापन में अभिषेक तिवारी ने सभी अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सहकार से समृद्धि के लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का संकल्प दिलाया।

## आयुष व शास्वत के प्रदर्शन से पुलिस लाइन क्लब को मिले पूर्ण अंक

**प्रयागराज।** आयुष कुमार के ( 7 - 1 - 20 - 3 ) के एवं शास्वत यादव ( 67 रन, 42 गेंद, 11 चौके व एक छक्का ) की बदौलत पुलिस लाइन क्रिकेट क्लब ने स्वर्गीय सत्यम शुक्ला स्मारक अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में सेंट जोसफ क्रिकेट क्लब को चार विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। बुधवार को मिलिनियम मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट जोसफ क्रिकेट क्लब ने 22.1 ओवर में 117 रन ( सिद्धार्थ अग्रवाल 28, कृदय दुबे 22, अथर्व कुमार 13 रन, आयुष कुमार 3/20, आयुष्मान 2/23, ऋषभ सिंह 2/28, सुयश पांडेय 1/17, मयंक 1/28 ) पर सिमट गई। जवाब में पुलिस लाइन क्रिकेट क्लब 15.4 ओवर में छह विकेट पर 118 रन ( शास्वत यादव 67, सुंदरम शर्मा 10 रन, सिद्धार्थ अग्रवाल 2/30, आरव गुप्ता 1/02, आबान अहमद उस्मानी 1/14 ) पर बना लिए।

## कुलपति ने किया सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में चल रही सेमेस्टर परीक्षाओं का मंगलवार को कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने निरीक्षण किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित आईबीएम भवन पहुंचकर वहां चल रही परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। परिसर के निरीक्षण के साथ ही, कुलपति ने संबद्ध महाविद्यालयों में चल रही परीक्षाओं की ऑनलाइन निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सभी महाविद्यालय अनिवार्य रूप से परीक्षा के दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्र अपने सीसीटीवी कैमरे ऑन रखें, ताकि परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि सुचिता पूर्ण परीक्षा संपन्न करने के लिए महाविद्यालयों को समय-समय पर जो भी दिशा निर्देश जारी किए हैं उसका शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान कुलपति के साथ प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. मुराद अली, डॉ. सुशील कुमार और डॉ. अमरेंद्र सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## रोटरी इलाहाबाद ने आयोजित किया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर



**प्रयागराज।** रोटरी इलाहाबाद के अध्यक्ष राजीव रंजन अग्रवाल ने सदस्यों के साथ सेंटर फॉर साइट में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। इस शिविर में डॉ. कमलजीत सिंह और उनकी टीम डॉ. प्रणव सलूजा, डॉ. रितिका मुखर्जी और डॉ. इप्शिता एम. तिवारी ने मरीजों की आंखों की जांच की। मरीजों की आवश्यकता अनुसार दवाइयाँ और अन्य सेवाएँ उपलब्ध कराई गई। डॉ. कमलजीत सिंह और उनकी टीम ने आँखों की देखभाल और स्वस्थ रखने के लिए आहार संबंधी जागरूकता पर एक प्रेरक वार्ता भी दी। सेक्रेटरी विभु अग्रवाल ने क्लब सदस्यों के साथ उपस्थित चिकित्सकों का सम्मान स्मृतिङ्चिह्न (टोकन ऑफ लव) देकर किया। कार्यक्रम में रवींद्र गुप्ता, सुनील जायसवाल, देश दीपक आर्य, राजेश अग्रवाल, राकेश वर्मा, पीयूष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अजय गुप्ता, नीरज कुमार, वंदना सिंह, अजय अग्रवाल नैनी आर्या, किरण जायसवाल, वर्षा अग्रवाल, निष्ठा अग्रवाल और शालिनी अग्रवाल उपस्थित थे।

## कार का शीशा तोड़ लाखों रुपए व जेवरात से भरा बैग उड़ाया

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** संगम क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। चार पहिया वाहनों को ही निशाना बनाया जा रहा है। ऐसी ही एक घटना बंधवा स्थित लेटे हनुमान मंदिर के पास हुई। फूलपुर से लेटे हनुमान जी का दर्शन करने आए एक परिवार को उचक्कों ने शिकार बनाया। कार का शीशा तोड़कर करीब छह लाख के आभूषण, नकदी, मोबाइल समेत अन्य सामान पार कर दिया। दारागंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर उचक्कों की तलाश में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलपुर के सराय अब्दुल मलिक निवासी प्रदीप कुमार नई कार से पूरे परिवार के साथ लेटे हनुमान मंदिर दर्शन के लिए आए थे। चालक ने मंदिर के पास कार को खड़ी की। दर्शन करने के बाद सभी वापस लौटे तो देखा कि कार के दाहिने साइड के पीछे का शीशा टूटा था। कार के अंदर रखे दोनों पर्स गायब थे। एक पर्स में दो मोबाइल, दो हजार रुपये व मेकअप के सामान थे। वहीं दूसरे पर्स में करीब छह लाख के आभूषण थे। 22 हजार रुपये नकद भी था। अभी पिछले दिनों संगम क्षेत्र से सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की बोलेरो का शीशा तोड़कर चोर तीस हजार रुपये नकद व छह मोबाइल निकाल ले गए थे।

# भूमि आवंटन को लेकर डान का प्रदर्शन 06 दिसम्बर को बारा में



अवधनामा संवाददाता

- डान ने किया संविधान जागरूकता बैठक का आयोजन

**प्रयागराज।** दो दशक बीत जाने के बावजूद भूमि प्रबंध समिति द्वारा अनुसूचित जाति के भूमिहीनों को दिया गया एक एक बिस्वा का आवासीय और पन्द्रह से बीस बिस्वा का किया गया कृषि कार्य का पट्टा आज तक भूमिहीनों को भौतिक रूप से सत्यापन कराकर कब्जा नहीं दिलाया गया। ऐसे भूमिहीन पट्टाधारकों की लड़ाई डा. अम्बेडकर वेलफेयर नेटवर्क (डान) के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज पिछले डेढ़ दशक से आए दिन आवासीय और कृषि कार्य के पट्टे को चिन्हांकित कर कब्जा दिलाने की मांग जिला प्रशासन और तहसील प्रशासन से करते रहे चले आ रहे है। किंतु बारह वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद आजतक आवासीय और कृषि कार्य के पट्टे पर कब्जा नहीं दिलाया जा सका। डा. अम्बेडकर वेलफेयर नेटवर्क (डान) के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बुधवार को गड़ैया कला में संविधान जागरूकता बैठक करके बताया कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री ने अभी 30 अक्टूबर 2023 को सोरांव में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा था कि गंगापार और यमुनापार के प्रत्येक भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को भूमि प्रबंध समिति द्वारा प्रस्ताव पारित कर भूमिहीनों को कृषि कार्य एवं आवासीय पट्टा दिलाया जाएगा। इसके बाबत तहसील करछना और बारा के अंतर्गत आने वाले भूमिहीनों की लड़ाई डान संस्थापक के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी करछना व बारा को आवेदन देकर अपने पट्टे पर कब्जा दिलाने की मांग किया। संविधान जागरूकता बैठक में बब्बू, पंचराज, विनोद, धर्मेन्द्र,रीनू, रीता, पूजा, मनोरमा, सोना, श्याम कली, उन्नति, किरन, ऊषा, राज कुमारी, गुड्डी, रीतू, ममता, पिंकी, चांदतारा, मीरा, रानी, कुसुम, नंदिनी के साथ सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## मैरी लूकस स्कूल परिसर में शीघ्र शुरू होगा स्टाम्प निबंधन कार्यालय

**प्रयागराज।** मैरी लूकस स्कूल परिसर में स्टाम्प निबंधन कार्यालय शीघ्र शुरू होगा। प्रस्तावित योजना के तहत यहां आमजन के लिए रजिस्ट्रेशन से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे लोगों को दूर-दूर के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जानकारी के अनुसार संबंधित विभाग ने स्कूल परिसर में खाली पड़ी भवन इकाई का सर्वे करवा लिया है और प्रारंभिक स्तर पर इसे कार्यालय के रूप में विकसित करने की स्वीकृति भी मिल गई है। अब भवन के मरम्मत, आंतरिक साज-सज्जा, बिजली, फर्नीचर और कंप्यूटर नेटवर्क आदि की व्यवस्था के लिए बजट और एजेंसी तय करने की प्रक्रिया चल रही है।अधिकारियों का कहना है कि स्टाम्प-निबंधन कार्यालय के शुरू हो जाने से आसपास के इलाकों के हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। जमीन-जायदाद के रजिस्ट्रेशन, स्टाम्प शुल्क जमा करने, प्रमाण पत्रों की प्रविष्टि और अन्य दस्तावेजी कार्य यहीं निपट सकेंगे, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी।

# जागरूक होकर जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य को रखे स्वस्थ्य : डा खुशबू

- निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से लाभांवित हुई महिलाए

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** रमा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 79 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि नवंबर माह में मौसम में ठंडा होना शुरू हो जाता है, मौसम पांच घंटे में बदलता रहता है ऐसे में सजग रहते हुए गर्भवती महिलाएं अपना ख्याल रखें। अपने स्वास्थ्य को लेकर नियमित चेकअप कराते रहे और डॉक्टर के संपर्क में रहे। गर्भवती महिलाओं को अपनी देखभाल के साथ-साथ नवजात के टीकाकरण पर भी ध्यान देना चाहिए और डॉक्टर की सलाह के अनुसार सभी टीके लगवाने चाहिए। साथ ही इस समय में संक्रमण के बचाव के प्रति गंभीर रहे।

रमा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा. अमित सिंह ने बताया कि उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने को हम कटिबद्ध है। इस निशुल्क कैम्प से अधिक से अधिक महिलाएं लाभांवित हो। इस बार 79 महिलाओं का निःशुल्क जांच व प्रशिक्षण किया गया। हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की पहले मंगलवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

# घर में लगी भीषण आग, झुलसने से पिता की मौत

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह चार बजे एक मकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में घर का बड़ा हिस्सा लपटों में घिर गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। रेस्क्यू शुरू किया। जिस समय हादसा हुआ, उस समय घर में 15 लोग थे। जिस हिस्से में आग लगी, उसमें रहने वाले परिवार में पिता, मां और बेटी बुरी तरह झुलस गए। तीनों को फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। वहीं मां-बेटी की हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के सफाईकर्मी रह चुके स्वर्गीय पन्नालाल का कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर स्थित गंगानगर की गली नंबर-12 में एक दो मंजिला मकान है। इस मकान में पत्नी शकुंतला देवी और उनके चार बेटे आनंद, विजय, अजय व अनूप अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। सभी भाइयों का परिवार अपने-अपने कमरे में सो रहा था। इसी बीच बुधवार की सुबह चार बजे के करीब भूतल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। थोड़ी देर में ही पूरा मकान धू-धूकर जलने लगा। गली से गुजर रहे दो छात्रों की नजर पड़ी, तो उन्होंने शोर मचाया। तब आसपास के लोग अपने-अपने घरों से निकलकर बाहर आ गए। मकान के कमरों के अंदर तक धुआं फैल जाने से चार भाइयों का 15 सदस्यीय परिवार फंस



गया था। लोगों ने भूतल में किचन की खिड़की तोड़ कर और पड़ोसी के बाजरे से किसी तरह सभी लोगों को बाहर निकला गया। दम घुटने से झुलसे घायल अजय (35), उनकी पत्नी वंदना और बेटी श्रेया और छोटे भाई अनूप के चार माह की बेटी अयान को अस्पताल ले जाया गया। लोगों ने सभी को किसी तरह बाहर निकाला और तुरंत स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान अजय आनंद की मौत हो गई। उनकी बेटी श्रेया और पत्नी वंदना की हालत गंभीर बनी है। जहां डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया। इधर, आग लगने से मकान में गृहस्थी का सारा सामान, दो बाइक व दो स्कूटी समेत सबकुछ जलकर राख हो गया। छोटी गली होने की वजह से समय से फायर ब्रिगेड भी नहीं पहुंच सकी थी। हादसे के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल बना रहा। घर में खड़े ई-रिक्शा के चार्जिंग में लगे होने की वजह से शॉर्ट सर्किट की आशंका बताई जा रही है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक सारा सामान जल चुका था।

## प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया माल्यार्पण

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** भारत के प्रथम राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी की जयंती आज मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुल भास्कर आश्रम स्थित उनकी प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया। उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया और सादगी और उच्च विचारों को नमन किया डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर को बिहार के जीरादेई ग्राम में हुआ था। वह दो बार भारत के राष्ट्रपति रहे। उनकी सबसे बड़ी पहचान सत्ता की चकाचौंध से दूर उनकी अत्यंत सादगी थी। राष्ट्रपति पद से सेवानिवृत्त होने के बाद भी उनके पास अपना निजी मकान नहीं था। उन्होंने अपना शेष जीवन सदाकत आश्रम में बिताया, जो उनकी निस्वार्थ भावना को दर्शाता है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आंमत्रित की जाती है।

| |
|---|
| **निविदा सं.:** 106-टेली/टेंडर/09/2025-26 |
| **कार्य का नाम :** लखनऊ डिवीज़न पर लक्ष्मण–दरियापुर सेक्शन की किलोमीटर संख्या 98/16-99/1, बर्याराम–उग्रसेनपुर की किलोमीटर संख्या 11/2-3 एवं 37/8-9, ज़फराबाद–अयोध्या कैंट के मध्य एलसी गेट 61/C की किलोमीटर संख्या 861/17-19, एलसी गेट 77/C की किलोमीटर संख्या KM 893/24-26, एवं डलमउ–उन्नाव के मध्य एलसी गेट 70/C, 75/C, 103/C, 116/C एवं 119/C पर अवैध प्रवेश से बचाव हेतु (रेलवे अंडरब्रिज) के प्रावधान के लिए संबंधित दूरसंचार का कार्य। |
| **अनुमानित लागत:** रु. 52,87,402.28/- |
| **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य |
| **धरोहर राशि:** रु. 1,05,800.00/- |
| **कार्य पूरा करने की अवधि:** 180 दिन |
| **निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** 23.12.2025 15:30 Hrs. |
| **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र.कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।

- समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

सं. 106-टेली/टेंडर/09/2025-26 दिनांक: 02.12.2025 3737/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'टोयोटा हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल 2025' का शुभारंभ किया

**साझेदारी**

**हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल से टीकेएम की यह दीर्घकालीन साझेदारी न केवल नागालैंड बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ उसके गहरे भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों को प्रतिबिंबित करती है।**







**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने प्रतिष्ठित हॉर्नबिल फेस्टिवल के दौरान 'टोयोटा हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल 2025' का औपचारिक शुभारंभ किया। लगातार चौथे वर्ष टाइटल स्पॉन्सर के रूप में जुड़े रहने के साथ ही, कंपनी ने इस लोकप्रिय सांस्कृतिक आयोजन में एक बार फिर नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।इस वर्ष के उद्घाटन समारोह की शुरुआत टोयोटा के ब्रांड एंबेसडर और विश्व-प्रसिद्ध जापानी ड्रम एंसेंबल ड्रम ताओ के विशेष प्रदर्शन से हुई, जिसने दर्शकों के बीच उत्साह, आनंद और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत माहौल बना दिया। हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल से टीकेएम की यह दीर्घकालीन साझेदारी न केवल नागालैंड बल्कि पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ उसके गहरे भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों को प्रतिबिंबित करती है।फेस्टिवल से जुड़ाव पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, श्री तदाशी असाजुमा, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर सेल्स, सर्विस एवं यूज़्ड कार्स, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और लेक्सस, ने कहा, हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल नागालैंड की वास्तविक आत्मा और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता है। यह मंच राज्य की जीवंत परंपराओं, सृजनशीलता और विरासत को आगे बढ़ाने का माध्यम है। यह उत्सव विविध समुदायों को जोड़ता है और यहां की गर्मजोशी, आतिथ्य और संस्कृति को अनुभव करने का अवसर देता है। इस प्रतिष्ठित आयोजन का हिस्सा होना हमारे लिए सम्मान और गर्व का विषय है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के चीफ कम्युनिकेशन ऑफिसर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और डायरेक्टर, श्री सुदीप दलवी ने कहा, हम नागालैंड सरकार के प्रति हृदय से आभारी हैं, जिसने हमें हॉर्नबिल म्यूज़िक फेस्टिवल से जुड़ने और इस क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति तथा प्रतिभा को समर्थन देने का अवसर दिया। इस प्रतिष्ठित आयोजन के साथ हमारा जुड़ाव नागालैंड के प्रति टोयोटा की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। पूर्वोत्तर भारत में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की उपस्थिति लगातार मजबूत होती जा रही है। केवल वाहनों और सेवाओं तक सीमित न रहते हुए, कंपनी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी सक्रिय योगदान दे रही है। वर्तमान में कंपनी ने पूर्वोत्तर राज्यों में 58 कस्टमर टचपॉइंट्स स्थापित किए हैं और क्षेत्र में बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए अपने नेटवर्क का विस्तार निरंतर जारी रखा है।

# भारत का अगला बड़ा टियर 2 कमर्शियल रियल एस्टेट हब बनकर उभर रहा है लखनऊः जेएलएल

**लखनऊ।** भारत की सांस्कृतिक राजधानी अब बहुत तेज़ी से एक बड़ा बिज़नेस हब बन रही है। जेएलएल की रिपोर्ट बियोंड द मेट्रोज़ः इनसाइट्स इंटू इंडियाज इमर्जिंग रियल एस्टेट स्टार्स में दी गई जानकारी के अनुसार बाज़ार के नए आंकड़े दिखाते हैं कि लखनऊ में कमर्शियल रियल एस्टेट बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसका कारण है अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश, आगे बढ़ाने वाली सरकारी नीतियाँ और बड़े संस्थानों की वजह से मजबूत टैलेंट उपलब्ध होना। सुरेखा बिहानी, सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर, ईस्ट और इमर्जिंग मार्केट्स, इंडिया, जेएलएल ने बताया कि ÷लखनऊ निवेश के लिए एक बहुत अच्छा मौका है और यहाँ तेज़ विकास की मजबूत संभावनाएँ हैं। हमारे आंकड़ों के अनुसार, जहां वर्ष 2027 तक लॉजिस्टिक सेक्टर 48त्न बढ़कर 12.3 मिलियन वर्ग फुट हो जाएगा। वहीं ऑफिस मार्केट 25त्न बढ़कर 7.9 मिलियन वर्ग फुट तक पहुँचेगा। साथ ही 80 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क का निर्माण हो रहा है, जो 7 बड़े बिज़नेस ज़ोन को सीधे जोड़ेगा। ऑफिस में खाली जगह अब 25%और रिटेल में 26% रह गई है, और लॉजिस्टिक सेक्टर में यह 13त्न है, जो बहुत अच्छा माना जाता है। इसलिए लखनऊ भारत का अगला बड़ा टियर 2 कमर्शियल डेस्टिनेशन बन रहा है। रिटेल सेक्टर (खुदरा बाजार) की स्थिति बहुत मजबूत है। अभी कुल 4.8 मिलियन वर्ग फुट का रिटेल स्पेस है, और वर्ष 2027 तक इसे और बढ़ाने की योजना है। वर्ष 2024 में रिटेल में खाली जगह 26त्न थी, जो आने वाले समय में काफी कम होने की उम्मीद है। अगर किराए की बात करें तो किराया 80 से 300 रुपये प्रति वर्ग फुट के बीच है, जिससे पता चलता है कि लखनऊ का रिटेल बाज़ार बहुत विविध है। जिसमें छोटे मोहल्ले के बाज़ार से लेकर बड़े प्रीमियम मॉल और शॉपिंग डेस्टिनेशन तक शामिल हैं। लॉजिस्टिक सेक्टर सबसे तेज़ी से बढ़ रहा है। वर्ष 2024 में यह 8.3 मिलियन वर्ग फुट था, जो वर्ष 2027 तक बढ़कर 12.3 मिलियन वर्ग फुट होने की उम्मीद है, यानी 48% की बड़ी बढ़त। वर्तमान में खाली जगह सिर्फ 13% है, और वर्ष 2024 में 1.5 मिलियन वर्ग फुट का इस्तेमाल हुआ है, जो बाज़ार में मजबूत मांग दिखाता है। आने वाले समय में इस सेक्टर के और बढ़ने की संभावना है।

वर्ष 2027 तक ब्लू लाइन मेट्रो का काम पूरा हो जाएगा, जिससे शहर के अंदर यात्रा करना बहुत आसान हो जाएगा। फेज 1बी चारबाग से वसंत कुंज तक ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को जोड़ेगा। इसके अलावा 6 और प्रस्तावित रूट मिलकर 80 किलोमीटर का मेट्रो नेटवर्क तैयार करेंगे, जो थाकुरगंज, बालागंज, अमीनाबाद, सीजी सिटी, एयरपोर्ट, मुंशी पुलिया और आईआईएम रोड जैसे बड़े कमर्शियल इलाकों पर सीधा असर डालेगा। सीजी सिटी और एयरपोर्ट से बेहतर कनेक्टिविटी इन क्षेत्रों की आर्थिक संभावनाओं को काफी बढ़ाएगी।

## क्रॉम्पटन ने पेश किए वियोना हॉब्स और एलिटियो बीएलडीसी चिमनी - अब हर रसोई होगी स्मार्ट और स्टाइलिश

**क्रॉम्पटन का प्रीमियम किचन कलेक्शन लॉन्च - वियोना हॉब्स और एलिटियो बीएलडीसी चिमनी अब बाजार में**



**मुंबई।** आज रसोई सिर्फ खाना बनाने की जगह नहीं, बल्कि परिवार, सुविधा और स्टाइल का केंद्र बन चुकी है। हालांकि, आधुनिक रसोई में कई बार रोजमर्रा की चुनौतियाँ अनुभव को मुश्किल बना देती हैं। इन्हीं जरूरतों को समझते हुए क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने 'स्मार्ट इनसाइड, स्टनिंग आउटसाइड' थीम के तहत दो नए प्रीमियम उत्पाद लॉन्च किए हैं वियोना हॉब्स सीरीज़ और एलिटियो बीएलडीसी चिमनी सीरीज़। ये दोनों उत्पाद बेहतर सुविधा, सुरक्षा और डिज़ाइन के साथ आधुनिक भारतीय रसोई को नया अनुभव प्रदान करते हैं।

भारतीय किचन में समस्याएँ केवल खाना बनाने तक सीमित नहीं होतीं। दूध या पानी गिरने पर बर्नर के नीचे रिसाव, साफ-सफाई में परेशानी, हॉब इंस्टॉलेशन में स्लैब कटिंग, गैस बचत की आवश्यकता और अपग्रेड में हिचकिचाहट आम हैं। साथ-ही तली हुई चीज़ें बनाते समय धुआँ, चिमनी में जमता तेल और मैनुअल ऑटो-क्लीन याद रखना भी एक बड़ी समस्या है।

उपभोक्ता अब ऐसे समाधान चाहते हैं जो तेज़ खाना पकाएँ, ऊर्जा बचाएँ, दिखने में सुंदर हो और तकनीक के साथ उपयोग में आसान भी हों। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, वियोना हॉब्स और एलिटियो बीएलडीसी चिमनी भारतीय किचन के लिए एक स्मार्ट, सुरक्षित और टिकाऊ समाधान प्रस्तुत करती हैं।

यह नवाचार स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि क्रॉम्पटन ऐसे उपकरण विकसित करने पर केंद्रित है, जो उच्च प्रदर्शन के साथ उपयोग में सहज हों। वियोना हॉब्स सीरीज की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं

सील्ड बर्नर सिस्टमः भारतीय रसोई की सबसे आम समस्या है—दूध या पानी गिरने पर तरल पदार्थ का बर्नर के अंदर जाना। वियोना का सील्ड बर्नर डिज़ाइन इस रिसाव को रोकता है, जिससे सफाई आसान होती है, आंतरिक हिस्से सुरक्षित रहते हैं और अधिक स्वच्छ, चिंता-मुक्त रसोई सुनिश्चित होती है। डायरेक्ट फ्लेम बर्नर्सः भारतीय खाना पकाने की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए गए इन वर्टिकल बर्नर्स में लौ तेज़ और समान रूप से फैलती है। इससे खाना जल्दी पकता है, ईंधन की बचत होती है और भारी व विविध व्यंजनों को तैयार करना भी आसान हो जाता है।

फ्लेम फेल्योर डिवाइस- यदि लौ अचानक बुझ जाए, तो यह सुरक्षा फीचर स्वतः गैस आपूर्ति बंद कर देता है, जिससे गैस के रिसाव की संभावना कम होती है और रसोई अधिक सुरक्षित बनती है। हाइब्रिड हॉबटॉप डिज़ाइन- जो उपभोक्ता बिना स्लैब कटिंग के आधुनिक हॉब इंस्टॉल करना चाहते हैं, उनके लिए यह दो-इन-वन डिज़ाइन आदर्श है। यह बिल्ट-इन हॉब और काउंटरटॉप—दोनों रूपों में उपयोग के लिए उपयुक्त है, जिससे किराए के घरों, अपग्रेड या रेनोवेशन में इंस्टॉलेशन अधिक सुविधाजनक हो जाता है। उसी प्रकार, एलिटियो बीएलडीसी चिमनी सीरीज भारतीय रसोई की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित की गई हैः 1900 m≥/hr की शक्तिशाली सक्शन- तले हुए भोजन और मसालों के उपयोग से रसोई में धुआं और सुगंध छा जाती है। एलिटियो की शक्तिशाली सक्शन क्षमता धुआं, गंध और तेल-कणों को कुछ ही सेकंड में बाहर निकाल देती है, जिससे रसोई साफ, आरामदायक और ताज़ा बनी रहती है।

# यूपी के शहरों का विकाश समग्र और समन्वित प्रयास से किए जाने पर बैठक का आयोजन






**लखनऊ।** कल दिनांक 2 दिसंबर को लखनऊ में यूपी के शहरों के विकास पर पहली बैठक हुई। इसमें सरकार, स्कूल-शिक्षा, समाज और नीति बनाने वाले लोग शामिल हुए। जनाग्रह ने इस बैठक का आयोजन किया। इस चर्चा का मकसद था कि शहरों में बढ़ती आबादी की समस्या का हल निकालने के लिए सही कदम तय करना। अनुमान है कि वर्ष 2036 तक यूपी के शहरों की आबादी लगभग 6.7 करोड़ होगी। यह चर्चा में लोगों ने जाना कि यूपी के शहरों में क्या बड़ी समस्याएँ हैं। फिर उन्होंने आसान और कारगर उपाय सुझाए। आखिर में उन्होंने शहरों के विकास के लिए मुख्य कामों की सूची बनाई। चर्चा में कई अहम बातें हुईं। इनमें थे स्थानीय सरकार को ज्यादा ताकत देना, शहरों की बढ़ती आबादी को सही ढंग से संभालने के लिए योजना बनाना, फैसले लेने में मदद के लिए डेटा का इस्तेमाल करना, और शहरों की हवा की सफाई जैसी पर्यावरण की समस्याओं को सुलझाना आदि। इसके अलावा और भी कई जरूरी कामों पर चर्चा हुई। एस.पी पटेल, स्पेशल सेक्रेट्री, डिपार्टमेंट ऑफ़ अर्बन डेवलपमेंट, यूपी सरकार ने बताया कि 2025 के आपदा कानून अब शहरों की स्थानीय सरकारों को ज्यादा महत्व देते हैं। इसके लिए सभी बड़े शहरों और राज्य की राजधानियों में अलग शहरी आपदा प्रबंधन विभाग बनाए जाएंगे। सजिथ सुकुमारन, डायरेक्टर - स्टेट प्रोग्राम्स, जनाग्रह ने कहा- यूपी के शहरों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार, शिक्षा और समाज को साथ मिलकर बात करनी होगी। इससे सबको समझ आएगा कि शहरों का भविष्य कैसा होना चाहिए और उसे कैसे बनाया जाए। धनश्री गुरन, एसोसिएट एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर, शेल्टर एसोसिएट्स ने कहा कि आज डेटा अलग-अलग जगहों पर है, इसलिए शहरों को सही जानकारी नहीं मिलती।

# एडवेन बायोटेक आयुष प्रीमियम सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाला भारत का पहला होम्योपैथिक ब्रांड बना




**लखनऊ।** प्राकृतिक और एकीकृत स्वास्थ्य सेवा में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाते हुए, एडवेन बायोटेक आधिकारिक तौर पर प्रतिष्ठित आयुष प्रीमियम सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाला भारत का पहला होम्योपैथिक ब्रांड बन गया है। यह एक ऐसी मान्यता है जो कंपनी को विश्व स्तरीय होम्योपैथिक निर्माण में अग्रणी बनाती है और इस लंबे समय से चली आ रही धारणा को चुनौती देती है कि वैश्विक स्तर की गुणवत्ता केवल इम्पोर्टेड ब्रांडों से ही प्राप्त हो सकती है। आयुष मंत्रालय ने आयुष एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल (आयुषएक्सिल) के साथ साझेदारी में आयुष उत्पादों और सेवाओं के लिए गुणवत्ता की एक विश्व स्तर पर विश्वसनीय मुहर स्थापित करने के लिए आयुष गुणवत्ता चिह्न कार्यक्रम शुरू किया है। यह गुणवत्ता चिह्न सुनिश्चित करता है कि प्रमाणित ब्रांड शुद्धता, सुरक्षा और स्थिरता के कड़े अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हैं, जिससे वैश्विक बाजारों में एक महत्वपूर्ण अंतर पैदा होता है। बढ़े हुए उपभोक्ता विश्वास, मजबूत निर्यात तत्परता और क्षेत्र-व्यापी मानकीकरण जैसे लाभों के साथ, आयुष गुणवत्ता चिह्न भारत की समग्र स्वास्थ्य सेवा पहचान की एक परिभाषित विशेषता बनने के लिए तैयार है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए, एडवेन बायोटेक के सीईओ, श्री आदेश शर्मा ने कहा- ÷आयुष प्रीमियम सर्टिफिकेशन प्राप्त करना, उपभोक्ताओं को सुलभ और किफायती मूल्य पर विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाली होम्योपैथिक दवाएँ उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता की एक सशक्त पुष्टि है। यह मान्यता भारत में वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, विश्व स्तर पर विश्वसनीय होम्योपैथिक दवाएँ बनाने के हमारे मिशन को और मज़बूत करती है। हम इसे केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय होम्योपैथी के मानकों को ऊँचा उठाने और यह प्रदर्शित करने की ज़िम्मेदारी के रूप में देखते हैं कि भारत गुणवत्ता, अखंडता और नवाचार के साथ दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। इस कार्यक्रम के तहत एडवेन बायोटेक को मिली मान्यता कंपनी की शीर्ष-स्तरीय मैन्युफैक्चरिंग, वैज्ञानिक वेलिडेशन और अटूट गुणवत्ता नियंत्रण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसकी भारत की पहली पूर्णतः स्वचालित, जीरो-ह्यूमन-टच वाली अत्याधुनिक सुविधा, जो परिशुद्धता-आधारित प्रक्रियाओं, पूर्णतः स्वचालित मशीनों, विश्लेषणात्मक प्रयोगशालाओं और डिजिटल निगरानी प्रणालियों से सुसज्जित है, इस बात का उदाहरण है कि कैसे भारतीय निर्माता होम्योपैथी की विरासत को उन्नत वैश्विक विनिर्माण प्रथाओं के साथ जोड़ रहे हैं।

# फोनपे के इंडस ऐपस्टोर और मोटोरोला इंडिया ने की साझेदारी




**कानपुर** भारत के घरेलू एंड्रॉइड ऐप मार्केटप्लेस, इंडस ऐपस्टोर ने आज मोटोरोला के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के बाद, भारत में मोटोरोला के डिवाइसेस पर इंडस ऐपस्टोर उपलब्ध होगा। इससे इंडस ऐपस्टोर पहले से ज्यादा डिवाइसेस पर उपलब्ध हो पाएगा और भारत में मोटोरोला के यूजर्स को पर्सनलाइज्ड ऐप डिस्कवरी अनुभव मिल सकेगा। इंडस ऐपस्टोर, भारतीय ग्राहकों को ऐप की दुनिया में एक बेहतर विकल्प देता है। इसे विशेष रूप से यूजर्स की पसंद और देश की विविध संस्कृति को ध्यान में रखकर बनाया गया है। हर भारतीय स्मार्टफोन यूजर तक पहुँचने के लिए, यह प्लेटफॉर्म अंग्रेजी के साथ-साथ अन्य 12 भाषाओं में अपनी सुविधाएँ उपलब्ध कराता है। इसमें,ढ्ढ-पावर्ड वॉयस सर्च भी है, जिससे यूजर को क्षेत्रीय भाषा के कठिन शब्द टाइप नहीं करने पड़ते। इसके साथ ही, वीडियो प्रीव्यू की सुविधा यूजर्स को किसी ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसके फंक्शन को विजुअली एक्सपीरियंस करने का मौका देती है। इंडस ऐपस्टोर अपनी बेहतरीन ऐप स्टोर नीतियों के कारण, भारत के डेवलपर्स और ऐप्स के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करता है। यह वितरण के लिए केवल एक ही स्रोत पर निर्भरता को कम करता है और जिससे बाज़ार में एक मजबूत और प्रतिस्पर्धात्मक विकल्प सामने आता है। यह कदम न केवल बड़ी संख्या में स्थानीय डेवलपर्स को सशक्त और सक्षम बनाएगा, बल्कि भारतीय डेवलपर इकोसिस्टम को वैश्विक मंच पर सफल होने के लिए बढ़ावा भी देगा। इंडस ऐपस्टोर की चीफ बिजनेस ऑफिसर, प्रिया एम. नरसिम्हन जी ने इस महत्वपूर्ण प्रगति पर उत्साह के साथ कहा, ÷हमें मोटोरोला के साथ साझेदारी करके बहुत खुशी हो रही है, इसके माध्यम से हम अधिक से अधिक भारतीयों को इंडस ऐपस्टोर का अनुभव आसानी से उपलब्ध करा पाएंगे।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नवंबर 2025 में बेचे 33,752 वाहन

**बेंगलुरु** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने नवंबर 2025 के अपने मासिक बिक्री प्रदर्शन की घोषणा की। कंपनी ने कुल 33,752 यूनिट्स बेचीं, जिनमें 30,085 यूनिट्स घरेलू बाजार में और 3,667 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।वरिंदर वाधवा, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिज़नेस ने कहा ÷सरकार के प्रगतिशील जीएसटी सुधारों और सकारात्मक त्योहारी सीजन के कारण हम बिक्री में मजबूत वृद्धि देख रहे हैं, जो वर्ष-दर-वर्ष 28त्न के इजाफे को दर्शाती है। हाल ही में पेश किए गए अरबन क्रूजर हाइरायडर एईरो एडिशन और फॉरच?युनर लीडर एडिशन ने इस विकास को और गति दी है और इसे देशभर में उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है। ड्रम ताओ प्रदर्शन कार्यक्रम और बैंगलुरु में टोयोटा एक्सपीरिएंशियल म्यूज़यिम के शुभारंभ जैसे अनुभव-प्रधान प्रयासों ने ग्राहक जुड़ाव और ब्रांड कनेक्ट को और मजबूत किया है।

# आरसीएम की रूपांतरण यात्रा में नवोद्यमियों की सहभागिता; अयोध्या में मिला जबरदस्त जनसमर्थन




**अयोध्या।** आरसीएम की राष्ट्रव्यापी रूपांतरण यात्रा के शुभारंभ के बाद से अब तक लाखों नवोद्यमी इससे जुड़ चुके हैं, जो कंपनी की जन-आधारित विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यात्रा का नवीनतम पड़ाव अयोध्या रहा, जहां हजारों नागरिकों ने स्वास्थ्य, सेवा और संस्कार को बढ़ावा देने वाली विभिन्न सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की।अयोध्या और इससे पहले आयोजित कई शहरों में लाखों लोगों की भागीदारी को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा रहा है कि 75 शहरों की इस यात्रा के 23 दिसंबर 2025 को समापन तक इसकी पहुँच लगभग एक मिलियन लोगों तक हो सकती है।अयोध्यावासियों ने यात्रा का शानदार स्वागत किया, और सैंकड़ों इस भव्य समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत आरसीएम प्राणगीत के साथ हुई, जिसमें आरसीएम के उद्देश्यों और सिद्धांतों को प्रस्तुत किया गया, इसके बाद शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एक योग सत्र आयोजित किया गया। स्वास्थ्य क्रांति के साथ-साथ आरसीएम द्वारा उठाए गए विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित पहलों का परिचय दिया गया। आगंतुकों ने सेवा गतिविधियों में भाग लिया और एक डॉक्युमेंट्री के माध्यम से आरसीएम की प्रभावशाली यात्रा को दिखाया गया। सभी ने आदर्श नागरिक शपथ ली, जिसमें उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन एक प्रभावी जागरूकता रैली के साथ हुआ, जिसने अयोध्या में सेवा, स्वास्थ्य और संस्कार का संदेश फैलाया।हाल ही में लॉन्च हुई पुस्तक ÷मनसा वाचा कर्मणा - एक कर्मयोगी की जीवनी÷, जो आरसीएम के संस्थापक तिलोकचंद छाबड़ा के जीवन पर आधारित है, कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण रही। यह पुस्तक उनके कर्मयोगी जीवन, मूल्यों और उनके विचारों एवं कार्यों से लाखों लोगों के जीवन में आए परिवर्तन को उजागर करती है।आरसीएम कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक सौरभ छाबड़ा ने कहा, ÷अयोध्या से मिला जबरदस्त प्रतिसाद हमारे जन-आधारित आंदोलन की शक्ति और भावना को दर्शाता है।

# सुनील कुमार पाठक को मिला आचार्य महेन्द्र शास्त्री पुरस्कार



**पटना।** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के 28वें अमनौर (सारण) अधिवेशन में साहित्यकार सम्मान सत्र के तीन दिवसीय समारोह (28-30नवम्बर 2025) में भोजपुरी एवं हिन्दी के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ.सुनील कुमार पाठक को राज्य के कला-संस्कृति और युवा विभाग तथा पर्यटन विभाग के मंत्री श्री अरुण शंकर प्रसाद ने आचार्य महेन्द्र शास्त्री पुरस्कार से उनकी भोजपुरी आलोचना पुस्तक पढ़त-लिखत के लिए सम्मानित किया। ज्ञातव्य है कि डॉ. पाठक ने भोजपुरी में पढ़त-लिखत के अतिरिक्त एक अन्य पुस्तक भोजपुरी कविता :रुचि और रचाव भी इस वर्ष लिखी है जो विद्वानों और पाठकों में काफी चर्चित रही है।छवि और छाप-राष्ट्रीयता के आलोक में भोजपुरी कविता का पाठ भी भोजपुरी अकादमी से प्रकाशित उनकी महत्वपूर्ण पुस्तक है।डॉ.पाठक की एन बी टी ,सर्वभाषा प्रकाशन ,भोजपुरी प्रकाशन आदि से कई भोजपुरी- हिन्दी किताबें छपी हैं। डॉ.पाठक को भोजपुरी कविता में हाइकु विधा की शुरुआत करने वाला कवि भी माना जाता है। डॉ.महामाया प्रसाद विनोद,डॉ.ब्रजभूषण मिश्र, जितेन्द्र कुमार, भगवती प्रसाद द्विवेदी, डॉ.संतोष पटेल, सुनील कुमार तंग,डॉ.आद्या प्रसाद द्विवेदी, डॉ.सुभाष चंद्र यादव सहित अनेक भोजपुरी और हिन्दी साहित्यकारों ने डॉ.सुनील को यह पुरस्कार मिलने पर उन्हें बधाई दी है।

# न्यूट्रीशनिस्ट लीमा महाजन ने विज्ञान-समर्थित तथ्यों के साथ पाम ऑयल और भ्रामक लेबल्स पर गलतफहमियां दूर कीं



**मुंबई।** खाद्य तेलों को लेकर उपभोक्?ताओं के बढ़ते भ्रम और ऑनलाइन प्रसारित हो रही गलत सूचना के बीच, मलेशियन पाम ऑयल काउंसिल (एमपीओसी) ने एक नई छह-भाग की पॉडकास्ट सीरीज़ लॉन्च की है, जिसका उद्देश्?य भारतीय परिवारों को सोच-समझकर, विज्ञान-आधारित विकल्प अपनाने में मदद करना है। यह सीरीज़ एमपीओसी की पहले की डिजिटल पहलों पर आधारित है, जिन्होंने मलेशियन पाम ऑयल के पीछे के पोषण, विज्ञान और सस्?टेनेबिलिटी को सरल बनाकर लाखों भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाई थी। इस सीरीज़ के पहले दो पॉडकास्ट एपिसोड में पोषण विशेषज्ञ और क्रिएटर लीमा महाजन को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

यह पॉडकास्ट रसोई की सुलभ बातचीत को साक्ष्य-आधारित जानकारियों के साथ मिलाता है, जो स्वास्थ्य, आहार वसा, स्थिरता और भ्रामक मार्केटिंग लेबलों पर केंद्रित है। प्रत्येक एपिसोड व्यापक रूप से प्रसारित मिथकों को तोड़ता है और श्रोताओं को रोजमर्रा के खाना पकाने के लिए स्पष्ट, व्यावहारिक सुझाव प्रदान करता है।

एपिसोड के मुख्य आकर्षण पहले एपिसोड में, लीमा उस बड़े सवाल को सरल बनाती हैं - कौन सा तेल वास्तव में स्वस्थ है? उन्होंने संतुलन पर जोर देकर और किसी एक तेल को पूरी तरह से त्यागने के बजाय स्मार्ट खाना पकाने की आदतों पर रौशनी डाली। वह पाम ऑयल के विज्ञान-समर्थित लाभों और घर पर तेलों की रोटेटिंग के महत्व पर जोर देती हैं। अगले एपिसोड में, वह उभरते ÷नो पाम ऑयल÷ लेबलों को तोड़ती हैं, यह समझाते हुए कि वे अक्सर डर-आधारित और भ्रामक क्यों होते हैं। वह दर्शकों से आगे पैकेट दावों से परे देखने और यह समझने का आग्रह करती हैं कि उत्पाद को वास्तव में स्वस्थ क्या बनाता है। पाम ऑयल के बारे में विज्ञान क्या कहता है सीरीज़ में वर्तमान शोध को शामिल किया गया है जो दर्शाता है कि पाम ऑयल टोकोट्राइनॉल्स और कैरोटेनॉइड्स (रेड पाम ऑयल में) से भरपूर है, और एंटीऑक्सीडेंट और संभावित कार्डियोमेटाबोलिक लाभों के लिए मान्यता प्राप्त यौगिक हैं। पाम ऑयल स्वाभाविक रूप से कोलेस्ट्रॉल-मुक्त है, क्योंकि कोलेस्ट्रॉल केवल पशु-आधारित वसा में पाया जाता है। संतुलित आहार के तहत सेवन करने पर, पाम ऑयल का ब्लड कोलेस्ट्रॉल स्तर पर ठोस प्रभाव पड़ता है।

# एक बुजुर्ग को बचाने में बुझ गए 3 चिराग, हाइवे से अस्पताल तक चीत्कार

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** कसया क्षेत्र के पकवाइनार फोरलेन पर बुधवार को हुई दिल दहलाने वाली सड़क दुर्घटना ने सबको झकझोर कर रख दिया। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की जान चली गई और आठ लोग घायल हो गए, जिनके परिवारों में शोक का माहौल छा गया। घटना के दौरान आसपास के इलाके में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई, हर किसी का इस घटना से हृदय फटा जा रहा था।

पकवाइनार फोरलेन पर हुआ यह हादसा एक इंसानियत की बेमिसाल कहानी का हिस्सा बन गया। बताया जा रहा है कि तमकुहीराज से गोरखपुर जा रहा एक ट्रेलर चालक ने सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को बचाने के लिए अनायास ही गाड़ी का चक्का डिवाइडर की ओर मोड़ दिया। आश्चर्यजनक यह है कि इसी कोशिश के दौरान ट्रेलर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में पहुंच गया, जहां दूसरी तेज रफ्तार ट्रेलर से उसकी भीषण टक्कर हो गई।


घायलों को अस्पताल में भर्ती कराते लोग


अस्पताल परिसर में रोते बिलखते परिजन


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन व जुटी भींड

## क्षणभर में पलटा ट्रेलर, मची तबाही

टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर पलट गया। हादसे के बाद हाईवे पर हड़कंप मच गया। उसी वक्त पीछे से आ रहे ट्रैक्टर, ई-रिक्शा और बाइक भी दुर्घटना की चपेट में आ गए। इस हादसे का परिणाम अत्यंत दुखद रहा। किसी का सिर फटने से मौके पर ही मौत हो गई, तो कई घायल होकर बेहोश हो गए। पांच एम्बुलेंस ने घायलों को कसया सीएचसी पहुंचाया, परंतु उनमें से एक की मौत रास्ते में ही हो गई।

**परिवारों का अफसोस और दर्द :** मृतकों में देवरिया के युवा केशव राजभर (21) और कुशीनगर के रामविलास (58) शामिल हैं। तीसरा मृतक अब भी पहचाना नहीं जा सका है। घायलों में अजय सिंह, चंदन कुमार, शिव कुमारी, लक्ष्मी और काजल सिंह जैसे नाम शामिल हैं। सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अस्पताल में घायलों को देखने के लिए उनकी कमजोर सांसें और हाय-हाय का स्वर गूंज रहा था, मानो जिंदा रहने की उम्मीद भी खत्म हो गई हो।

**मंजिल तक सफर में छाए शोक और भय :** इस भयानक दुर्घटना ने सड़क से लेकर अस्पताल तक हर किसी का मन दुखी कर दिया। परिजनों की चीखें और घायलों की तड़प कौड़ी-सी लगती है। अस्पताल तक के सफर में हर कदम पर मौत का साया मंडराता रहा। परिजन अपने प्रियजनों को पहचानने, देखने और संभालने के लिए बेहाल हो गए। यह घटना मानवता की परीक्षायें दे रही है, जिसमें इंसानियत की मिसाल भी सामने आई, तो दर्द भी।

# सीएमओ ने टीका उत्सव का किया शुभारम्भ

- छूटे बच्चों को टीका लगवाने के लिए किया जाएगा प्रेरित
- टीकाकरण जानलेवा बीमारियों से बचाव की कुंजी : सीएमओ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बुधवार को शहरी क्षेत्र के न्यू पीएचसी सोमनाथ से टीका उत्सव का शुभारम्भ किया। 31 दिसंबर तक मनाए जाने वाले टीका उत्सव में नियमित टीकाकरण में छूटे हुए बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस टीका उत्सव में सभी लोग बढ़-चढ़कर भाग लें और एक स्वस्थ समाज और अपने बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए टीकाकरण कराएं।

सीएमओ ने कहा कि अपने आसपास ऐसे बच्चों को चिन्हित करें, जो टीकाकरण से छूट गए हैं, उनके अभिभावकों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें। टीकाकरण कई गंभीर व जानलेवा बीमारियों से बचाव की कुंजी है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिन्हा ने कहा कि टीका उत्सव के दौरान नियमित टीकाकरण संत्रों पर छूटे हुए बच्चों को टीके लगाकर आच्छादित किया जाएगा। सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों एक विशेष लिस्ट बनाएंगी, जिसमें छूटे हुए बच्चों को अंकित किया जाएगा। सत्र से एक दिन पहले आशा व आंगवाड़ी कार्यकर्ता बुलावा पर्ची भेजेंगी और सत्र स्थल पर लाकर छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण कराएंगी। इसके साथ ही आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में महिला आरोग्य समिति की बैठक आयोजित करेंगी, जिसमें उन माताओं और अभिभावकों को बुलाया जाएगा, जिनके बच्चे किसी न किसी टीके से वंचित हैं। इस बैठक में अभिभावकों को पूर्ण टीकाकरण के लाभ से अवगत कराया जाएगा और अपने बच्चों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, डॉ हरेंद्र कुमार, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, एआरओ राकेश चंद सहित सहयोगी संस्था सीफार, यूनिसेफ़, जेएसआई, यूएनडीपी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# छात्रों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा की भावना विकसित करता है स्काउट-गाइड : नरेंद्र

- तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

अवधनामा संवाददाता


टोलियों का निरीक्षण करते प्रबंधक नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

**मथौली, कुशीनगर।** कस्बा स्थित श्रीमती राधिका देवी इंटरमीडिएट कॉलेज मथौली में चल रहे त्रिदिवसीय स्काउट गाइड शिविर बुधवार को समापन हो गया। इस अवसर पर प्रतिभाग किए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

छात्र-छात्रों ने सरस्वती बंदना, स्वागत गीत आदि मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्काउट गाइड प्रशिक्षक एन पी सिंह, अभिषेक चौधरी और राहुल के द्वारा विद्यार्थियों को टेंट बनाना, गांठ बंधना, प्राथमिक उपचार, आपातकालिन स्थिति में बचाव आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। समापन के मुख्य अतिथि प्रबंधक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर सिर्फ गतिविधियों का समूह नहीं हैं, यह अनुशासन सेवा, नेतृत्व क्षमता का बोध कराता है। शिविर का अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदरश सिंह और संचालन रंजीत सिंह ने किया। स्काउट के 12 टोली और गाइड की 22 टोलियों में गुलाब टोली को प्रथम, बाज टोली को द्वितीय तथा कमल टोली को तृतीय स्थान मिला। उक्त अवसर पर विनय कुमार श्रीवास्तव, प्रहलाद श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, आफताब आलम, सईद अहमद, सत्यजीत राव, ओमकार सिंह, सूरज सिंह, आत्मप्रकाश पाण्डेय, दुर्गेश यादव, हरिकेश सिंह, फैसल अहमद, कमलभान सिंह, राहुल सिंह, अशोक सिंह, सरताज अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्व. मैनावती देवी की 14वीं पुण्यतिथि 5 दिसम्बर को

अवधनामा संवाददाता



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील के सेवरही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा बसडीला बुजुर्ग में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और समाजसेवी संजय लाल श्रीवास्तव की पूज्य माता स्वर्गीय मैनावती देवी की चौदहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर 5 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे उनके पैतृक निवास पर भव्य श्रद्धांजलि समारोह आयोजित होगा, जिसमें जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों के बीच कंबल और गर्म वस्त्र वितरित किए जाएंगे तथा सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले लोगों और मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दिव्य सागर जी महाराज, मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मंगलेश कुमार श्रीवास्तव, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी तमकुहीराज आकांक्षा मिश्रा और नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल शामिल होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक भाजपा पंडित नन्द किशोर मिश्र करेंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और आयोजकों ने अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्यात्मा माता मैनावती देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करने और पुण्य के इस कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

# पूरी दुनिया के लिए रहमत बनकर आए मोहम्मद साहब : मौलाना रुहुल अमीन

- बंजारापट्टी में आयोजित हुआ गुलशने मदीना कांन्फ्रेस



अवधनामा संवाददाता

**कुशीनगर।** पडरौना विकास खण्ड क्षेत्र के बंजारा पट्टी में मदरसा अरबिया अहले सुन्नत गुलशने रजा के तत्वाधान में गुलशने मदीना कॉन्फ्रेंस आयोजित हुआ। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हाफिज फारूक निजामी के कुरान के तिलावत के साथ हुआ।

मध्य प्रदेश के जबलपुर से आए मौलाना डॉक्टर रुहुल अमीन ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद साहब सारी दुनिया के लिए रहमत बनकर आए। उन्होंने अमन और शांति का पैगाम दिया। हमें उनके बताए सदमार्ग पर ही चलकर कामयाबी मिलेगी। मौलाना सैयद हेदायतुल्लाह शमसी ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को दिन व दुनिया दोनों की तालीम देनी चाहिए जिससे कि दुनिया व आखिरत दोनों संवर जाए। मौलाना जुन्नूरैन कादरी ने गांव के मदरसे से पढ़कर हाफिज ए कुरान हुए 9 छात्रों के दस्तारबंदी पर मदरसा प्रबंध कमेटी की सराहना की। अध्यक्षता मौलाना अब्दुल शकूर ने की। संचालन मौलाना आलमगीर निजामी ने किया। अंत में हाफिज ए कुरान हुए हुए 9 छात्रों को मदरसा के तरफ से दस्तारबंदी हुई वह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आगंतुक सभी अतिथियों का आभार व स्वागत मौलाना फखरुद्दीन निजामी ने ज्ञापित किया। इस दौरान मौलाना हसमुद्दीन रजवी, हाफिज शोएब, मौलाना दरवेश आलम, जमालुदीन वारसी, रिजवान, लियाकत अली, मुदस्सिर, सिकंदर आजम, मजीद, अफजल, अजीमुल हक, नूर आलम, नफीस वकील, नूरलेन वारसी, अशफाक आलम, जावेद अख्तर, साकिब शेख, शाहरुख, नयाज अहमद आदि मौजूद रहें।

# बाबू लाल हत्याकांड के तीसरे आरोपी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** सेवरही थाना क्षेत्र के ग्रामसभा गौरी जगदीश के सिसवनिया टोले में विगत दिनों मारपीट में हुई बाबूलाल की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार को तीसरे आरोपी भृगुन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। सेवरही पुलिस ने आरोपी को बनरहा रेग्युलेटर चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

उक्त मामले के दो अभियुक्तों बाबूनंदन यादव और दिलीप यादव को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। बताते चलें कि सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गौरी जगदीश के सिसवनिया टोले में बीते शनिवार की रात बाबूलाल की पीटकर हत्या कर दी गई थी। सेवरही थाना क्षेत्र के गौरी जगदीश गांव के सिसवनिया टोले में हुई थी। इस मामले में सेवरही पुलिस ने सोमवार को हत्या के आरोपी बाबूनंदन यादव और दिलीप यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया था।

इस मामले में फरार चल रहे तीसरे आरोपी भृगुन यादव को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। सेवरही एसएचओ धीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि बाबूलाल हत्या के तीसरे आरोपी भृगुन यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहां कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर जिलाधिकारी ने दोहराया सहयोग का संकल्प

**देवरिया।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय दिव्यांग एकता मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने प्रतिभाग किया और दिव्यांगजन से संवाद किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनके अधिकारों व गरिमा की रक्षा करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा दिव्यांगजन के कल्याण, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। प्रशासन का प्रयास है कि इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे तथा किसी भी दिव्यांगजन को आवश्यक सुविधा से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि दिव्यांगजन के लिए सुगम वातावरण और समान अवसर उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। समाज के सभी वर्ग मिलकर संवेदनशीलता एवं सहयोग की भावना से आगे बढ़ें, तभी वास्तविक समावेश सुनिश्चित हो सकेगा।

# बुखार से एक और मासूम की मौत, लगातार हो रही मौतों से दहशत

- बुखार व उल्टी दस्त से अब तक चार मासूमों की हो चुकी मौत

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले में बच्चों की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रोआरी के टोला नरकटिया में बुधवार की सुबह सात वर्षीय सलोनी की उपचार के दौरान मेडिकल कालेज अस्पताल गोरखपुर में मौत हो गई। टोले में अगल-बगल के तीन अन्य बच्चे भी बुखार व उल्टी-दस्त की चपेट में हैं।

अनहोनी की आशंका को लेकर ग्रामीण सहमे हुए हैं। गांव पहुंची स्वास्थ्य टीम ने जांच के साथ उपचार शुरू कर दिया है। टीम के सदस्यों ने बताया कि मौत तेज बुखार व उल्टी दस्त के चलते हुई है। इससे पूर्व ढोलहा के गुलरिया में तीन बच्चों की लेप्टोस्पाइरोसिस से, पलक छपरा में एक की टीबी से तथा पिपरा खुर्द में दो की मौत हो चुकी है। पिपरा खुर्द में हुई मौत के कारण को लेकर बीमारी की जांच रिपोर्ट अभी आनी बाकी है।

बताया जा रहा है कि बीते शनिवार को भरत चौहान की सात वर्षीय पुत्री सलोनी को बुखार के साथ उल्टी शुरू हुई। स्वजन सीएचसी रामकोला ले गए। तीन घंटे उपचार के बाद डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दो दिन उपचार के बाद स्थिति ठीक न होने पर डाक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान बुधवार की सुबह तीन बजे मौत हो गई। शव गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। अचानक हुई बीमारी से मौत से गांव के लोगो में डर है। दस वर्षीय पुष्पा, आठ वर्षीय किंजल, चार वर्षीय सोमनाथ भी बुखार -उल्टी-दस्त की चपेट में हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ जीसान ने बताया कि गांव में स्वास्थ्य टीम भेजी गई है। बीमार बच्चों को उपचार मुहैया कराया जा रहा, जांच भी कराई जा रही है।

# बिजली बिल राहत योजना -157 कैम्पों में जमा हुई 1.14 करोड रु की धनराशि

- प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन कराएं, 25 फीसदी मूलधन पर छूट पाएं उपभोक्ता

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** बकाया विद्युत बिलों के बकाए के भुगतान में उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए राजस्व वसूली के लिए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की ओर से संचालित बिजली बिल राहत योजना के अन्तर्गत कैम्पों का आयोजन जारी है।दो दिन के भीतर जिले में तीन दिन में 157 कैम्प आयोजित हुए। एक करोड़ चौदह लाख सत्रह हजार रुपए की धनराशि जमा हुई है। बुधवार को कुल47कैम्प आयोजित किए गए। इन कैम्पों में 737रजिस्ट्रेशन हुए और 55.37लाख रु की धनराशि जमा हुई है।

नये अधीक्षण अभियंता इंजीनियर अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को कैम्पों के निरीक्षण और विभागीय बैठकों में बिताया। अधीक्षण अभियंता ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से पंजीकरण कराकर प्रथम चरण में ही योजना से लाभान्वित होने की अपील की है।

ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा की ओर से सभी विभागीय अभियंताओं को योजना को सफल बनाने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और अवर अभियंता कैम्पों के आयोजन में लगे हुए हैं। पहले दिन एक दिसंबर को कुल 62 कैम्प लगाए गए। अमेठी डिवीजन में 10, गौरीगंज में 29, जगदीशपुर में 9 और तिलोई में 14 कैम्प आयोजित किए गए। कुल 30.5 लाख रु की धनराशि जमा हुई, इसमें अमेठी में सबसे अधिक 8.25लाख रु जमा हुए हैं। जिले में बिजली बिल के बकायेदार उपभोक्ताओं की संख्या 155944 है। इन उपभोक्ताओं के 537.4439 करोड रु के बिजली बिल जमा होने हैं।

# केंद्र सरकार की डा अम्बेडकर ग्राम विकास योजना को बहन मायावती के अलावा किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री ने नहीं लागू किया : शमशेर बौद्ध

- भावलपुर में हुई बसपा की बैठक, 6 दिसम्बर को बाबा साहब डॉ अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाने की तैयारी

अवधनामा संवाददाता



**संग्रामपुर/अमेठी।** बुधवार को भावलपुर में बहुजन समाज पार्टी की बूथ कमेटियों की बैठक हुई। बैठक में बसपा समर्थकों से 6दिसम्बर को सामाजिक परिवर्तन स्थल लखनऊ पहुंचकर संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की गई। 15 जनवरी को बसपा सुप्रीमो मायावती का जन्म दिन आर्थिक सहयोग और जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

बैठक में विधानसभा प्रभारी शमशेर कुमार बौद्ध ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं को बहुजन समाज पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों के साथ सुश्री मायावती के चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 1990में केन्द्र सरकार ने डॉ अम्बेडकर ग्राम विकास योजना शुरू की थी और सभी राज्य सरकारों को इसे लागू करने का निर्देश दिया था परन्तु उत्तर प्रदेश में बहन मायावती जी की सरकार के अलावा आज तक कांग्रेस, भाजपा और अन्य दलों के शासित प्रदेशों में किसी भी सरकार ने इस योजना को लागू नहीं किया। डा अम्बेडकर ग्राम विकास योजना लागू करके बहन जी ने गांवों का कायाकल्प किया। भाजपा, कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दल जातिवादी और आरक्षण विरोधी हैं।बहन मायावती जी एक मात्र मास लीडर हैं जो बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के सपनों को साकार करने का काम कर रही हैं। बैठक का संचालन सेक्टर अध्यक्ष रमाशंकर ने किया। बृजलाल, रंगीला देवी, रीता,राजकुमारी, अमरावती, नीरज राव, राजकुमार, संतराम आदि मौजूद रहे।

# आजादी व विकास में डॉ राजेन्द्र प्रसाद व खुदीराम बोस की भूमिका पर चर्चा

**भाटपार रानी, देवरिया।** बुधवार की शाम भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के राजपुर गांव में देश के प्रथम राष्ट्रपति व स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती मनाई गई।इस दौरान दोनों सपूतों के जीवन आदर्शों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कवि व शायर मकसूद भोपतपुरी ने कहा कि 3 दिसम्बर 1884 को बिहार के सिवान के जीरादेई में जन्मे देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद व 3 दिसम्बर 1889 को पश्चिम बंगाल के मिदनापुर जिले के बहुवैनी गांव में जन्मे खुदीराम बोस ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बंगाल विभाजन का विरोध करने वाले भारतीयों को कठोर सजा देने वाले मुजफ्फरपुर के तत्कालीन सत्र न्यायाधीश किंग्जफोर्ड की क्रांतिकारी खुदीराम बोस ने अपने साथी प्रफुल्ल चाकी के साथ मिलकर हत्या कर दी। उसी के आरोप में उन्हें फांसी दे दी गई। वहीं डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा के अध्यक्ष सहित राष्ट्रपति जैसे महान पदों को सुशोभित करते हुए देश के विकास में बहुमूल्य योगदान दिया।

# उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का जनपदीय अधिवेशन संपन्न, अनिल कुमार अध्यक्ष और रवि प्रकाश सचिव चुने गए

- संघे शक्ति कलयुगे, कार्यक्रमों में संगठन की ताकत का हिस्सा जरूर बने डिप्लोमा इंजीनियर-इंजीनियर एच एन मिश्रा
- अधिवेशन में केवल लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग के अभियंता शामिल हुए, अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करके अवशेष कार्यकारिणी बनाएंगे नये अध्यक्ष और सचिव

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** लोक निर्माण विभाग के कार्यालय परिसर में मंगलवार को डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ का जनपदीय अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन के खुले सत्र में प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर एच एन मिश्रा ने अभियंताओं को संगठन की मजबूती में तन,मन ,धन से योगदान की अपील की और कहा कि महासंघ हमेशा अभियंताओं के हित के लिए संवेदनशील और संघर्षरत रहता है। अधिवेशन में केवल दो विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर शामिल हुए। अध्यक्ष और सचिव पद पर एकल नामांकन के चलते चुनाव अधिकारियों ने क्रमशः इंजीनियर अनिल कुमार को अध्यक्ष और इंजीनियर रवि प्रकाश को सचिव पद पद निर्विरोध घोषित किया।

प्रांतीय अध्यक्ष ने नव निर्वाचित अध्यक्ष और सचिव को सभी विभागों के डिप्लोमा इंजीनियरों से समन्वय स्थापित करके अन्य सभी पदों पर मनोनयन के लिए अधिकृत किया है।

उद्घाटन और खुले सत्र में निवर्तमान जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष, वित्त सचिव और चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

खुले सत्र में प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर एच एन मिश्रा ने संगठन की उपलब्धियों और चुनौतियों पर विस्तार से संवाद किया।संवाद के दौरान उन्होंने महासंघ के आवाह्न पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में समय से प्रतिभाग करने और संगठन की ताकत का हिस्सा बनने की अपील की।

सांगठनिक सत्र में इंजीनियर अनिल कुमार ने अध्यक्ष और इंजीनियर रवि प्रकाश ने सचिव पद के लिए नामांकन किया। अन्य पदों पर कोई नामांकन नहीं हुआ। चुनाव अधिकारियों ने दोनों अभियंताओं को क्रमशः अध्यक्ष और सचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

अधिवेशन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडल महामंत्री इंजीनियर अमित पाठक, वित्त सचिव प्रांतीय इंजीनियर श्रवण कुमार यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष इंजीनियर एस के मिश्रा, सचिव इंजीनियर विकास मिश्रा, प्रांतीय महामंत्री पेंशन - इंजीनियर ओ पी यादव, मंडल महामंत्री इंजीनियर हरिनाथ यादव, इंजीनियर दिलीप गंगवार, इंजीनियर फूल सिंह, इंजीनियर शीबा खानम आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट रोड एवं सर्किट हाउस निर्माण का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को निर्माणाधीन पलिया बाईपास पुल से सुभाष नगर के स्मार्ट रोड से जुड़ने वाली सर्विस रोड के प्रस्तावित निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्मार्ट रोड से चढ़ने और उतरने के लिए सर्विस रोड निर्माण की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई के साथ प्राथमिकता पर आगे बढ़ाया जाए।

उन्होंने स्मार्ट रोड पर सुरक्षा और यातायात सुगमता के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाने के भी निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी ने स्मार्ट रोड पर स्थापित लाइटिंग, फुटपाथ के किनारे बैठने की कुर्सियों की साफ-सफाई, मरम्मत एवं संपूर्ण रख-रखाव के कार्यों को आगामी 10 दिनों के अंदर पूर्ण कराकर हैण्डओवर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने लखनऊ-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के पास ग्राम सरायखास के समीप लगभग 22.23 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सर्किट हाउस परियोजना का विस्तृत निरीक्षण किया। यह सर्किट हाउस वीआईपी सुइट, डोरमेट्री, आधुनिक कॉन्फ्रेंस रूम और नवीनतम हाई-टेक सुविधाओं से युक्त होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कॉन्फ्रेंस रूम में उच्च गुणवत्ता वाली स्क्रीन, फर्नीचर, वाई-फाई तथा अन्य आधुनिक उपकरण लगाए जाएं, जिससे यह भवन अत्याधुनिक मानकों पर खरा उतर सके। उन्होंने बाउंड्री क्षेत्र में वामट्री के पौधे लगाने तथा वन विभाग द्वारा लगाए गए क्षतिग्रस्त पेड़ों को बदलने के निर्देश दिए। सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल पर वायर शिफ्टिंग कराए जाने के भी आदेश दिए गए। जिलाधिकारी ने हेलीपैड का निरीक्षण करते हुए नागरिक उड्डयन विभाग के मानकों के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हेलीपैड के आसपास किसी भी बड़े पेड़ का रोपण न किया जाए और क्षेत्र को पूर्ण रूप से खुला रखा जाए। इसके साथ ही नए पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से जुड़े सड़क प्रस्ताव को शीघ्र स्वीकृत कराने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि सर्किट हाउस का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, अधिशासी अभियंता महेंद्र पाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग दिवस पर समस्याओं को लेकर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर बुधवार को बल्दीराय तहसील क्षेत्र के दर्जनों दिव्यांगजन, अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील परिसर पहुंचे और उपजिलाधिकारी/मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। दिव्यांगजनों ने सरकार से पेंशन वृद्धि, आवास सुविधा, शादी अनुदान सहित कुल सात बिंदुओं पर ठोस कार्रवाई की मांग की। दिव्यांगजनों ने बताया कि वर्तमान में मिलने वाली पेंशन ,महंगाई के मुकाबले बहुत कम है । जिससे जीवन यापन में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई दिव्यांग ऐसे भी हैं जिन्हें अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। जबकि वे इसके लिए पात्र हैं। शादी अनुदान योजना में भी जटिल प्रक्रियाओं के कारण उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से दिव्यांग पेंशन को बढ़ाकर 3000 से 6000 प्रति माह किए जाने, पात्र दिव्यांगों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने, शादी अनुदान की राशि बढ़ाने व प्रक्रिया को सरल करने, मेडिकल प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों के सत्यापन में हो रही देरी को खत्म करने की मांग की गई। मजिस्ट्रेट ने दिव्यांगजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सभी मांगों को उच्चाधिकारियों तक भेजकर यथा संभव समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की।

## मथुरा सत्संग से लौटते श्रद्धालुओं की बस डिवाइडर से टकराई एक की मौत

**शाहजहांपुर।** जनपद में मथुरा से जय गुरुदेव सत्संग से लौटते समय श्रद्धालुओं से भरी एक बस डिवाइडर से टकरा गई। जिसके चलते हादसे में भगवती प्रसाद की मौत हो गई और चार लोग घायल हुए हैं बस में सवार श्रद्धालु मथुरा में सत्संग सुनकर लखीमपुर खीरी को लौट रहे थे श्रद्धालुओं की बस बुधवार तड़के शाहजहांपुर-जलालाबाद स्टेट हाईवे ददरौल मोड़ के पास डिवाइडर से जा टकराई। अचानक हुए इस हादसे ने नींद में बैठे यात्रियों के बीच चीखपुकार मच गयी। हादसा बुधवार सुबह पांच बजे हुआ, जिसमें लखीमपुर खीरी के चेलहुआ गांव निवासी भगवती प्रसाद मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार श्रद्धालु घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे की सीटों पर बैठे यात्री बुरी तरह पलट गए और बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही ददरौल चौकी पुलिस और कांट थाने की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्या के अनुसार दुर्घटना में चार श्रद्धालु हल्के रूप से घायल हुए हैं। मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# नानपारा मण्डी में स्थापित क्रय केन्द्रों का एसडीएम ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत जनपद में संचालित धान क्रय का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति नानपारा में खाद्य विभाग द्वारा स्थापित 05 धान क्रय केन्द्रों व 02 मक्का क्रय केन्द्रों का निरीक्षण निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती जौहरी द्वारा खरीद, स्टाक एवं बोरा रजिस्टर, क्रय एवं शिकायत पंजिका सहित अन्य अभिलेखों, कृषको को किये गये भुगतान, आनलाइन फीडिंग की स्थिति, क्रय तक पट्टी, टीसीडीसी/मूवमेंट चालान सहित कृषकों की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। क्रय केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने उपज की तौल करा रहे किसानों से क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओं, उपज की तौल में होने वाली असुविधाओं इत्यादि के बारे में जानकारी करने पर किसानों की ओर से कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में न आने पर संतोष व्यक्त करते हुए क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि कृषकों की उपज को शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार खरीदा जाये। क्रय केन्द्र पर आने वाले कृषकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। क्रय केन्द्रों के माध्यम से हो रही कम खरीद पर एसडीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए सम्बन्धित को निर्देश दिया कि कृषकों से समन्वय स्थापित कर लक्ष्य के अनुरूप खरीद सुनिश्चित करें। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों को यह भी निर्देश दिया कि क्रय किये गये धान खरीद को सुरक्षित ढंग से रखा भी जाय।

## भाजपा विधायक ने दिव्यांगों को बांटी ट्राई साइकिल

**शाहजहांपुर।** दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग की ओर से विश्व दिव्यांग दिवस पर बुधवार को उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्हें विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने दिव्यांग पेंशन को 300 रुपये से बढ़ाकर एक हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया। विधायक ने दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। विधायक ने 35 ट्राईसाइकिल, कान की मशीनें, बैसाखी, छड़ी समेत अन्य सहायक उपकरण बांटे। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज वाजपेयी ने कहा कि दिव्यांगता किसी भी स्थिति में अभिशाप नहीं है, बल्कि यह ईश्वरीय देन है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी संजय कुमार, बीडीओ अमित सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# ओलेक्स पर दोस्ती का जाल बिछाकर करते थे करोड़ों की ठगी

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** साधारण किराएदार बनकर घर में घुसते थे, भरोसा जीतते थे और फिर करोड़ों की ठगी कर रफूचक्कर हो जाते थे। साइबर अपराध की ऐसी ही सनसनीखेज वारदात का खुलासा सुल्तानपुर पुलिस ने किया है। पयागीपुर निवासी शैलेन्द्र सिंह की तहरीर पर एक माह पूर्व दर्ज मुकदमे में पुलिस ने बिहार से तीन आरोपियों को दबोचा है। ये ठग ओलेक्स पर ऐसे मकानों की तलाश करते थे जो किराये पर उपलब्ध हों। किराएदार बनकर पहले मकान लेते, फिर मासिक 7 हजार रुपये नियमित देकर मालिक का विश्वास जीतते। धीरे-धीरे नजदीकी बढ़ाकर बातचीत में शेयर मार्केट का लालच देते और मालिक के फोन से ही निवेश करने का ड्रामा रचते। पीड़ित शैलेन्द्र सिंह भेटुआ ब्लॉक में सरकारी शिक्षक हैं। उनका पयागीपुर स्थित मकान लेने के बाद ठगों ने दावा किया कि वे शेयर बाजार में विशेष रणनीति से तेजी से मोटा मुनाफा कमा सकते हैं। विश्वास की आड़ में उन्होंने शिक्षक का मोबाइल अपने कब्जे में लिया और इसी दौरान 7 लाख रुपये का लोन निकलवाकर पैसा अपने खातों में ट्रांसफर कर गायब हो गए। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि यह कोई पहली घटना नहीं थी। गैंग अब तक कई लोगों से करोड़ों रुपये ठग चुका है। इनमें से एक अभियुक्त ठगे गए पैसों को अपनी महिला मित्र पर जमकर उड़ाता था। एएसपी अखंड प्रताप सिंह के मुताबिक साइबर थाना पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार तीनों आरोपियों के कब्जे से लैपटॉप, नकदी, कई सिम कार्ड और जरूरी दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपियों का अपराध का पुराना रिकॉर्ड भी सामने आया है। एएसपी ने लोगों को चेताते हुए कहा कि किराएदारों की पूरी जांच पड़ताल करें, फोन और बैंक विवरण किसी को न दें।

# ईको अवेयरनेस सेंटर में संपन्न हुई हाथी मानव संघर्ष प्रबन्धन कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग एवं डब्लूडब्लूएफ के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को कतर्नियाघाट रेंज के ईको अवेयरनेस सेंटर में आयोजित हाथी मानव संघर्ष प्रबन्धन कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए डीएफओ कतर्नियाघाट सूरज ने कार्यक्रम में उपस्थित वन, पुलिस, कृषि विज्ञान, सिंचाई, विद्युत, पशुपालन, राजस्व व अन्य विभागों के प्रतिनिधियों का आहवान किया कि हाथी संरक्षण में सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी ग्रामवासियों को प्रदान करें जिससे उनके जीवन स्तर में बदलाव आये। डीएफओ ने कृषकों को सुझाव दिया कि फसलों में बदलाव करके हाथियों से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। डीएफओ द्वारा कृषकों को सुझाव दिया गया कि हल्दी उत्पादन के साथ साथ मधुमक्खी पालन एवं मशरूम उत्पादन से भी कृषक अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें इको विकास समितियों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि थारू बाहुल्य ग्राम बर्दिया की महिलाओं द्वारा तैयार किये गये हस्तशिल्प उत्पादों की बिक्री हेतु कतर्नियाघाट पर्यटन केन्द्र में स्टाल आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास विभाग से समन्वय कर क्षेत्र की अन्य इच्छुक महिलाओं को प्रशिक्षण एवं हस्तशिल्प उत्पादन में सहयोग प्रदान किया जायेगा ताकि महिलाएं स्वावलम्बी बन सकें। बैराज पर जलीय जीवों की निगरानी तथा रेस्क्यू में सहयोग देने तथा वन क्षेत्र के समीप गांवों में मवेशियों के टीकाकरण तथा पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम में सहयोग देने हेतु सिंचाई एवं पशुपालन विभाग द्वारा दिये जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए युवाओं को पशुपालन व्यवसाय से जोड़ने की अपेक्षा की। विद्युत विभाग से अपेक्षा की गई कि वन क्षेत्रों तथा हाथी कारीडोर क्षेत्र में ढीले तारों दुरूस्त करा दिया जाये ताकि जंगली हाथियों को विद्युत तारों के कारण होने वाली घटना की संभावना को नगण्य किया जा सके। ग्राम प्रधानों का आहवान किया गया कि पर्यावरणीय गतिविधियों और मानव वन्यजीव संघर्ष कम करने वाले गतिविधियों को कार्ययोजना में शामिल करें। डीएमओ ने मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में सहयोग के लिए पुलिस व ग्राम प्रधानों की सराहना की तथा गज़मित्रों को सहयोग देने हेतु डब्लूडब्लूएफ व न्यूज़ संस्था के प्रयासों को सराहा।

कार्यशाला में डब्लूडब्लूएफ की आस्था वर्मा द्वारा हल्दी की उन्नति खेती के बारे में प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया। जबकि डब्लूडब्लूएफ के नासित अली ने हाथियों के डीएनए प्रोफाइलिंग और वनस्पति सर्वेक्षण, कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार द्वारा आय में वृद्धि करने वाली तथा वन्यजीवों को आकर्षित न करने वाली फसलों तथा कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। पुलिस क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युम्न सिंह ने मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं में सहयोग देने तथा सिंचाई खण्ड शारदानगर की उप खण्ड अधिकारी जुथिका नायक ने जलीय जीवों के संरक्षण एवं रेस्क्यू में हर संभव सहयोग करने की बात कही।

## मजिस्ट्रीयल जांच हेतु जांच अधिकारी नामित

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जेल अधीक्षक, जिला कारागार, फिरोजाबाद के माध्यम से सिद्धदोष बन्दी अर्जुन सिंह पुत्र करन सिंह निवासी बछगॉव थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को एस0एन0 मेडिकल कालेज, आगरा में हुई मृत्यु के कारणों की मजिस्ट्रीयल जाँच कराये जाने हेतु बी0एन0एस0 की धारा 196 में निहित प्राविधानों के अनुसार किसी कार्यकारी मजिस्ट्रेट को नामित किये जाने का अनुरोध किया गया है। प्रश्नगत घटना की मजिस्ट्रीयल जाँच कराये जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद द्वारा आदेश के माध्यम से उनको जाँच अधिकारी नामित किया जाता है।

## सोलर चर्खे की सूची जिला ग्रामोद्योग को सुनिश्चित करें

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** समस्त खादी संस्थाओं को सूचित किया जाता है, कि उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सतत् स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत सोलर चर्खा प्रशिक्षण एवं वितरण योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में चयनित कत्तिनों का सोलर बेस्ड न्यू मॉडल चर्खा वितरित किये जाने के हेतु शासन द्वारा निर्देश प्राप्त हुए है। जिनका चयन शासन द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से किया जाना है। खादी की समस्त संस्थाऐ जो एम0डी0ए0 खादी बोर्ड द्वारा प्राप्त करते है वही संस्थाएँ सोलर चर्खे की सूची मय कत्तिनों राहित 08.12.2025 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे सूची ससमय मुख्यालय प्रेषित की जा सकें।

# सपनों की उड़ान को वास्तविक स्वरूप देंगे कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** राजकीय हाई स्कूल बसई मुहम्मदपुर फिरोजाबाद में कैरियर मेला का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि आदरणीय जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेंद्र कुमार एवं विशिष्ट अतिथि जिला सेवा योजनाधिकारी फिरोजाबाद, जिला समन्वयक सोनवीर सिंह, ग्राम प्रधान श्रीमती निहारिका, शाखा प्रबंधक केनरा बैंक रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक अनुरागी ने आए हुए समस्त अतिथियों का स्वागत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार द्वारा के द्वारा कैरियर हब का भी उद्घाटन किया गया। कैरियर हब को देखकर जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला समन्वयक ने खूब सराहना की। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम अब सपनों की उड़ान को वास्तविक धरातल प्रदान करेंगे। उन्होंने फ्लेमिंग अलेक्जेंडर की कहानी सुना कर भी बच्चों को प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक अनुरागी ने अपने संबोधन में कहा इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रम से बच्चों में नवाचार का बढ़ावा मिलेगा। पंख पोर्टल के जिला नोडल अधिकारी राज कपूर प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल स्कूल नारखी, डॉ सुधीर कुमार प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसराना, श्रीमती रंजना सहाय प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल करहरा का मार्गदर्शन बच्चों के लिए प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, समाज सेवी एवं विधि विभाग के लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन किशनवीर सिंह द्वारा किया गया। विद्यालय के स्टाफ अश्विनी कुमार, राम प्रताप, पीयूष एवं ऋतु सिंह द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया गया।

# बांदा में टीका उत्सव का शुभारम्भ, छूटे हुए सभी बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** चित्रकूट धाम मण्डल के संयुक्त निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डा0 अभय कुमार सिंह द्वारा बुधवार को पी0पी0सी0 बांदा में माह दिसम्बर 2025 के टीका उत्सव का शुभारम्भ किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 विजेन्द्र सिंह ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार पूरे माह दिसंबर को टीका उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक बुधवार और शनिवार को आयोजित नियमित टीकाकरण सत्रों में ड्यू बच्चों के साथ-साथ अब तक छूटे हुए सभी बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। पेंटा-1, एम0आर0-1, एम0आर0-2 सहित अन्य आवश्यक टीकों से वंचित बच्चों को चिन्हित कर टीके लगाए जाएंगे। सभी ब्लॉकों में लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0 विजय शंकर केसरवानी ने बताया कि टीका उत्सव के दौरान जनपद में पेंटा-1 का कुल लक्ष्य 43673 है, जिनमें 19330 बच्चे अब तक टीकाकरण से छूटे हुए हैं। एम0आर0-1 का लक्ष्य भी 43673 है, जिसमें 15050 बच्चे छूटे हैं। इसी प्रकार एम0आर0-2 का लक्ष्य 41672 है, जिनमें 18610 बच्चे टीका नहीं लगवा सके हैं। सभी छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में टीकाकरण से वंचित बच्चों की विशेष सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। सत्र से एक दिन पूर्व बुलावा पर्ची भेजी जाएगी और सत्र दिवस पर बच्चों को टीकाकरण स्थल पर लाकर टीके लगाए जाएंगे। इसके साथ ही महिला आरोग्य समिति की बैठकों के माध्यम से माताओं और अभिभावकों को पूर्ण टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान डा0 अजय कुमार, डा0 आर0एन0 प्रसाद (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी), डा0 मुकेश पहाड़ी (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी), डा0 वर्षा नायर (एसएमओ, WHO), डा0 चारू गौतम, डा0 नीरज गौतम, ए0आर0ओ0 श्रीमती राधा शर्मा, वी0सी0सी0एम0 यूएनडीपी के श्री रोहित कुमार सिंह, जिला समन्वयक जे0एस0आई0 श्री संदीप पराशर सहित कई विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

टीका उत्सव के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जनपद में कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।

## अवैध तमंचा एवं जिन्दा कारतूस सहित एक गिरफ्तार



**फिरोजाबाद (अवधनामा संवाददाता)** थाना पचोखरा पुलिस टीम ने 1 अभियुक्त को 1 अवैध तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षम में एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा देखरेख शांति व्यवस्था रोकथाम जुर्म, चैकिंग संदिग्ध वाहन-व्यक्ति के दौरान मुखबिर खास की सुचना पर कोटकी माइनर तिराहे के पास से चैकिंग के दौरान अभियुक्त अमित कुमार पुत्र कप्तान सिंह निवासी ग्राम नगला अमान थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को 1 अवैध तमंचा व 1 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पचोखरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 232/2025 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अमित कुमार तोमर थानाध्यक्ष, उ0नि0 घनश्याम सिंह, उ0नि0 पुनीत कुमार, है0कां0 414 राजीव कुमार, कां0 1551 विष्णु सिंह थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## यातायात पुलिस ने 965 चालान व 13 वाहन किए सीज

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल नेतृत्व में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संदिग्ध बाइकों, बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म लगे वाहनों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस टीम द्वारा की गई चेकिंग में कुल 965 वाहन चालकों का चालान किया गया तथा 13 वाहन सीज किए गए।

# बांदा में वर्ष 2026 में होगी बागेश्वर धाम की भव्य हनुमंत कथा

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** बुंदेलखंड की पावन धरती अगले वर्ष एक ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम) की पांच दिवसीय हनुमंत कथा का भव्य आयोजन 16 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक पंडित जे.एन. डिग्री कॉलेज ग्राउंड, बांदा में आयोजित किया जाएगा।

इस आयोजन को लेकर पूरे जिले और बुंदेलखंड क्षेत्र में भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन स्थल पर विशाल पंडाल, मंच, सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था, प्रसाद वितरण और श्रद्धालुओं के बैठने की विशेष तैयारियां आरम्भ कर दी गई हैं।

**बाबा बागेश्वर धाम के बारे में—** पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, जिन्हें बाबा बागेश्वर धाम सरकार के नाम से जाना जाता है, मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले स्थित प्रसिद्ध बागेश्वर धाम पीठ के पीठाधीश्वर हैं।

वे अपने कथा वाचन, आध्यात्मिक प्रवचनों और 'दरबार' में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रसिद्ध हैं। बागेश्वर धाम देश-विदेश में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन चुका है। बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा रामायण, भागवत, हनुमंत कथा जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

**आयोजन की तैयारियाँ —** बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के प्रबंधक प्रवीण सिंह और संरक्षक दिलीप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप में होगा। उन्होंने कहा कि– विशाल पंडाल, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, स्टेज निर्माण, प्रसाद वितरण, श्रद्धालुओं के बैठने और विश्राम की सुविधा, जैसी व्यवस्थाएँ बड़े स्तर पर की जा रही हैं। अनुमान है कि इस कथा में हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। कई धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने आयोजन में सहयोग देने की इच्छा जताई है। बांदा में इस बड़े धार्मिक आयोजन को लेकर भक्तों में खुशी, श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# अनुपस्थित स्टाफ का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** जिलाधिकारी जे. रीभा ने सोमवार, 03 नवम्बर 2025 को प्रातः 09:00 बजे जिला चिकित्सालय (महिला), बांदा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पी0एन0सी0 वार्ड, एस0एन0सी0यू0 वार्ड, लेबर रूम एवं ओ0पी0डी0 का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पी0एन0सी0 वार्ड में नवप्रसूताओं की केस शीट उपलब्ध न मिलने तथा स्टाफ नर्स के अनुपस्थित मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित स्टाफ नर्स का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान 06 डॉक्टर, 02 लैब टेक्नीशियन एवं 08 अन्य कर्मचारी भी अनुपस्थित पाए गए, जिन सभी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी ने जारी किए। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि मेडिकल स्टाफ का ड्यूटी चार्ट तैयार कर उसे डिस्प्ले बोर्ड पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रसव उपरांत नवप्रसूताओं को कम से कम 48 घंटे अस्पताल की मेडिकल देखरेख में रखा जाए, जिससे माँ और नवजात दोनों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में बेहतर व्यवस्था और अनुशासन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया तथा स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही को अस्वीकार्य बताया

## सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी राहुल यादव कक्षा 10 का अंक पत्र गम हो गया है जिसका अनुक्रमांक 0 1747445 है, किसी सज्जन को मिले तो, घनानंद इंटर कॉलेज सुल्तान गंज मैनपुरी को सूचना दें।

## कोर्ट नोटिस

इत्तलानामा हस्ब दफा 11 एक्ट 8 सन 1890। बअदालत परिवार न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संश 69 सन 2025 मतलूब अली पुत्र मकसूद उम्र 43 वर्ष निवासी बादशाह नगर कालोनी, नयागांव मल्हीपुर रोड सहारनपुर। हाल निवासी ग्राम खटकाहेडी डा0 व तहसील रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर (आवेदक)....बनाम ...आम जनता (विपक्षी) इत्तिला दी जाती है कि दरख्वास्त बगरज तकरूर वली अलीना सायल मजकूर ने गुजरानी है लिहाजा यह इत्तिला नामा बमुराद इजहार उजरदारान और दर पेशी मुकदमे बताअययून तारीख 22 माह 12 सन 2025 जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निसबत दरख्वास्त के उजर हो तो अन्दर मियाद मुकर्रर मजकूर असालतन या वकालतन 10 बजे सुबह के अदालत प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सहारनपुर में हाजिर होकर अपना उजर पेश करे, करावे, दरसूरत इंकजाए मियाद मजकूर सिर्फ उजर किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निसब दरख्वास्त के सादिर होगा आज दिनांक 2.12.2025 को हस्ता0 मेरे व मोहर अदालत से जारी।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी प्रधान न्यायाधीश परिवार न्याया. सहारनपुर।**

## आम सूचना

अजीम अहमद पुत्र स्व.अमीर अहमद निवासी चाद कालोनी,पीर वाली गली, गली न.16/22. थाना मंडी सहारनपुर ने सभी को सूचित किया है कि विपक्षीगण उसकी पत्नी 1- श्रीमती समरीन पत्नी अजीम अहमद पुत्री जहूर अहमद व सास 2-श्रीमती रशीदा पत्नी जहूर अहमद 3.फैसल 4.जहूर अहमद (ससुर) निवासीगण खोखो के पास, प्राईमरी स्कूल,खाता खेडी थाना मंडी सहारनपुर ने उसका जीना हराम कर दिया है अज़ीम ने बताया कि दिनांक 10-11-2023 को श्रीमती समरीन पुत्री श्री जहूर अहमद निवासी उक्त के साथ मेरा निकाह सम्पन्न हुआ था, परन्तु निकाह के एक माह बाद ही मेरी पत्नी श्रीमती समरीन बार 2 अपने घर का बहाना घर से निकल जाती थी और जब मैं उसके घर पहुंचता था तो उसके घरवाले मुझे ये कहकर भगा देते थे, कि हमारी बेटी रहने के लिये आई है और जब ये चाहेगी अपनी ससुराल खुद आ जायेगी आप बार बार इसे अपने घर ले जाने के लिये परेशान ना किया करो। में तीन बार अपनी पत्नी को मनाने के लिये व घर लाने के लिये उसके घर गया तो उसके पिता जहूर अहमद, उसकी माता श्रीमती रशीदा ने कहा कि मेरी बेटी मेरे घर रहेगी और तो हर सप्ताह 2 हज़ार खर्च यहीं देगा अगर नहीं देगा तो तुझे और तेरे परिवार और रिश्तेदारों का जीवन बर्बाद कर देंगें। आज तक 4 बार उक्त विपक्षी मुझे पुलिस में पकड़वा चुके हैं अतः में पत्नी और ससुराल के अत्याचार से तंग आकर उनसे कुल संबंध विच्छेद कर पत्नी को कुल उमुरात से बे दख़ल कर रहा हूं भविष्य में उसके कृत्य हेतु में या परिवार ज़िम्मेदार ना होंगा।

# एसएमजीआई में फार्मेसी रिसर्च में एआई पर नेशनल सेमिनार

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सर मदनलाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ फ़ार्मेसी द्वारा फार्मास्यूटिकल शिक्षा, उद्योग और शोध में कृत्रिम बुद्धिमत्ताः वर्तमान रुझान और भविष्य की दिशा पर नेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के प्रमुख संस्थानों से आए प्रोफेसरों, वैज्ञानिकों, शिक्षकों, छात्रों तथा उद्योग विशेषज्ञों ने सहभागिता की। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया एवं सम्मानस्वरूप स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। इसके उपरांत स्मारिका का विमोचन भी किया गया। मुख्य वक्ताओं में डॉ.हरलोकश नारायण यादव, ऐडिशनल प्रोफेसर, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली, डॉ. संजीव यादव, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, सीएसआईआर सीडीआरआई लखनऊ; और डॉ.आकाश वेद, सेंट्रल काउंसिल मेंबर फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली, हेड फ़ैकल्टी ऑफ़ फ़ार्मेसी एवं एसोसिएट डीन एकेटीयू लखनऊ ने अपने उपयोगी विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय सेमिनार में आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस की भूमिका, उससे जुड़ी चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। कीनोट स्पीकर के रूप में डॉ. हरलोकश नारायण यादव ने हृदय विफलता में विटामिन डी की भूमिका पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने वीडियो, ग्राफ़ और वैज्ञानिक आँकड़ों के माध्यम से विटामिन डी के महत्व को स्पष्ट करते हुए शोध आधारित जानकारी प्रस्तुत की। डॉ.आकाश वेद ने फ़ार्मेसी शिक्षा में एआई के बढ़ते उपयोग, उससे उत्पन्न चुनौतियों और फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किए जा रहे पाठ्यक्रम संशोधनों के बारे में



महत्वपूर्ण चर्चा की। डॉ.संजीव यादव ने उद्योग एवं अनुसंधान में फ़ार्मासिस्टों की बदलती भूमिका, नई तकनीकों और भविष्य के उभरते अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने एआई विषय पर हुए राष्ट्रीय सेमिनार की सफलता पर संस्थान के सभी स्टाफ को बधाई दीं। पोस्टर प्रस्तुति सत्र का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायकों डॉ.लोकेश भारद्वाज, प्रिंसिपल, प्रेम रघु फ़ार्मेसी कॉलेज हाथरस, डॉ.त्रिभुवन सिंह, डीन, फ़ैकल्टी ऑफ़ फ़ार्मेसी, एफएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद और डॉ.विनोद रजक, प्रिंसिपल, आरबी कॉलेज ऑफ़ फ़ार्मेसी द्वारा किया गया। विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान सीएसआईआर सीडीआरआई लखनऊ के अनिकेत यादव, द्वितीय स्थान फार्मेसी संकाय यूपीयूएमएस सैफ़ई की मोहिनी और तृतीय स्थान आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद की दीपाली सिंह ने प्राप्त किया। विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाणपत्र भेंट किए गए। अंत में निदेशक डॉ.यू.एस.शर्मा ने अपने संबोधन में सेमिनार की प्रासंगिकता, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के महत्व और बदलती तकनीक के युग में फ़ार्मासिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का संस्थान की ओर से हार्दिक स्वागत किया और आयोजन समिति के समर्पण की प्रशंसा की। संस्थान के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने सम्मेलन में उपस्थित सभी मुख्य वक्ताओं, आमंत्रित अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों तथा पोस्टर विजेताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन समिति की मेहनत, टीमवर्क और उत्कृष्ट आयोजन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह नेशनल सेमिनार संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और गुणवत्ता का प्रतीक है। कार्यक्रम का संचालन पारिका ठाकुर, एसोसिएट प्रोफेसर, फ़ार्मेसी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# बच्चों संग लर्निंग फिजिक्स विद नेचर पर किया सेमिनार

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** आईआईटी कानपुर के सुविख्यात पूर्व प्रोफेसर एवं प्रसिद्ध पुस्तक कॉन्सेप्ट ऑफ फिजिक्स÷ के जाने माने लेखक भौतिकविद पद्मश्री प्रो.एच सी वर्मा ने संत विवेकानन्द सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में बच्चों संग विज्ञान सत्र में विशेष सेमिनार किया। स्कूल आगमन पर विद्यालय परिवार की ओर से प्रिंसिपल/निदेशक डॉक्टर आनंद ने पुष्प गुच्छ देकर प्रो वर्मा एवं उनके सहयोगी रहे डॉ ब्रजेश दीक्षित एवं अमित कुमार बाजपेई का स्वागत किया। इस मौके पर सेमिनार हॉल में प्रोफेसर वर्मा की अगुवाई में नेशनल अन्वेषिका स्किल टेस्ट का आयोजन किया गया! इस एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग स्किल टेस्ट में संस्था के कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



सेमिनार हॉल में प्रो वर्मा ने बच्चों के साथ अपने विशेष कार्यक्रम लर्निंग फिजिक्स विद नेचर के साथ फिजिक्स के नियमों से जुड़े कई एक्सपेरिमेंटल वीडियो साझा करते हुए उन पर बच्चों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुख्य रूप से छात्रों को नंबरों के बजाय कौशल विकसित करने और गहरी समझ पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य निदेशक डॉक्टर आनंद ने सेमिनार में आए हुए मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहां कि यह हमारा और विद्यालय परिवार का सौभाग्य है कि एच सी वर्मा सर ने आकर हम सबको आशीर्वाद दिया है। श्री आनंद ने यह भी कहां कि जिस तरह विज्ञान को रोचक बनाने और शिक्षा प्रणाली में सोच को बढ़ावा देने पर पद्म श्री एच सी वर्मा सर का योगदान रहा है उसके लिए संत विवेकानन्द विद्यालय परिवार उनका नमन करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉर्डिनेटर पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, हिमांशु सेंगर, अभिषेक वार्ष्णेय, शैलेंद्र राजावत, अजय कांत सक्सेना, विजय तिवारी का प्रमुख योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन चित्रा परिहार ने किया।

## जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** मेरा युवा भारत हमीरपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा में किया गया। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन और दौड़ जैसी स्पर्धाओं में बालक-बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका 100 मीटर दौड़ में अंशिका प्रथम, शिवानी द्वितीय और साक्षी तृतीय रहीं। खो-खो में सुष्मिता 9 स्टार हमीरपुर विजेता तथा विवेकानंद टीम धगवा सरीला उपविजेता रही। कबड्डी में कुरारा टीम प्रथम तथा मुस्करा टीम द्वितीय रही। बैडमिंटन बालिका वर्ग में दुर्गा और आंशिका ने स्थान प्राप्त किया जबकि बालक वर्ग में सुमित और प्रमोद चयनित हुए। दौड़ बालक वर्ग में प्रभात प्रथम, हर्षित द्वितीय तथा शनि तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम संचालन में निर्णायक प्रीति, युवराज, निर्भय, विनोद, प्रकाश और प्रमोद शामिल रहे। प्रतियोगिता में मेरा युवा भारत से मानसिंह, चंद्रकेतु तथा बुंदेलखंड वेलफेयर सोसाइटी के दीपचंद्र उपस्थित रहे।

## डा. राजेन्द्र प्रसाद और खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि

**सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** वर्णिता संस्था द्वारा 'विमर्श विविधा' कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और युवा क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती मनाई गई। संस्था द्वारा दोनों महान हस्तियों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और देश के पहले राष्ट्रपति थे। वहीं, 18 वर्ष की आयु में फाँसी पाये क्रांतिकारी खुदीराम बोस के बलिदान को भी याद किया गया। कार्यक्रम में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध घायल

**सुमेरपुर (अवधनामा संवाददाता)** कस्बे से स्कूटी पर गांव जा रहे रैपुरा निवासी लल्लू प्रसाद दीक्षित बांदा मार्ग पर नरहे बाबा के पास ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।राहगीरों की मदद से उन्हें एंबुलेंस द्वारा पीएचसी पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मौदहा में पंचायत सचिवों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश सहित अन्य समस्याओं को लेकर पंचायत सचिवों का धरना बुधवार को तीसरे दिन भी विकासखंड कार्यालय में जारी रहा। सचिवों ने प्रशासन के खिलाफ काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। सचिवों का कहना है कि कई के पास 3 से 7 ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार है, ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति अव्यवहारिक है। इनकी मांग है कि शासनादेश को वापस लिया जाए। आंदोलन में अनेक सचिव शामिल रहे।

## स्काउट्स छात्रों का कॉलेज में सम्मान



**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स डायमंड जुबली 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी, लखनऊ में प्रतिभाग करने वाले रहमानिया इंटर कॉलेज के स्काउट्स छात्रों का सम्मान किया गया। जम्बूरी के समापन अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रतिभागियों को संबोधित कर सम्मानित किया था। विद्यार्थियों की वापसी पर कॉलेज में प्रधानाचार्य ने स्काउट्स टीम का स्वागत और सम्मान किया।

## प्रदेश सरकार न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को प्रतिबद्ध

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** प्रदेश सरकार ने न्याय व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में ई-कोर्ट, साइबर लॉ और एडीआर जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश में एकीकृत कोर्ट परिसर, आधुनिक प्रशिक्षण कक्षाओं, डिजिटल डिपोजिशन राइटर, फास्ट ट्रैक कोर्ट एवं पॉक्सो अदालतों की संख्या बढ़ाने जैसे कदम उठाए गए हैं। आईसीजेएस प्रणाली के तहत ई-कोर्ट, ई-पुलिसिंग, ई-फॉरेंसिक आदि को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, जिससे न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी।

## ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त कराने हेतु संवेदीकरण बैठक

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद की सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से सीएमओ सभागार में संवेदीकरण बैठक आयोजित की गई। क्षय रोग अधिकारी द्वारा उपचार, बचाव, जाँच और कार्यक्रम के लक्ष्यों की जानकारी दी गई। WHO सलाहकार ने इंडिकेटर और रणनीतियों की जानकारी देते हुए सहयोग की अपील की।

# दिव्यांगजन दिवस पर सहायक उपकरणों का वितरण



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए अपने समावेशी सीएसआर कार्यक्रम के तहत, एनटीपीसी विन्ध्याचल ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सिंगरौली ज़िले के लाभार्थियों को सहायक सामग्री वितरित की। वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विन्ध्याचल) उपस्थित रहे। साथ ही ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) एवं देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तीन ट्रायसाइकल, दो हियरिंग एड एवं एक कृत्रिम अंग लाभार्थियों को प्रदान किए गए, जो एनटीपीसी की गरिमा, सुगम्यता एवं सक्षम जीवन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस पहल का संचालन एचआर एवं सीएसआर टीमों द्वारा किया गया। इस दौरान मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), कुंदन किशोर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), महताब आलम, उप महाप्रबंधक (सीएसआर एंड आर एंड आर) एवं नीरज कुमार झा, वरिष्ठ सहायक अधिकारी (मानव संसाधन) उपस्थित रहे।

# 13 वीं अंतर्राष्ट्रीय साइंस कांग्रेस में डॉक्टर शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित कृषि अभियंत्रण संकाय के अधिष्ठाता डॉ.एन के शर्मा को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद में डॉक्टर विजेंद्र सिंह, कुलपति की अध्यक्षता में 8 और 9 दिसंबर में आयोजित 13 वीं अंतर्राष्ट्रीय साइंस कांग्रेस 2025 में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस कांग्रेस में देश-विदेश से लगभग 300 वैज्ञानिक एवं शोधार्थियों के प्रतिभाग करने की संभावना है आईएससी 2025 की विस्तृत जानकारी isca.net .co पर उपलब्ध है। डॉक्टर शर्मा 8 दिसंबर को आयोजित प्लेनरी सेशन में इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। डॉक्टर शर्मा एक शिक्षाविद होने के साथ-साथ एक



कुशल प्रशासक भी है उनके नेतृत्व में इस वर्ष 2025-26 में इटावा परिसर के 151 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त किया है। इस हरे भरे परिसर में छात्र-छात्राएं नियमित खेल एवं योग, मेडिटेशन से अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रहे हैं इस महाविद्यालय की निरंतर प्रयासों से हो रहे बदलाव से महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर व्याप्त है एवं छात्रों की संख्या बढ़ने से अधिकारियों एवं कर्मचारी ने भी नई ऊर्जा के साथ काम करने की क्षमता में विस्तार किया है।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता संपन्न



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** चकवा खुर्द स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बालिकाओं की मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने रचनात्मकता और सौंदर्य-बोध का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कनिष्का ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाज़ी मारी, जबकि लक्ष्मी द्वितीय स्थान की विजेता रहीं। दोनों छात्राओं की मेहंदी डिजाइन को प्रतिभागियों और शिक्षकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका शिक्षिका शिल्पी और मिथिलेश ने निभाई। विद्यालय परिवार ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में ऐसे आयोजन नियमित रूप से होते रहते हैं, जिनका उद्देश्य छात्राओं की कला, आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को बढ़ावा देना है।

## जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय में बुधवार को नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी(पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

## युवक ने दरोगा पर रुपये, चैन और मोबाइल छीनने का आरोप लगाया

**मौदहा (अवधनामा संवाददाता)** कम्हरिया गांव के युवक मोहम्मद शाहिद ने दरोगा दिशांत खोखर पर तलाशी के नाम पर 15 हजार रुपये, मोबाइल और चांदी की चैन छीनने का गंभीर आरोप लगाया है। युवक के अनुसार उसे हवालात में बंद कर अगले दिन बीएनएसएस की धाराओं 126, 135, 170 में चालान कर दिया गया। जमानत के बाद सामान मांगने पर कथित रूप से धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। युवक ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से जांच कराकर सामान वापस दिलाने और सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की है। मामले में अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर जिला कारागार में जागरूकता शिविर

**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बंदियों को कानूनी सहायता, जमानत, पैरोल और सजा में छूट की जानकारी दी गई। दिव्यांग बंदियों के परिजनों को पेंशन, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। प्राधिकरण द्वारा दिव्यांगजन के लिए विशेष सहायता शिविर आयोजित करने की घोषणा की गई।

# न्याय के लिए दर-दर भटक रही गरीब परिवार की महिला

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद।** शासन के निर्देशानुसार एक तरफ जहां जनपदीय पुलिस मिशन शक्ति के तहत अभियान चलाकर महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही उन्हें अपराध के खिलाफ आवांद उठाने के लिए प्रेरित कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ एक गरीब परिवार की महिला अपनी शिकायत लेकर करीब 18 दिनों से दर-दर भटने को मजबूर है। सदर कोतवाली में सुनवाई न होने के बाद पीड़ित महिला जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र लेकर पर न्याय की गुहार लगायी, बावजूद इसके उसे अब तक न्याय नहीं मिल सका है। पीड़ित महिला का आरोप है कि मामले में कार्रवाई करने के बजाए सदर कोतवाली पुलिस उसके उपर ही दोषी प्रधानाचार्य से सुलह-समझौता कराने का दबाव बना रही है। विरोध करने पर उसे तरह-तरह की धमकियां दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के जयपुरिया स्कूल में बीते 14 नवंबर को बकाया फीस को लेकर उसके पुत्र की प्रधानाचार्य ने बेरहमी से पिटाई कर उसे स्कूल से निकाल दिया था। आरोप है कि प्रधानाचार्य की पिटाई से घायल उसका पुत्र स्कूल में बेहोश हो गया था। उसके पीठ पर चोट के निशान थे। घटना की जानकारी होने के बाद वह अपने पुत्र को साथ लेकर सदर कोतवाली पहुंची। यहां वह आरोपी प्रधानाचार्य के खिलाफ तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की, लेकिन सदर कोतवाल ने कार्रवाई करने के बजाए टाल-मटोल करने लगे। सदर कोतवाल की वजह से यह मामला करीब दस दिनों तक दबा रहा। इसी बीच घटना की जानकारी होने के बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्कूल गेट पर पहुंच कर आरोपी प्रधानाचार्य व प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग किया, तब जाकर मामला उजागर हुआ। प्रदर्शन के बाद अगले दिन सदर कोतवाली पुलिस स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज को खंगालने पहुंची तो प्रधानाचार्य ने बहानेबाजी करते हुए अगले दिन फूटेज दिखाने की बात कहीं। प्रधानाचार्य की बात को सुनने के बाद पुलिस वैरंग वापस लौट गई। बाद अगले दिन फिर पुलिस स्कूल पहुंची तो प्रधानाचार्य ने साफ शब्दों में यह कहते हुए फूटेज दिखाने से साफ मना कर दिया कि स्टोरेज कम होने के कारण सिर्फ एक सप्ताह का ही फूटेज मिल सकता है। महिला ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानाचार्य ने उसके पुत्र की सरेआर बेरहमी से पिटाई किया था, जिसकी वजह से उसका पुत्र बेहोश हो गया था। प्रधानाचार्य को बचाने में पुलिस जी-जान से जूटी है। कहा कि यदि प्रधानाचार्य दोषी नहीं हैं तो क्यों नहीं उसे फूटेज दिखाया जा रहा है। उधर मामले में सदर कोतवाल ने बताया कि प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकारी के द्वारा की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूली बच्चों को नि:शुल्क जूते प्रदान किए

**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत स्थानीय परिक्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्य किए जाते रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को एनसीएल की सीडब्ल्यूएस इकाई द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत शासकीय प्राथमिक पाठशाला, गोलाई बस्ती, जयन्त, शासकीय प्राथमिक पाठशाला, सेन्ट्रल वर्कशॉप और शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, मुड़वानी, जयंत में विद्यार्थियों को नि÷ शुल्क जूतों का वितरण किया गया।

एनसीएल सीडबल्यूएस द्वारा यह कार्य बढ़ती ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए किया गया। इस दौरान लगभग 207 विद्यार्थियों ने वितरण का लाभ उठाया। इस अवसर पर परियोजना से नोडल अधिकारी (सीएसआर) एवं स्कूल के प्राचार्य तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत स्थानीय परिक्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, पेय जल व आधारभूत ढांचे के निर्माण जैसे अनेक कार्य कर रही है।

# कफ सीरप तस्करी के मास्टरमाइंड को जनपदीय पुलिस ने कोलकाता से ट्रांजिट रिमांड पर लाया सोनभद्र




**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद।** कफ सीरप तस्करी के मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम ने शुक्रवार को ट्रांजिल रिमांड पर लेकर जनपद वापस लौट आई। सदर कोतवाली में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने आरोपी को मीडिया से रूबरू कराया। एसपी के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह अपने पूरे परिवार के साथ विदेश भागने की तैयारी में था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि जनपदीय पुलिस ने 18 अक्टूबर को चेकिंग के दौरान दो कंटेनरों से 1,19,675 शीशी प्रतिबंधित कफ सीरप बरामद किया था। इसके अलावा 1 नवंबर को झारखंड के रांची में 134 पेटी में 13400 व 4 नवंबर की रात जनपदीय पुलिस ने गाजियाबाद पुलिस के साथ चार ट्रकों से 3.40 करोड़ रुपए की प्रतिबंधित कफ सीरप व 20 लाख फंडिंग की नकदी बरामद किया था। इस गोरखधंधे की जांच के बाद स्पष्ट हुआ कि भोला प्रसाद जायसवाल द्वारा मेसर्स शैली ट्रेडर्स रांची (झारखंड) के माध्यम से बड़े पैमाने पर कफ सीरप की नकली बिलिंग कर विभिन्न जनपदों में अवैध वितरण किया जा रहा था। एसआईटी जांच में जनपद भदोही, चंदौली, वाराणसी व सोनभद्र में लगभग 25 करोड़ के फर्जी लेन-देन का खुलासा हुआ, जिनमें से अधिकांश फर्में धरातल पर अस्तित्वहीन पाई गईं। बाद पुलिस टीम ने संलिप्त खातों को फ्रीज कराया गया। एसपी ने बताया कि बीते 29 नवंबर को ड्रग इंस्पेक्टर राजेश मौर्य ने सदर कोतवाली में तहरीर सौंपकर मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पुलिस अधीक्षक ने इस गोरखधंधे में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित किया था। पुलिस टीम ने अथक प्रयास के बाद कफ सीरप तस्करी के मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल को धर दबोचा। एसपी ने बताया कि जनपद चंदौली के साथ ही जौनपुर, गाजीपुर व वाराणसी पुलिस भी गिरफ्तार आरोपी भोला प्रसाद जायसवाल को खोज रही थी।

### नकली बिलिंग व फर्जी लेन-देन का सारा काम करता था आरोपी का पुत्र

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भोला प्रसाद जायसवाल ने पूछताछ में बताया है कि फर्म उनके नाम से पंजीकृत है, परंतु इसका संचालन उनका पुत्र शुभम जायसवाल करता था। नकली बिलिंग तथा फर्जी लेन-देन संबंधी समस्त गतिविधियां भी शुभम जायसवाल द्वारा ही की जाती थीं। बताया कि व्यापार का पूरा संचालन झारखंड में स्थित गोदाम से किया जा रहा था। व्यापार का वित्तिय लेन देन का कार्य चार्टर्ड अकाउंटेंट विष्णु अग्रवाल द्वारा किया जाता था। एसपी ने बताया कि इस संबंध में भी सोनभद्र एसआईटी टीम द्वारा विष्णु अग्रवाल से अलग से पुछताछ की जाएगी। अभियुक्त के द्वारा बताए गए तथ्यों की जांच के लिए एसआईटी टीम द्वारा उसे कस्टडी रिमांड पर लिया जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओजी प्रभारी राजेश जी चौबे, एसआईटी टीम के सदानंद राय, प्रणय श्री प्रषून श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल प्रकाश सिंह व सत्यम पांडेय शामिल रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर प्रेरणा और समावेशन का संदेश



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल में 3 दिसम्बर 2025 को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस प्रेरणादायक और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। प्रशासनिक भवन सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विन्ध्याचल) उपस्थित रहे। साथ ही ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा) एवं देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ। इसके उपरांत एक हृदयस्पर्शी वीडियो प्रदर्शित किया गया, जिसमें विशेष रूप से सक्षम कर्मचारियों ने एनटीपीसी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। स्वागत संबोधन में मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने कहा कि व्यक्ति की प्रगति का निर्धारण उसकी मेहनत और दृष्टिकोण करते हैं और प्रत्येक व्यक्ति में अपार एवं समान क्षमता निहित है। ब्रहमाकुमारी संस्था की अपर्णा सिंह एवं उनकी टीम द्वारा आयोजन में मेडिटेशन, इंटरैक्टिव वीडियो, डांस मूवमेंट तथा विशेष रूप से तैयार साँप-सीढ़ी खेल जैसी सहभागिता बढ़ाने वाली गतिविधियाँ आयोजित की गईं। अपने संबोधन में ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने मानव संसाधन विभाग एवं ब्रहमाकुमारी टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा कि मानव क्षमता को पहचानना एवं दूसरों के जीवन में सकारात्मक योगदान देना वास्तविक संतुष्टि देता है। मुख्य संबोधन में संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विन्ध्याचल) ने इस वर्ष की वैश्विक थीम – सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए दिव्यांगता-समावेशी समाज का निर्माण÷ पर विचार व्यक्त करते हुए एनटीपीसी की समावेशी, न्यायसंगत एवं संवेदनशील कार्यसंस्कृति की प्रतिबद्धता दोहराई।

# दिव्यांगजन की शक्ति नये भारत की ताकत : सीएम

- सीएम योगी ने विश्व दिव्यांग दिवस पर सम्मानित किए 30 प्रतिभागी, 500 लाभार्थियों को उपकरण वितरित
- दिव्यांगजन किसी से कम नहीं, सरकार हर कदम पर साथ: मुख्यमंत्री योगी

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं। उनकी हिम्मत, प्रतिभा और सफलता नए भारत की शक्ति है। उनके साथ सरकार और समाज मजबूती से खड़े हैं। हमें संवेदनशील व सहायक बनते हुए दिव्यांगजन के लिए बैरियर-फ्री इण्डिया बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन ईमानदारी से करना होगा। मुख्यमंत्री यहां विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 व्यक्तियों/संस्थाओं/नियोक्ताओं एवं सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग कार्मिकों को राज्यस्तरीय पुरस्कार प्रदान करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 500 दिव्यांगजन को ट्राई-साइकिल, सहायक उपकरण, दिव्यांग बच्चों को पाठ्य सामग्री तथा विशेष विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं प्रमाण-पत्र वितरित किये। मुख्यमंत्री ने अन्य पिछड़ा वर्ग के कक्षा 09 से 12 तक के 5,33,285 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र के क्रम में कुछ छात्र-छात्राओं को स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किये। उन्होंने कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र, शादी अनुदान योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र वितरित किए। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री ने दिव्यकला प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदान किया गया दिव्यांग शब्द सम्मान की नई भाषा तथा नए भारत की सोच प्रदर्शित करता है। दिव्यांगजन को स्वावलम्बन के पथ पर अग्रसर करने की दिशा में उठाया गया कदम नए भारत की सामर्थ्य प्रदर्शित करता है। नये भारत में सरकार प्रत्येक व्यक्ति के स्वावलम्बन व सम्मान के लिए दृढ़संकल्पित है। आज इस दिशा में नया प्रयास प्रारम्भ किया गया है। सरकारी भवनों, परिवहन और सार्वजनिक स्थलों को बैरियर-फ्री बनाया जा रहा है। प्रत्येक स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को सुलभ बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। भारत की ऋषि परम्परा ने हमें सदैव प्रेरणा दी है कि व्यक्ति की शारीरिक बनावट उसकी क्षमता का निर्धारण नहीं करती है। पूरी दुनिया ने इस संकल्प शक्ति व आत्मबल को वास्तविक तथा व्यावहारिक जीवन में दिव्यांगजन की सामर्थ्य से उद्घाटित होते हुए देखा है। प्रत्येक छोटा प्रयास एक नया बदलाव ला सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अष्टावक्र गीता के रचयिता ऋषि अष्टावक्र के बारे में धारणा है कि उन्होंने राजा जनक को आत्मज्ञान की प्रेरणा प्रदान की थी।

## हुसैनाबाद ट्रस्ट को लेकर डिप्टी सीएम से मिले

**लखनऊ।** शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट में हो रहे कथित भ्रष्टाचार, अव्यवस्था और अनुचित गतिविधियों को लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मौलाना ने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बीती 30 अक्टूबर को ट्रस्ट चेयरमैन को ट्रस्ट में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं को लेकर ज्ञापन दिया जा चुका है, बावजूद इसके एक महीने से अधिक समय बीतने के बाद अब तक कोई समुचित कार्रवाई नहीं हुई है। मौलाना ने उपमुख्यमंत्री से कहा कि आप शहर और हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट से भलीभांति परिचित हैं। इसलिए ट्रस्ट चेयरमैन जिलाधिकारी से इस संबंध में तुरंत कार्रवाई को निर्देशित करें। उपमुख्यमंत्री ने मौलाना की बात को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी को फोन के माध्यम से ज्ञापन पर कार्रवाई को कहा।



# प्रदेश सरकार बहुत जल्द ही बुनकर हितैषी घोषणा करेगी : दानिश आज़ाद

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि प्रदेश सरकार बहुत जल्द ही बुनकर हितैषी घोषणा करेगी। मोमिन अंसार सभा ने बुनकरों के लिए फ्लैट रेट की बिजली की मांग की थी। उन्होंने कहा कि हमें रोजगार, शिक्षा, सामाजिक उत्थान के काम करने वालों का समर्थन करना चाहिए। किसी को हराने के लिए वोट करना राजनैतिक गलती है। दानिश अंसारी बुधवार को मोमिन अंसार सभा की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। मौलवीगंज स्थित अल अंसार कॉम्प्लेक्स में आयोजित बैठक में बुनकरों और दस्तकारों की समस्याएं और समाधान विषय पर गोष्ठी का आयोजन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी की अध्यक्षता में किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व आईएएस



अनीस अंसारी ने कहा कि कौम को पसमांदगी दूर करने के लिए राजनीति में हिस्सेदारी लेना होगी। किसी भी राजनीतिक दल के मुस्लिम जो पसमांदा हित में काम करने का हौसला रखे उसे अपना सहयोग देना चाहिए। अनुच्छेद 341 के पैरा 3 पर लगी धार्मिक पाबंदी हटाने का प्रयास करते रहना चाहिए। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी ने पदाधिकारियों की एसआईआर वोटर लिस्ट के लिए मेहनत से काम करने की सराहना करते हुए आगामी पंचायत चुनाव में कैडर के लोगों से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में मुस्लिम वोटरों ने संदेश दिया कि अब वह किसी को हराने के बजाए खुद जीतना चाहते हैं। वोटों का बिखराव रोकने की जिम्मेदारी सेकुलर पार्टियों की है। तेजस्वी यादव का महागठबंधन मुस्लिम वोटों का बिखराव रोकने में नाकाम हुआ। उन्होंने वक्फ जायदाद को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने के लिए समय-सीमा बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि संगठन इस संबंध में राष्ट्रपति और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री को ज्ञापन भेजेगी। गोष्ठी में राष्ट्रीय महामंत्री इकराम अंसारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। गोष्ठी में नसीम अंसारी, रईस अहमद, मंसूर जमाल, हाफिज रफीक अहमद, अय्यूब अंसारी, अकबर असारी, शाकिर अली अंसारी, शब्बीर अंसारी, यासिर अंसारी, मोअज्जम अंसारी, सालिम अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

# वीआरसी से जाति के आधार पर कर्मचारी हटाये जा रहे : सपा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने वीआरसी से जाती के आधार पर यादवों और मुस्लिमों को हटाए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को इस संबंध में ज्ञापन भेजा है। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से बुधवार को पार्टी नेता केके श्रीवास्तव व राधेश्याम सिंह ने यह ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित



वीआरसी पर कई वर्षों से कार्यरत आपरेटरों को भाजपा नेताओं के दबाव में जाति के आधार पर बर्खास्त किया जा रहा है। फर्रुखाबाद में जिला निर्वाचन अधिकारी की संस्तुति पर टीनम यादव, सुनील यादव, असलम खान को हटाया गया है। इसे रोका जाए और बर्खास्त कर्मचारियों को बहाल कर एसआइआर में उनकी सेवाएं ली जाएं। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रयागराज, रायबरेली, गोंडा, जौनपुर, चित्रकूट में कई विधानसभा क्षेत्रों में वैध मतदाताओं के नामों को गलत तरीके से बीएलओ द्वारा श्रेणी तृतीय में सबमिट किया जा रहा है। इसकी जांच कर गणना प्रपत्रों को श्रेणी प्रथम या श्रेणी द्वितीय में जमा कराया जाए।

# पीएनबी ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर ब्रेल क्रेडिट कार्ड लांच किया

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने समावेशी एवं समतामूलक समाज के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अपने कारपोरेट कार्यालय नई दिल्ली में इस वर्ष की थीम सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दिव्यांगता-समावेशी समाजों को बढ़ावा के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया। कार्यक्रम में पीएनबी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अशोक चंद्र, मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय पैरा-बैडमिंटन




खिलाड़ी तथा पीएचडी स्कॉलर मुन्ना खालिद, मुख्य सतर्कता अधिकारी राघवेंद्र कुमार उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए, पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने दिव्यांगजनों द्वारा प्रदर्शित असाधारण क्षमता तथा दृढ़ संकल्प के बारे में उत्साहपूर्वक बात की। श्री मुन्ना खालिद, नेशनल मार्शल आर्ट्स चैंपियन अक्षय पटेल, और पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा जैसे व्यक्तियों की यात्राओं का उल्लेख करते हुए, उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अपनी क्षमताओं में विश्वास अत्यंत कठिन बाधाओं को भी दूर करने में सहायता कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि, यह दिन हमें इस बात का बोध कराता है कि हमारे पास जो कुछ भी है वह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने, योगदान देने और जीवन तथा समाज को और अधिक सुंदर बनाने के लिए पर्याप्त है।

## इमामबाड़ा उम्मुल बनीन में हुई मजलिस

**लखनऊ।** मादरे हजरत अब्बास (अ.स.) जनाबे उम्मुल बनीन (स.अ.) की शहादत की याद में बुधवार को इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में आज दूसरी को मजलिस को मौलाना सदफ जौनपुरी ने खिताब किया। मौलाना ने हज़रत उम्मूल बनीन (स.) की सीरत और किरदार के बारे में कहा की आप की सीरत दुनिया की तमाम औरतों के लिए बेनज़ीर हैं। जनाबे उम्मुल बनीन की ज़िंदगी हमें यह पैग़ाम देती है कि अपने मक़सद को पहचानें, हक़ के लिए क़ुर्बानी देने के लिए तैयार रहें और अपनी ज़िम्मेदारियों को ईमानदारी और इस्तेक़ामत के साथ निभाएं।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बच्चों की शानदार प्रस्तुति




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र स्मृति उपवन में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद एवं निवर्तमान नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर मुकेश शर्मा एवं अतिविशिष्ट अतिथि करणी सेवा प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह %दीपू% विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रोहित श्रीवास्तव,गंगाराम अंबेडकर राष्ट्रीय अध्यक्ष मिशन सुरक्षा परिषद एवं पूर्व ओ एस डी मुख्यमंत्री , रणवीर सिंह, अमित अवस्थी, सर्वेश सिंह आयोजक अरुण प्रताप सिंह,गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सांस्कृतिक संध्या में अगर तुम मिल जाओ.....अंकिता सिंह सूर्यवंशी प्रस्तुति दी। लोक नृत्य नमक इश्क का... शुभम गौतम कजरा रे .... राखी शुक्ला, खुशबू चौहान,पार्थ श्रीवास्तव,अंशुमान मौर्य ने प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। सनातन संस्कार मंच की अगली प्रस्तुति में लोकगीत भोजपुरी गीत अमवा महुआ के... आवा हो चंदा मामा रजनी तिवारी ने अपनी खनकती आवाज का जादू बिखेरा। इसी क्रम में अरोड़ा उपाध्याय की प्रस्तुति और आकाशवाणी से गिरिराज श्रीवास्तव गणेश वंदना की जोरदार प्रस्तुति देकर उत्साहित किया।

## मदनी के बयान से मुसलमानों को नुक्सानः अनीस मंसूरी

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने मौलाना महमूद मदनी के हालिया विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बयान से मुसलमानों को फायदा नहीं बल्कि उल्टा नुकसान हुआ है। जिहाद जैसे संवेदनशील शब्दों को बार-बार सार्वजनिक मंचों पर उछालना, मुसलमानों खास कर पसमांदा समाज की असली समस्याओं को धुंधला कर माहौल को गैरजरूरी तौर पर तनावपूर्ण बनाता है। श्री मंसूरी ने कहा कि मुसलमानों की वास्तविक चुनौतियां रोजगार, शिक्षा, पसमांदा मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक पिछड़ापन, सरकारी योजनाओं में बराबरी की हिस्सेदारी है। इन पर मौन और सिर्फ विवादित शब्दों पर शोर करना समुदाय के साथ नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि अगर मौलाना मदनी मुसलमानों को एकजुट करने और उनकी भलाई की बात करते हैं तो सबसे पहले उन्हें अपने सगे चचा मौलाना अरशद मदनी से दुश्मनी खत्म कर एक होना चाहिए। यह भी जिहाद है और सबसे जरूरी जिहाद। जब परिवार ही बंटा हो तो उम्मत को इकट्ठा करने की बात व्यावहारिक नहीं लगती। उन्होंने कहा कि पसमांदा समाज ऐसे किसी भी बयान का समर्थन नहीं करेगा, जिससे देश का सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो या मुसलमानों की सुरक्षा और भविष्य पर असर पड़े।

# गोशालाओं का नियमित निरीक्षण जरूरीः धर्मपाल

**अवधनामा ब्यूरो**

- गोशालाओं में सोलर लाइट, सीसीटीवी व हरा चारा अनिवाय : पशुधन मंत्री

**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से गोशालाओं का निरीक्षण करें। गोशालाओं में प्रकाश-सोलर लाइट की व्यवस्था जरूर की जाए। गोवंश के लिए हरे चारे, ठण्ड से बचाव, तिरपाल, दवाइयां, पेजयल आदि की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। हर गोशाला पर सीसीटीवी सक्रिय कराए जाएं और वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों पर ड्रोन के उपयोग की संभावनाओं पर विचार कर जरूरी कार्रवाई की जाए। वे बुधवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनपदीय नोडल अधिकारियों के निरीक्षण और निरीक्षण आख्या की समीक्षा कर रहे थे। बैठक के दौरान उन्हें प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कमियों की जानकारी होने पर उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जहां कमी मिली है वहां निराश्रित गोवंश की बेहतर देखभाल, रखरखाव और अन्य व्यवस्थाओं को जल्द दुरुस्त किया जाए। ठण्ड से किसी गोवंश की मृत्यु न हो। पशुचिकित्साधिकारी गौआश्रय स्थल जाकर गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य, चिकित्सा और औषधि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिन गौआश्रय स्थलों में अव्यवस्था या गौवंश की देखभाल संबंधी कोई शिकायत संज्ञान में आए वहां तत्काल सुधार किया जाए। प्रमुख सचिव पशुधन एवं दुग्ध विकास मुकेश मेश्राम ने कहा कि गोआश्रय स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं निर्देशानुसार की जाएगी।

# इमरान प्रतापगढ़ी की कोशिश से संजोली मस्जिद मामले में कोर्ट से राहत

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** हिमाचल प्रदेश की मशहूर संजोली मस्जिद मामले में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की मेहनत रंग लाई। आपको बताते चलें कि पिछले कई महीनों से हिमाचल प्रदेश स्थित संजोली मस्जिद को लेकर एक बड़ा विवाद दो समुदायों के बीच चल रहा था और दोनों ही समुदाय इस मामले को लेकर लंबी खींचतान कर रहे थे और भाजपा समर्थित कुछ लोग इसमें कूदकर प्रदेश का माहौल खराब करने लग गए थे इसी बीच संजोली मस्जिद कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से दिल्ली आकर मुलाकात की थी और अपनी तमाम दिक्कतों को बताया था और तब ही कांग्रेस राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी समस्त मस्जिद की कमेटी के



लोगो और जिम्मेदारों को लेकर कांग्रेस संगठन मंत्री के सी वेणुगोपाल से मिलने उनके घर पहुंचे थे और उनसे प्रदेश का माहौल खराब होने से रोकने के लिए हस्तक्षेप करने को कहा था। इमरान प्रतापगढ़ी की पहल पर ही कांग्रेस की सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को आदेश दिया था कि किसी भी कीमत पर प्रदेश का माहौल खराब नहीं होना चाहिए और मस्जिद की हिफाज़त हर कीमत पर करनी है और साथ ही कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने न्यायिक व्यवस्था पर भी भरोसा रखते हुए संजोली मस्जिद मामले को लेकर चंडीगढ़ उच्च न्यायालय का रुख किया था और आज संजोली मस्जिद से जुड़े लोगों को राहत देते हुए चंडीगढ़ उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्टे दे दिए है इससे पहले भी कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी देश के हर संजीदा मामले में अपनी आवाज उठाते रहे हैं चाहे हल्द्वानी की रिहायशी बनफुलपुरा बस्ती को बचाने की कोशिश को या देश की सांसद में नजीब के मामले में या छात्रों की फीस वृद्धि हो या जामिया ने छात्रों की पिटाई का मामला हो या महाराष्ट्र में अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों के लिए हज हाउस में दोबारा से फ्री कोचिंग शुरू करवाने की बात हो इमरान प्रतापगढ़ी हर मुद्दे पर अपनी तत्परता दिखाते हुए समाधान निकालने की कोशिश करते नज़र आते हैं।

# चिकित्सा एवं मानसिक स्वास्थ्य शिविर तथा जागरूकता रैली का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर इंडियन प्रोग्रेसिव यूथ फोरम ट्रस्ट, इंडियन मेंटल हेल्थ एंड रिसर्च सेंटर (IMHRC) तथा हौसला अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में महानगर, लखनऊ में एक निःशुल्क चिकित्सा एवं मानसिक स्वास्थ्य शिविर तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को महानगर थाने के उप-निरीक्षक अनुराग सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में डॉ. साजिद काज़मी, प्रो. कृष्ण दत्त (एचओडी, क्लिनिकल साइकोलॉजी, एरा यूनिवर्सिटी), डॉ. सुफ़िया काज़मी (जनरल फिज़िशियन), डॉ. मूसवी (जनरल फिज़िशियन), कर्नल जितेन्द्र (आर्मी सेंट्रल कमांड), चन्द्र प्रकाश (अमिटी यूनिवर्सिटी), आँचल अग्रवाल (अमिटी यूनिवर्सिटी), आरज़ू काज़मी, अबूतुराब, तबस्सुम, अलीशा ख़ान तथा खुर्शीद काज़मी सहित अमिटी यूनिवर्सिटी के उत्साही विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। जागरूकता रैली हौसला सेंटर से प्रारम्भ होकर माउंट कार्मेल स्कूल तथा गोल मार्केट चौराहा होते हुए पुनः हौसला सेंटर पहुँची। रैली का उद्देश्य दिव्यांगजन समावेश, प्रारंभिक हस्तक्षेप (Early Intervention) और समुदाय में जागरूकता को बढ़ावा देना था। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लगभग 150 लाभार्थियों ने चिकित्सा परीक्षण, जनरल मेडिसिन परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, स्पीच एवं लैंग्वेज परामर्श तथा स्पेशल एजुकेशन सेवाओं का लाभ उठाया।

बच्चों एवं किशोरों में मुख्य समस्याएँ शैक्षणिक तनाव, स्क्रीन का अत्यधिक उपयोग तथा दैनिक जीवन में समायोजन संबंधी कठिनाइयाँ देखी गईं। वहीं वयस्कों में कार्य-तनाव, नशे की लत, अवसाद और चिंता जैसी समस्याएँ प्रमुख रहीं। चिकित्सकों ने तनाव एवं चिंता के प्रभावी प्रबंधन हेतु दैनिक दिनचर्या में संरचना लाने, नींद स्वच्छता (Sleep Hygiene) अपनाने तथा रिलैक्सेशन तकनीकों का अभ्यास करने की सलाह दी। अमिटी यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों द्वारा न्यूरो-डेवलपमेंटल विकारों और दिव्यांगताओं पर आधारित एक शैक्षणिक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें विभिन्न विकारों, उनके कारणों, रोकथाम के उपायों तथा पुनर्वास पद्धतियों को दर्शाने वाले मॉडल और पोस्टर शामिल थे।


# कार्यालय जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी, जनपद- महराजगंज

संख्या- 1670/जि0आ0अ0/महराजगंज/ताड़ी विज्ञापन/2025-26/ दिनांक : 02 दिसम्बर, 2025

## विज्ञप्ति

**सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जनपद-महराजगंज में निम्नलिखित रिक्त हुई ताड़ी दुकानों का व्यवस्थापन किया जाना है :-**

1. सेमरा बसवार
2. रामपुर चौराहा
3. कोल्हुई बाजार
4. करहिया।

उपर्युक्त रिक्त ताड़ी दुकानों के स्थायी व्यवस्थापन हेतु संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम, 1910 (यथासंशोधित) तथा उत्तर प्रदेश (सरचार्ज शुल्क प्रणाली के अन्तर्गत अनुज्ञापन) नियमावली, 1968 (यथासंशोधित) के प्राविधानों के अन्तर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। स्थायी अनुज्ञापन हेतु पात्र व्यक्तियों द्वारा आवेदन पत्र नियमानुसार प्रारुप जी-28 पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रार्थना पत्र के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र (जिसमें छुआछूत का रोग न होने का उल्लेख हो), फोटो व पहचान पत्र (आधार कार्ड) तथा आवेदन पत्र का निर्धारित शुल्क रू. 25/- की धनराशि लेखाशीर्षक 0039-राज्य उत्पाद शुल्क, 102-देशी किण्वित लिकर, 02-ताड़ी सम्बन्धी अन्य प्राप्तियों में जमा करके प्रमाणस्वरुप ट्रेजरी चालान की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जिला आबकारी अधिकारी, महराजगंज कार्यालय में भरा हुआ आवेदन-पत्र दिनांक 01.12.2025 को 10:00 बजे से दिनांक- 07.12.2025 के सायं 17:00 बजे तक जमा किया जायेगा। ताड़ी दुकान हेतु पासी, भर, ताड़माली, बेलदार एवं उक्त व्यवसाय में लगे लोगों को वरीयता दी जायेगी। अधूरे भरे अथवा वांछित अभिलेखों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न न किये जाने की स्थिति में आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। विस्तृत जानकारी क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय, महराजगंज में सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

**(अतुल चन्द्र द्विवेदी)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**जनपद-महराजगंज।**

**(सन्तोष कुमार शर्मा)**
**जिलाधिकारी लाइसेंस प्राधिकारी**
**जनपद-महराजगंज।**